e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 127

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
11.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

धोखा उस फल का नाम होता है जो आसानी से किसी भी बाजार में मिल जाता है और बहुत खूबसूरत होता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम $30^{0}$
न्युनतम $18^{0}$

## झारखंड अभियोजन सेवा के लिए चयनित सहायक लोक अभियोजकों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# जरूरतमंदों को केस लड़ने के लिए कानूनी सुविधाएं दे रही है सरकार : हेमंत

### न्याय को सरल, सुलभ और कम खर्चीला करने के साथ लंबित वादों के निपटारे में आप की अहम भूमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आप सभी अब सरकार के अभिन्न अंग के रूप में न्यायिक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करने जा रहे हैं। न्याय कैसे सरल, सुलभ और कम खर्चीला हो? लंबित वादों का तेजी से कैसे निपटारा हो? गरीबों और आम जनों को कैसे न्याय मिले? इसमें आपकी अहम भूमिका होने जा रही है मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में सहायक अभियोजन सेवा के लिए चयनित 107 सहायक लोक अभियोजकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद अपने संबोधन में यह बातें कही। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त सहायक लोक अभियोजकों से कहा कि न्यायिक व्यवस्था में आप पर आम लोगों का भरोसा और विश्वास कैसे बना रहे । यह सब कुछ आपके कार्यों पर निर्भर करेगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपने दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहली बार सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति हुई है। ऐसे में न्यायालयों में वादों के त्वरित निष्पादन की दिशा में आपके सामने कई चुनौतियां होंगी। सबसे बड़ी चुनौती आपके लिए आमजन और विशेषकर गरीबों को न्याय दिलाना है । इसके अलावा जो बेगुनाह किसी न किसी वजह से जेलों में बंद हैं, उन्हें कैसे न्याय मिले, इस दिशा में आपकी अहम भूमिका सोने जा रही है।

#### प्रशिक्षण में स्थानीय भाषा की भी जानकारी दी जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का जो भौगोलिक परिवेश है, उसमें हर जिले में अलग-अलग भाषा- भाषी, रहन सहन और बोल चाल देखने को मिलता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में हिंदी से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली और समझी जाती हैं। ऐसे में आप जब तक स्थानीय भाषा और बोलचाल को नहीं समझेंगे, उनके साथ ना तो अच्छे से संवाद कर पाएंगे और ना ही न्याय दिला सकेंगे। आपका स्थानीय भाषा को जानना- समझना बेहद जरूरी है। इस संबंध में आपको प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा की भी जानकारी मिले, इस दिशा में पहल की जाएगी ।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव- सह -गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विधि विभाग के प्रधान सचिव -सह -विधि परामर्शी नलिन कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

#### लंबित वादों की वजह से जेलों में कैदियों की बढ़ी संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी इस बात से भलीभांति वाकिफ है कि यहां न्याय मिलने में कितना वक्त लगता है । वर्षो तक अदालतों में मामलों पर सुनवाई होती रहती है। इस वजह से लंबित केसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी वजह से जेलों में भी कैदियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह हमारे देश और हमारे राज्य के लिए बेहतर नहीं है। लोगों को जल्द से जल्द कैसे न्याय मिले इस दिशा में हम सभी को विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है।



#### कई गरीब और बेगुनाह आर्थिक अभाव में नहीं लड़ पा रहे मुकदमा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई गरीब और बेगुनाह लोग पैसे के अभाव में अदालतों का खर्च वह नहीं कर पाते हैं। जिस कारण वे जेलों में ही बंद रहने को मजबूर है। हमारी यही कोशिश हो रही है कि लंबे समय से छोटे-छोटे वादों में जो भी लोग जेलों में बंद हैं, उन्हें रिहा करने की दिशा में सभी कानूनी सुविधाएं सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाए । इस कड़ी में गरीब और जरूरतमंदों को सरकार के द्वारा वकील भी उपलब्ध कराया जा रहा है आप सभी लोगों को इस बात की जरूर जानकारी दें ताकि कोई भी व्यक्ति वकील के अभाव में न्याय मिलने से वंचित ना रहे।

**कानूनी जागरूकता को बल दें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का एक ऐसा वर्ग है, जिनमें अधिकांश को कानून की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में उनको न्याय दिलाना कितना कठिन होगा, इसे सहज समझा जा सकता है। आप सभी ऐसे लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करें और उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी दें, ताकि वे न्याय से वंचित ना हो पाएं।

## लातेहार के जंगल में मिला नर कंकाल, नक्सली हिंसा की आशंका

**लातेहार :** जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपखाड़ जंगल में पुलिस ने एक नर कंकाल बरामद किया है। नर कंकाल के पास से जो कपड़े बरामद हुए हैं, उससे मृतक की पहचान गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरा गांव निवासी गंगा उरांव के रूप में की जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक इस संबंध में कुछ भी बताना मुश्किल है। फिलहाल कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के कुछ ग्रामीणों ने जंगल में जमीन के नीचे कुछ कपड़ा दबा हुआ देखा। वहां से बदबू भी आ रही थी। इसकी खबर होने के बाद गंगा उरांव के परिजन वहां पहुंचे और कपड़ा देखकर बताया कि यह गंगा उरांव का ही कपड़ा है। परिजनों ने बताया कि गत 18 मार्च की रात हथियारबंद तीन उग्रवादी उनके घर आए थे और गंगा उरांव को अपने साथ अगवा कर ले गए थे। गंगा उरांव के अपहरण की प्राथमिकी परिजनों ने गारू थाना में दर्ज कराई थी। गंगा उरांव के परिजनों का कहना है कि उग्रवादियों ने गंगा उरांव की हत्या कर शव को मिट्टी में दबा दिया होगा। फिलहाल, पुलिस के अधिकारियों ने अभी इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थता जताई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक के शरीर का मांस पूरी तरह गल गया है। ऐसे में लातेहार सदर अस्पताल में इसका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इसलिए चिकित्सकों ने इसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### पच्चास हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का कहना है कि 50 हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। यह कार्य तय समय सीमा के पहले पूरा किया गया है। मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य के लिए जल संरक्षण के दृष्टिकोण से 24 अप्रैल, 2022 को मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ किया था। इस मिशन का उद्देश्य आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के हर जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण और विकास करना है। कुल मिलाकर, इस मिशन के अंतर्गत 15 अगस्त, 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे निर्धारित समय-सीमा के पूर्व प्राप्त कर लिया गया है। अब तक, 50071 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का कहना है कि मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत 50 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण/विकास के लक्ष्य को समय-सीमा के पूर्व हासिल करने में जनभागीदारी को पुनः रेखांकित करना आवश्यक है, जिसने इस मिशन को जनांदोलन में तब्दील कर दिया है। अब तक, 1784 स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के 684 परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के 448 परिजनों, पंचायतों के 18173 वरिष्ठ सदस्यों और 56 पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों ने मिशन में भागीदारी की है।

### जनप्रतिनिधियों को निराधार और तथ्यहीन आरोपों से बचना चाहिए : लोक सभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली :** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि जनप्रतिनिधियों को निराधार और तथ्यहीन आरोपों से बचना चाहिए। उन्हें जनता के भावना के अनुरूप काम करना चाहिए।बिरला ने आज संसद भवन परिसर में हिमाचल प्रदेश विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निष्ठापूर्वक प्रयास करने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों की जरूरतें पूरी हों । उन्होंने यह भी कहा कि लोगों ने अपने प्रतिनिधियों को बहुत सारी जिम्मेदारियां दी हैं और इसलिए उन्हें पूर्ण समर्पण भाव के साथ जन कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।बिरला ने कहा कि विधान सभा एक ऐसा महत्वपूर्ण मंच है जिसके माध्यम से समाज के सबसे कमजोर वर्गों की भावनाओं को मुखरित किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि जनप्रतिनिधि लोगों की समस्याओं का समाधान करें ।

### ड्रोन के माध्यम से पहली बार देश में रक्त की थैली की हुई डिलीवरी

**नई दिल्ली :** ड्रोन के जरिए पहली बार भारत में ब्लड बैग यानि रक्त की थैली की डिलीवरी की गई है। बुधवार को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने आईड्रोन पहल के तहत ड्रोन द्वारा रक्त बैग वितरण का परीक्षण सफलतापूर्वक किया। आईसीएमआर, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ग्रेटर नोएडा और जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोगात्मक प्रयासों से देश में पहली बार ऐतिहासिक सफल ट्रायल रन किया गया है। यह ड्रोन जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से करीब 35 किलोमीटर तक उड़ा और वापस सुरक्षित कैंपस में लाया गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि इस आई ड्रोन का उपयोग पहली बार आईसीएमआर द्वारा कोरोना महामारी के दौरान दूर दराज के क्षेत्रों में टीके वितरित करने के लिए किया गया था। अब इससे रक्त और रक्त से संबंधित उत्पादों का परिवहन कर रहे हैं, जिन्हें कम तापमान पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आई ड्रोन से परिवहन किए गए रक्त बैग न केवल तापमान को बनाए रख सकते हैं, बल्कि इन उत्पादों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब बच्चों को मिलेगी शुरुआती शिक्षा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को देश के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की शुरुआत की।

देश के करीब 14 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मद्देनजर अब 3 से 6 साल तक के बच्चों को अब पोषण के साथ-साथ पढ़ाई भी कराई जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग के लिए मंत्रालय ने 600 करोड़ रुपये का बजट रखा है। बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जानकारी सांझा करते हुए स्मृति ईरानी ने बताया कि साल 2022 में आंगनवाड़ी केन्द्रों में पढ़ाई कराने के संबंध में मंत्रालय ने ईसीसीई टास्क फोर्स बनाई।

लोगों से इस बारे में सुझाव लिए ताकि इस दिशा में आगे बढ़ा जा सके। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया गया है ताकि बच्चों को खेल- खेल में रोचक तरीके से पढ़ाया जा सकें। स्मृति ईरानी ने बताया कि इसके लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वदेशी खिलौनों और लोकगीतों को भी शामिल किया गया है। जल्दी ही सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आधुनिक ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए गए आउटडेटड उपकरणों, मोबाइल फोन को भी बदला जाएगा।

उन्होंने एक शोध का जिक्र करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों से निकल कर स्कूलों में गए बच्चों की समझ निजी प्री स्कूल से बेहतर पाया गया है। उल्लेखनीय है कि देश में करीब 13.90 लाख आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जिनमें करीब 7.5 करोड़ बच्चे जाते हैं। इन केन्द्रों पर पहले बच्चों के पोषण पर ध्यान दिया जाता था लेकिन अब इन बच्चों को शुरुआती शिक्षा देने की भी पहल की गई है।

## पीएम ने राजस्थान में 5500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश में कुछ लोग विकृत विचारधारा के शिकार होकर नकारात्मक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि नकारात्मकता से भरे लोगों में न दूरदृष्टि होती है न ही वो राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर कुछ सोच पाते हैं। प्रधानमंत्री बुधवार को राजस्थान के नाथद्वारा में 5500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं राजस्थान की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। उदयपुर और शामलाजी के बीच छह लेन के राजमार्ग से उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा को फायदा होगा। पूर्व की सरकारों पर स्थायी विकास की अनदेखी करने को लेकर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को प्राथमिकता नहीं दी गई इसका बहुत नुकसान देश ने उठाया है। उन्होंने कहा कि अगर पहले पर्याप्त मेडिकल कॉलेज बन जाते तो हमें डॉक्टरों की कमी का सामना नहीं करना पड़ता, हर घर को पानी मिलता तो हमें 3.5 लाख करोड़ रुपये का जल जीवन मिशन शुरू नहीं करना पड़ता।



> प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को प्राथमिकता नहीं दी गई इसका बहुत नुकसान देश ने उठाया है। उन्होंने कहा कि अगर पहले पर्याप्त मेडिकल कॉलेज बन जाते तो हमें डॉक्टरों की कमी का सामना नहीं करना पड़ता

आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग इतनी नकारात्मकता से भरे होते हैं कि उन्हें देश में कुछ भी अच्छा होता दिखाई नहीं देता। उन्हें केवल विवाद पैदा करना पसंद है। आपने कुछ लोगों को कि आटा पहले या डाटा पहले कहते सुना होगा, लेकिन इतिहास गवाह है कि स्थाई और तेज विकास के लिए मूल व्यवस्थाओं के साथ-साथ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना भी जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से विकास को गति मिलती है। राजस्थान को देश की संस्कृति का वाहक बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार राज्य के विकास से, देश के विकास के मंत्र पर विश्वास करती है। आज देश में हर तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व निवेश हो रहा है, अभूतपूर्व गति से काम चल रहा है। रेलवे, हाईवे या एयरपोर्ट हर क्षेत्र में भारत सरकार हजारों करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इस साल के बजट में भी भारत सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये निवेश करना तय किया है।

## कर्नाटक चुनाव : एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त

### जेडीएस होगी किंगमेकर की भूमिका में

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के साथ ही एग्जिट पोल के नतीजे आ गए.मतदान के बाद आए ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) मे कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभरने का अनुमान लगाया गया है. ऐसे में जेडीएस की भूमिका फिर अहम होने वाली है.एक्सिस माय इंडिया,इंडिया टुडे ने कांग्रेस को 122 से 140, भाजपा को 62 से 80, जेडीएस को 20 से 25 और अन्य को तीन सीटें मिलने का अनुमान जताया है. अपने एग्जिट पोल में कोस्टल कर्नाटक इलाके में भाजपा को बढ़त दी है. इस रीजन में भाजपा को 19 में से 16 सीटें, कांग्रेस को तीन सीटें मिलने की संभावना जताई गई है.एक्सिस माय इंडिया,इंडिया टुडे के सर्वे में मध्य कर्नाटक (सेंट्रल कर्नाटक) की 23 सीटों में से भाजपा को 10, कांग्रेस को 12, जेडीएस को एक और अन्य को शून्य सीट दिखाई गई है. जी न्यूज और मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस को 41 प्रतिशत मतों के साथ 103 से 118 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है. इसके मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी को 36 प्रतिशत मतों के साथ 79 से 94 सीटें मिलने का अनुमान है तथा जनता दल (सेक्युलर) को 17 प्रतिशत मतों के साथ 25 से 33 सीटें मिल सकती हैं.टीवी 9 और पोलस्ट्रेट की ओर से किए गए चुनाव बाद सर्वेक्षण में कहा गया है कि कांग्रेस को 99 से 109 सीटें मिल सकती हैं जबकि भाजपा को 88 से 98 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है. इस एग्जिट पोल में यह अनुमान भी लगाया गया है कि जद (एस) को 21 से 26 सीटें मिल सकती हैं. एबीपी न्यूज और सी वोटर के एग्जिट पोल में संभावना जताई गई है कि कांग्रेस को 100 से 112 सीटें मिल सकती हैं तथा भाजपा को 83 से 95 और जद (एस) को 21 से 29 सीटें हासिल हो सकती हैं. इसी तरह पी मार्क,रिपब्लिक के सर्वे में भाजपा को 85 से 100 सीटें, कांग्रेस को 94 से 108 सीटें, जेडीएस को 24 से 32 और अन्य को दो से छह सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है.

| | BJP | INC | JD(S) | OTH |
|---|---|---|---|---|
| ए.माय इंडिया/इंडिया टुडे | 62-80 | 122-140 | 20-25 | 0-3 |
| सी-वोटर/एबीपी | 83-95 | 100-112 | 21-29 | 2-6 |
| जन की बात | 94-117 | 91-106 | 14-24 | 0-2 |
| जी न्यूज/मैट्रिज | 79-94 | 103-118 | 25-33 | 2-5 |
| पी मार्क/ रिपब्लिक | 85-100 | 94-108 | 24-32 | 2-6 |
| पोलस्ट्रेट/टीवी 9 भारतवर्ष | 88-98 | 99-109 | 21-26 | 0-4 |
| पीएमएआरक्यू | 85-100 | 94-108 | 24-32 | 2-6 |

### कर्नाटक विधानसभा के लिए 66 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली :** कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए बने 58,545 मतदान केन्द्रों पर बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कहीं से किसी भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। शाम 6 बजे तक चले मतदान का प्रतिशत लगभग 65.87 रहा। लोकतंत्र के पर्व में प्रदेशभर के मतदाताओं ने उत्साह से भागीदारी की और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग ने 80 से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग वोटरों के लिए घर से ही वोटिंग की सुविधा दी थी। कर्नाटक में पहली बार 94 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों ने घर से वोट डाला। इसके अलावा, जालंधर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 50.27 प्रतिशत और मेघालय की सोहिओंग सीट पर टाले गए चुनाव से जुड़े मतदान में 91.39 फीसदी वोट पड़े।

## यूनेस्को ने विश्व भारती को घोषित किया धरोहर

**कोलकाता:** रवींद्र जयंती पर गुरुदेव द्वारा स्थापित विश्व भारती विश्वविद्यालय को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। विश्वभारती की प्रवक्ता महुआ बनर्जी ने बताया कि विश्व भारती को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन घोषित किया है। सितंबर में इसका सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने भी इस उपलब्धि की घोषणा की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर भारत के लिए अच्छी खबर है। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर के एडवाइजरी डिवीजन ने पश्चिम बंगाल में शांतिनिकेतन के विश्वविद्यालय को वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल करने की सिफारिश की है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये 28 करोड़ 97 लाख रुपये की अनुमानित लागत से कुल 157 योजनाओं का अनुमोदन किया गया। इसके अलावे नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 34 प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया साथ ही कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सभी पदाधिकारी इसका विशेष ख्याल रखें.उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इसके पूर्व उपायुक्त श्री दोड्डे ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि 27 योजनाओं में से 22 योजना को पूर्ण कर लिया गया है एवं 5 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल प्राप्त आवंटन के विरुद्ध 50 योजना को स्वीकृत किया गया है जिसमें 3 योजना पूर्ण है शेष 47 निविदा की प्रक्रिया व कार्य प्रगति पर है। बैठक में वैसी योजनाएं जो कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के प्रत्याशा में स्वीकृत की थी ऐसी 29 योजनाओं का आज समिति द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बारालोटा राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में जीवन सिंह करेंगे सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय पांकी रोड बारालोटा भवानी नगर में प्रस्तावित राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण में आर्थिक सहयोग करूंगा। मंदिर निर्माण हर हाल में होनी चाहिए ।इस में आने वाली बाधाओं को दूर करेंगे। उक्त बातें समाजसेवी जीवन प्रसाद सिंह ने कहा ।वह बुधवार को राधा कृष्ण मंदिर निर्माण परिसर बारालोटा में आयोजित एक स्वागत कार्यक्रम में बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि भगवान श्री राधा कृष्ण जी का मंदिर बन जाने से इस क्षेत्र में लोगों को भगवान का दर्शन व पूजा करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में सबको मिलकर सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने किया जबकि संचालन राधाकृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन मंदिर निर्माण समिति के सचिव परशुराम सोनी ने किया। मौके पर समिति के सभी लोगों ने शॉल ओढ़ाकर समाजसेवी जीवन प्रसाद सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंदिर निर्माण समिति के उपाध्यक्ष नागेंद्र भारती, सुरेंद्र झा ,रामप्रवेश सिंह, अवधेश सिंह, शिव शंकर कुमार, सोनू सिंह, राहुल गुप्ता, गोविंद कुमार, अमित यादव सहित मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## टीएसपीसीयू के उग्रवादी ने बस संचालक से रंगदारी में मांगा 10 लाख रुपए, नही देने पर बस जलाने की धमकी




**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करसो में बस संचालक से 10 लाख रुपए और हथियार मांगने के आरोप में 7 उग्रवादियों के खिलाफ चैनपुर थाना में दर्ज हुआ मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो निवासी शंकर साव ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर टीएसपीसीयू उग्रवादी संगठन के 7 उग्रवादियों समेत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि वादी ने बताया है कि उन्हें उग्रवादी संगठन के नाम पर 10 लाख की लेवी और अत्याधुनिक हथियार की मांग की जा रही है अन्यथा बस में आग लगाने की धमकी दी जा रही है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना में प्रदेशी यादव, कामख्या सिंह, कन्हाई यादव, पवन यादव, शिव यादव, बुधन सिंह, संतोष यादव उर्फ आकाश जी और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आईपीसी की धारा 385, 387, 34 और 17 सीएल एक्ट के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

## दहेज के लिए विवाहिता के साथ मारपीट, ससुरलवालो के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसरिया कला में दहेज में प्रताड़ित करने के आरोप में बसरिया निवासी एक महिला ने अपने ससुरलवालो पर चैनपुर थाने में दर्ज कराया मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाली वादनी ज्योति देवी ने लिखित आवेदन देकर अपने ससुरालवालो के 6 लोगो के खिलाफ चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में लिखित आवेदन देकर महिला ने बताया है कि उनके ससुराल के योगेंद्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, योगेमाल प्रसाद, सुशीला देवी, अंजू देवी और अंकित कुमार दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते है गाली गलौज करते है और प्रताड़ित करते है। इस संदर्भ में लिखित आवेदन देकर चैनपुर थाना में कांड संख्या 108 आईपीसी की धारा 341,323,498 की तहत मामला दर्ज करते हुए अनुशंधान प्रारंभ किया गया है।

## चेंबर ऑफ फार्मर किसानों की जिला स्तरीय कमिटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** जिला उद्यान कार्यालय के सभागार में जिला उद्यान पदाधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पलामू जिले में चेंबर ऑफ फार्मर किसानों का जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें कृष्णा बैठा हुसैनाबाद को अध्यक्ष रामसुंदर मेहता हैदरनगर को सचिव रंजन दुबे पाकी को कोषाध्यक्ष बनाया गया इसके अलावा 5 महिला और तीन पुरुष सदस्य बनाए गए हैं जिले से आए किसानों ने सर्वसम्मति से इनकी नामों की घोषणा की चेंबर ऑफ फार्मर का मुख्य उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुधार करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है किसानों को सीधे इसका लाभ दिया जाएगा यह पूरे झारखंड में कमेटी बनाई गई है जिस का संचालन जिला स्तर पर जिला उद्यान पदाधिकारी एवं राज्य स्तर पर निर्देशक उद्यान और सरकार सीधे संचालित करेगी इसमें जिले के हजारों किसान अभी तक जुड़ चुके हैं इसमें किसानों को जुड़ने के लिए सदस्यता शुल्क के नाम पर 50 और हिसा पूंजी 250 देनी होती है इसके गठन से किसानों में जागरूकता होगी और इसे सीधे किसानों का लाभ होगा अभी भी किसान इस से जुड़ सकते हैं प्रखंड स्तर पर कार्यरत प्रखंड उद्यान मित्र से संपर्क कर सदस्य बन सकते आज की बैठक में जिला उद्यान कार्यालय के सहायक मशरू अली कंप्यूटर संचालक सूरज कुमार आदेशपाल शमी अहमद कांति देवी मनोज सिंह रविंद्र साहू आनंद शुक्ला सुधांशु रंजन सिंह राशिद आलम मिथिलेश सिंह समरेंद्र मेहता अनंत सिंह कामेश्वर पासवान अशोक सिंह विश्वनाथ मेहता इत्यादि दर्जनों किसान मौजूद थे।

## पिता के अवैध संबंध में नाबालिग पुत्र की गयी जान

# हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या के आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रेहला पुलिस ने जेल भेज दिया है, थाना क्षेत्र के रक्साहा निवासी जिबराईल अंसारी के 15 वर्षीय पुत्र साजिद अंसारी के हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी रक्साहा निवासी कइल चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया, थाना प्रभारी नेमाधारी रज्जक ने बताया की मृतक साजिद अंसारी 5 मई से लापता था मृतक के पिता ने थाने मे अपहरण का आवेदन दिया था जिसके अनुसंधान के क्रम में 8 मई को खूटी सोत नदी में शमशान घाट के पास दो बड़े पत्थरों के बीच से अपहृत नाबालिग का शव बरामद किया गया था, अग्रिम अनुशंधान के क्रम में अभियुक्त उपेंद्र चौधरी को हिरासत में लेकर पूछ ताछ किया तो आरोपी ने अपना अपराध स्विकार कर लिया, आरोपी ने बताया की मेरे शाला के पत्नी से मृतक के पिता जिबराईल अंसारी का अवैध संबंध होने का चर्चा पूरे गाँव में था जिसकी सूचना विकाश चौधरी एंव उपेंद्र चौधरी को भी था, जिस कारण उपेंद्र चौधरी एंव उसके शाला द्वारा मृतक को बहला फुसला कर खूटी सोत नदी के तरफ लेजाकर हत्या कर शव को छुपा दिया, गिरफ्तार अभियुक्त उपेंद्र को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है, शेष संलिप्त अभियुक्त के खिलाफ छापेमारी जारी है।

## टेट पास सहायक अध्यापकों को समायोजन करें सरकार : मिथिलेश



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार अपने वादे के अनुसार टेट पास सहायक अध्यापकों को समायोजन करें वरना सहायक अध्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे और इसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी उक्त बातें टेट पास सहायक अध्यापक के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कही वे बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार हम सभी टेट पास सहायक अध्यापकों को समायोजन करने की बात कही थी जिससे वह मुकर रही है पिछले 20 वर्षो से सहायक अध्यापक प्राथमिक शिक्षा के जड़ को मजबूत कर रहे हैं फिर भी सरकार समायोजन करने के बदल ले गुपचुप तरीके से सहायक आचार्य की नियमावली लाई है जो किसी भी रूप में उचित नहीं है। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में वेतनमान और ग्रेड पे को घटा दिया गया है। आखिर शिक्षा विभाग में ऐसा क्या हो गया कि वेतनमान घटाने की नौबत आ गई है। सरकार इस नियमावली को वापस ले नहीं तो आर पार की लड़ाई होगी। सरकार विभिन्न विभागों में छठा , सातवां वेतनमान दे रही है और शिक्षा विभाग में ग्रेड पे और वेतनमान घटाया जा रहा है। जो कहीं से उचित प्रतीत नहीं है सरकार को इस पर मंथन करने की आवश्यकता है महंगाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और सरकार वेतनमान घटा रही हैं।

## विकास मद की राशि हो रहा है गबन विद्यालय अभी भी खंडहर बना हुआ है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के खैरादोहर पंचायत के अंतर्गत सिल्दाखुर्द ग्राम मे अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे विगत कई वर्षो से विकास मद की राशि गबन हो रहा है,आज भी धरातल पर विद्यालय की फर्श, शौचालय का स्थिति बहुत जर्जर बना हुआ और विधालय के रंग रोगन और बिजली ,पंखा का भी स्थिति बहुत जर्जर बना हुआ और विधालय के चारों ओर कूड़ा के अम्बार लगा हुआ है लेकिन कई बार शिकायत करने बाद अधिकारी जांच मे आते है और लीपापोती कर के चलें जाते है और विधालय के कार्यशैली मे कोई सुधार नहीं होता है प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार के द्वारा विकास फण्ड और मनमानी ढंग से विधालय के संचालित किया जाता है। बहुत शर्मनाक की बात यह है कि शौचालय के स्थिति बहुत जर्जर है और शौच के लिए छात्र छात्राओं बाहर जाते है ,जबकि विधालय कुल नामांकित बच्चें 355 है लेकिन विद्यालय के सुचारु रूप से संचालित नहीं होने के कारण 160 बच्चों विद्यालय मे उपस्थित रहते है जबकि बच्चों के मेनू के अनुसार मध्यान भोजन भी नहीं दिया जाता है।

## हुसैनाबाद के विधायक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को लिखा पत्र

➲ हुसैनाबाद विस क्षेत्र के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर हुसैनाबाद हरिहरगंज हैदरनगर के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा की है। विधायक श्री सिंह ने जिन विद्यालयों को उत्कृष्ट के लिए अनुसंशा की है, उसमे बक्शी उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर व राजकीयकृत प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद शामिल है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि इसके बाद भी अन्य विद्यालयों को उत्कृष्ठ विद्यालय का दर्जा देने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों के प्रमुख उच्च विद्यालयों को भी उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर उनका खास ध्यान है। एक एक कर विद्यालयों की समस्या का निदान किया जा रहा है।

## बंगला पुस्तकालय में रविंद्र जयंती मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना के सामने स्थित बंगला पुस्तकालय में मंगलवार की देर शाम रविंद्र जयंती मनाया गया. इस अवसर पर बंगाली समिति, बंगीय दुर्गा बाड़ी , सेसा, नृत्यांगन तथा मासूम आर्ट ग्रुप के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. मौके पर बंगीय दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने कहा की विश्वकवि कहे जाने वाले रविंद्र नाथ टैगोर भारत के अभिमान है, हमे उनपर नाज है. हर वर्ष समिति के द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, पर इस वर्ष आज ही समाज की अग्रणी महिला सह पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशिका अनुराधा मोइत्रा का निधन हो गया है, इसलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है. कवि नजरूल इस्लाम जयंती के मौके पर एकसाथ रविंद्र नजरूल जयंती मनाया जायेगा. इस अवसर पर बंगाली समिति के सह सचिव व रंगकर्मी गौतम घोष ने रंगमंच में रविंद्र नाथ टैगोर के योगदान पर प्रकाश डाला. सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने भारतीय साहित्य में रविंद्रनाथ टैगोर के अमिट छाप पर चर्चा किया. नृत्यांगन संस्था की नृत्य निर्देशिका तमन्ना मल्लिक ने रविंद्र नाथ टैगोर के नृत्य नाटिका के स्वरूप व उनके नृत्य के प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. मासूम आर्ट ग्रुप के ओर से उपाध्यक्ष अमर कुमार भांजा व सदस्य आकर्ष प्रताप ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## हुसैनाबाद मदरसा खैरुल परिसर में हुई बैठक



**हुसैनाबाद (पलाम) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत मदरसा खैरुल इस्लाम हुसैनाबाद कमेटी के ओहदेद्रान की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कमेटी के सदर जनाब मसरूर अहमद साहब ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें कमेटी का विस्तार एवं दिनांक 15-5-2023 बरोज सोमवार को मदरसा खैरुल इस्लाम हुसैनाबाद में आवामी बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया जिसमें मदरसा को सुचारू रूप से चलाने के लिए विचार एवं विमर्श किया गया एवं पुरानी कमेटी से हिसाब व किताब लिया जाएगा बैठक में शामिल पदाधिकारी अनीश खान, मोहिद्दीन अंसारी, शमशे आलम, मोहम्मद अली उर्फ डबली इत्यादि लोग शामिल थे मनोनीत सरपरस्त नायब सेक्रेटरी नायब सदर पदाधिकारी इस प्रकार हैं सरपरस्त के नाम एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, गयासुद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल मजीद कादरी, मसीर खान, जफर इमाम, मोहम्मद अली, अंसारी यासीन अंसारी, शेख मतीन अहमद, मोहम्मद जफरुद्दीन, कयामुद्दीन अंसारी, कलीम खान, फ़ैज़ अहमद कादरी, नायब सदर खुस्तर अहमद, समीम कुरेशी, रफी अहमद खान, मोइन खान, नायब सचिव शेख अलमुद्दीन, गुलाम रसूल कुरैशी, नसरुद्दीन राईन, अफजाल खान, को नाम शामिल मिल किया गया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उत्कृष्ट विधालय के अंतर्गत सीबीएसई बोर्ड इंग्लिश मीडियम हेतु नामांकन में कक्षा 6 के बच्चियों का नामांकन प्रक्रिया शुरू किया गया है। यह नामांकन सत्र 2023-24 के बच्चियों के लिए हो रहा है। नामांकन सीट सभी कैटेगरी के लिए 25 सीट हैं यह जानकारी वार्डन रानी झा ने दी है। उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म विद्यालय के कार्यलय में जमा हो रहा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे अभिभावक जो अपनी बच्ची का नामांकन कराना चाहते है वे नामांकन फार्म विद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते है। जिसमे प्रखंड से पलायन कर रही परिवार की बालिकाएं, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बालिकाएं, ट्रैफिकिंग से प्राप्त बालिकाएं, आदिम जनजाति समूह की बालिकाएं, अनाथ बालिकाएं, एकल अभिभावक वाली बालिकाएं, माता पिता दिव्यांग है वैसी बालिकाएं शामिल है। इन बालिकाओं का चयन एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 मई तक निर्धारित है। बताया कि नामांकन लेने वाले छात्राओं को सभी तरह की सुविधाएं निःशुल्क विद्यालय की ओर से दी जाती है जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, सीसीटीवी, वाईफाई, लाइब्रेरी, लैब, हॉस्टल ,भोजन, पुस्तक, कॉपी, कलम, ड्रेस, सोडा साबुन सहित कई सुविधाएं बिल्कुल निःशुल्क होती है। आवेदन पत्र के साथ आवेदिका का आधार कार्ड, बीपीएल, जाती प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक तथा 2 पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो देना होगा।

# कैलान में हुई हत्याकांड का खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना पुलिस ने बीते माह कैलान जंगल में लेबर सप्लायर की हुई वीभत्स हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां सुगवादामर निवासी 22 वर्षीय उमित रजवार पिता सुकन रजवार, 24 वर्षीय राजू रजवार पिता रामलाल, 25 वर्षीय प्रदीप पाल पिता सीताराम पाल एवं चौबे मझिगांवा निवासी 32 वर्षीय रविन्द्र रजवार पिता बीरबल रजवार का नाम शामिल है। सभी आरोपियों ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। बता दें कि बीते 8 अप्रैल की शाम मगरदह टोला के बहेरवाखाड़ी जंगल में क्षत विक्षत अवस्था मे मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे निवासी बीरेंद्र प्रसाद पिता गोरख साह की दुर्गंधित लाश मिली थी।जिसे भवनाथपुर थाना पुलिस 9 अप्रैल को लाश को बरामद किया था। भवनाथपुर थाना परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया कि मृतक के भाई जितेन्द्र प्रसाद पिता गोरख साह द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर भवनाथपुर थाना में प्रथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा के निर्देशानुसार अनुंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व में काण्ड के उद्भभेदन हेतू एक टीम गठित की गई। टीम के द्वारा विभिन्न जगहों पर छापामारी करते हुए प्रदीप पाल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिससे घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में संलिप्तअन्य 4 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिन्होने घटना में अपनी-अपनी संलिप्तता को अपराध स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकारा है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, मृतक के मोबाईल से संबंधित कभर तथा टैम्पर गलास बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि मृतक लेबर ठेकेदारी का काम करते थे और अभियुक्तों को बाहर काम कराने हेतू बाहर भेजते थे। मृतक बिरेन्द्र प्रसाद अभियुक्तों को कम मजदूरी भुगतान करते थे और दूसरे ठेकेदार के पास काम करने जाने की बात करने पर अभियुक्तों को गाली गलौज, धमकी एवं मारपीट किया करते थे। इस कारण से क्षुब्ध सभी अभियुक्तों ने बीरेंद्र के साथ विभिन्न गांवों में लेबर भी खोजा एवं इसी क्रम में सबो ने मिलकर बिरेन्द्र प्रसाद की हत्या कर शव को छुपाने के उद्देश्य से भवनाथपुर कैलान जंगल में फेक दिया।

## आईएफडी ऑनलाइन शॉपिंग प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी में पहलवान चौक के समीप बुधवार को आइएफडी ऑनलाइन शॉपिंग प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का शुभारंभ वार्ड सदस्या सुनीता देवी, भाजयुमो उंटारी रोड अध्यक्ष सह पूर्व उपप्रमुख पारसनाथ चौधरी, वीआईपी के उंटारी रोड अध्यक्ष सुकेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता व केक काटकर किया। प्रतिष्ठान के सीनियर मैनेजर विकाश कुमार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग कर सकता है। इसके लिए मोबाइल में सर्वप्रथम आईएफडी ऑनलाइन शॉपिंग( इंडिया फास्ट डेलीवरी ) एप्प को प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। डाउनलोड होने के बाद उसे अपने मोबाइल नंबर से लोग इन करना होगा, लॉगिन होने के बाद ग्राहक किसी भी समान को घर बैठे ऑनलाइन कर सकता है। उन्होनें बताया कि ग्राहक को किसी भी समान को ऑर्डर करने पर उसे तीन घंटे के अंदर उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रतिष्ठान के उपप्रबंधक विकाश कुमार चौधरी, सीएसपी संचालक संतोष गुप्ता, हरिओम वस्त्रालय के प्रो राजकुमार चौधरी, शशिकांत कुमार, नीतीश कुमार, अक्षय कुमार , सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आशा लकड़ा के पिताजी हरिचरण भगत के निधन पर जताया शोक

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री सह निवर्तमान रांची नगर निगम की महापौर डॉ आशा लकड़ा के पूज्य पिताजी हरिचरण भगत का (95वर्ष से अधिक) बुधवार को तड़के दोपहर 12:30 रिम्स में इलाज के दौरान हृदयाघात से मृत्यु हो गई।इस दुखद घटना के बाद दिवंगत की पार्थिव शरीर पैतृक गांव गुमला के चुरगू ले जाया गया, वहीं अंतिम संस्कार की जायेगी। इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर भाजपा के कई नेता, विधायक, सांसदों ने शोक व्यक्त किया। मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, निर्वतमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ,भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता सहित भाजपा महिला भी शामिल हैं।

### सेल ने 217 बच्चों को किताब कॉपी और लेखन सामग्री दिया

**रांची।** सेल आर एंड डी सेंटर फॉर आयरन स्टील के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत महात्मा गांधी स्मारक मिडिल एंड हाई स्कूल हटिया में 217 बच्चों को किताब कॉपी और लेखन सामग्री मुख्य अतिथि एस जे जाचुक (सीजीएम पी एंड ए आरडीसीआइएस और आइ/सी एसयूआर द्वारा प्रदान की गयी, साथ ही एस जे जाचुक ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर सेल आर डी सि आई एस के तरफ से शैलेश भारती जीएम पी एंड ए, एस के साहा एजीएम, राहुल श्रीवास्तव सि. मैनेजर पी एंड ए, मानिक लाल लोहार अध्यक्ष आर डी सी यूनियन तथा लक्ष्मण कुमार उपाध्यक्ष आर डी सी यूनियन मौजूद थे। महात्मा गांधी स्मारक स्कूल के तरफ से चन्द्रमा प्रसाद सहित सभी शिक्षकों ने सेल आर एंड डी का बहुत बहुत धन्यवाद किया और आगे भी इसी तरह से कार्य और सहायता की इच्छा जताई।

# एसिड पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा था नहीं : हाई कोर्ट




**हाई कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने का दिया निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़ित का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। इसे शपथ पत्र दाखिल कर बताएं।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़ित के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मार्च माह में ही इचाक थाना ज्वाइन किया है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अप-टू-डेट जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई में कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में 13 साल की एक बच्ची को उसके परिचित ने जबरदस्ती एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में एम्स पटना और रिम्स रांची में उसका इलाज हुआ था। वह दो महीने तक कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# झारखंड जूनियर थ्रोबॉल टीम ऊना रवाना, 33वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में लेगी भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में आगामी 12 से 14 मई 2023 तक आयोजित होने जा रही 33वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु झारखंड की जूनियर थ्रोबॉल बालक एवम बालिका टीम रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। रवानगी से पूर्व झारखंड प्रकृति के संरक्षण एवम संवर्धन के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रहे परिवर्तन संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी जी ने खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए परिवर्तन संस्था के अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे है उनका झारखंड टीम में चयन ही उनकी पहली सफलता है और यह खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है। मैं सभी खिलाड़ियों को अगले स्तर की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं और आशान्वित हूं की सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपनी क्षमताओं का निरंतर विकास करते रहेंगे। जब खिलाड़ी अपनी क्षमताओं में निरंतर विकास करते रहेंगे तो स्वतः खेल के परिणाम अनुकूल होंगे।

झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव नगीना कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान खेल के प्रतिस्पर्धाओं में मानसिक टच का योगदान बढ़ गया है। अब खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा की आज सभी अभिभावक एवम खेल संघ के लोग यहां खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए उपस्थित है, यह अवश्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा और उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

33वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम निम्न है:

बालक टीम- राहुल थापा, सिकंदर कुमार, मो. रेहान आलम, अभय कुमार सिंह, बादशाह, मो. जाहिद अंसारी, अंशुमान राज, रूपचंद बास्के, संजीत हेंब्रम, राज लोहरा, शाहिल लोहरा (कप्तान), आदित्या कुमार वर्मा, राज कच्छप, इंद्रजीत महतो, अहसान अंसारी, आकाश महतो, गौतम सिंह (प्रशिक्षक), नीरज वर्मा (प्रबंधक)।

बालिका टीम- नीलम महतो, पूजा महतो, सालगे मार्डी, सीता रानी बास्के, पल्लवी सिंह, बिहुला हांसदा, निशा कुमारी, अंजना कुमारी, संतोषी कुमारी, वर्षा कुमारी (कप्तान), कंचन कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कौशल्या कुमारी, राहिल नाग, श्रेया सिंह, सुकांता कुंडू (प्रशिक्षक), सुनीता महतो (प्रबंधक)

टीम को झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, नगीना कुमार, जमील अंसारी, नीरज वर्मा, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, सुनील चक्रवर्ती, राजेश सिंह, क्वीन ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिले बिहार के सीएम नीतीश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर झारखंड सरकार में मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश कुमार ठाकुर, बिहार सरकार में मंत्री संजय झा और राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी मौजूद रहे।

# ईडी ने सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक सहित 13 लोगों को भेजा समन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन के मालिक जयंत कर्नाड सहित 13 लोगों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार देर रात समन भेज कर पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। जिन्हें समन जारी किया गया है, उनमें सीए नरेश केजरीवाल की पत्नी माया केजरीवाल, जयंत कर्नाड को 10 मई, प्रमोद प्रसाद 11 मई, प्रेरणा सोनी 11 मई, हरिशंकर परशुरामपुरिया 11 मई, सचिदानंद प्रसाद 12 मई, शांति साव 12 मई, राजकिशोर साहू 13 मई, दीपशिखा धानुका 13 मई, सपना भारती 13 मई, सुधांशु कुमार 13 मई, संजय कुमार 15 मई और जानकी देवी 15 मई शामिल हैं।




ईडी जांच में पाया गया है कि कर्नाड परिवार ने सेना के कब्जे से जमीन वापस लेने और किराया बढ़ाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। इससे जमीन का किराया तो बढ़ा, लेकिन कोर्ट से सेना को संबंधित जमीन से हटाने में कामयाबी नहीं मिली। इस बीच जयंत कर्नाड ने सेना के कब्जे वाली जमीन 13 लोगों को बेच दी। खरीदारों ने म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया, लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं होने के आधार पर बड़गाई अंचल ने म्यूटेशन आवेदन को खारिज कर दिया। इसके बाद प्रदीप बागची ने फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन का मालिक कर जमीन जगत बंधु टी स्टेट को बेच दी।

# मैथिली कहानियों की अनुदित पुस्तक कथावाचक का विद्यापति दलान पर लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मैथिली की सुपरिचित कथा लेखिका सुस्मिता पाठक का बुधवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर पुस्तक कथावाचक का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं लहरि पत्रिका के संपादक नरेंद्र ने कहा कि सुस्मिता पाठक की कहानियों में मैथिल स्त्रियों के दारुण जीवन और सामाजिक विडंबना का आख्यान प्रमुखता से रेखांकित हुआ है। उन्होंने अपनी कहानियों में मिथिला की स्त्रियों के दुख-दैन्य का जितनी संवेदनशीलता से रेखांकन किया है, वह पाठकों को झकझोर कर रख देता है। सुप्रसिद्ध चिंतक, साहित्यकार और रांची दूरदर्शन के पूर्व केंद्र निदेशक प्रमोद झा ने कहा कि सुस्मिता जिस संवेदना के साथ पीड़ित स्त्रियों की वेदना को अपनी कथावस्तु बनाती हैं, उनकी घनीभूत पीड़ा को जिस संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त करती हैं, उससे पाठक सहज ही कथा प्रवाह में बहने लगता है। कथाकार और रांची स्थित राज्य पुस्तकालय के पूर्व अधिकारी अमरनाथ झा ने कहा कि उनके इस संग्रह की कई कहानियां याद रखने लायक हैं। कवि, कथाकार एवं संपादक केदार कानन ने कहा कि सुस्मिता की कहानियों के किरदारों, खासकर स्त्री पात्रों का दुख जितना वर्तमान का दुख है, उतना ही परंपरा के रूप में अतीत का दुख है लेकिन सुखद है कि उनके पात्रों का दृष्टिकोण भविष्य की ओर है। उनके स्त्री पात्र पुरुषों के सामाजिक वर्चस्व को प्रश्नांकित करते हैं, और जर्जर परंपरा के बोझ को उतार फेंकना चाहते हैं।

# रांची में महिला मुखिया के पति की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिल्ली थाना पुलिस ने मुखिया सावन देवी के पति श्रवण कुमार मुंडा की हुई हत्या का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम रविन्द्र सिंह मुंडा बताया गया है। इसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में बुधवार को बताया कि पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गोड़ाडीह पंचायत की मुखिया के पति की हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि बीते नौ मई को श्रवण कुमार मुण्डा पास के तालाब में शौच करने गये थे और उनकी पत्नी घर आंगन में काम कर रही थी। इसी दौरान गांव का रविन्द्र मुण्डा आया तथा महिला का हाथ पकड़ कर बोला कि तुम हमसे बात क्यों नहीं करती हो। साथ ही अपने पास से चाकू निकालकर महिला पर हमला कर दिया। महिला जख्मी होने के बाद जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो रविन्द्र मुण्डा घर से निकलकर भाग गया। वह सीधे श्रवण कुमार के पास पहुंचा और उन्हें भी चाकू से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी श्रवण कुमार मुंडा का कुछ ही देर में मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया।



# अपहृत छात्रा दिल्ली से बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना पुलिस ने 40 दिनों बाद अपहृत छात्रा को दिल्ली से सकुशल बरामद किया है। मामले में आरोपित वाहिद को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक छात्रा को लेकर रांची से दिल्ली भाग गया था। बीते 31 मार्च को छात्रा के परिजनों ने डोरंडा थाना में वाहिद नाम के युवक के खिलाफ छात्रा का धर्मपरिवर्तन कर शादी की नियत से बहला फुसला कर अपहरण करने का मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस छात्रा की बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार छात्रा रांची के एक प्राइवेट संस्थान में ट्यूशन पढ़ती थी। इसी दौरान हिंदपीढ़ी का रहने वाले वाहिद अक्सर अपने साथियों के साथ उसके साथ छेड़खानी और बहलाने फुसलाने का काम करता था। इसकी जानकारी जब छात्रा के पिता को मिली तो उन्होंने बेटी को समझाया। उनकी बेटी हमेशा वाहिद से डरी सहमी रहती थी। 28 मार्च को वाहिद ने छात्रा के पिता को फोन कर धमकी दी थी और कहा था कि उसकी बेटी को वह मार देगा। आरोपित युवक पहले भी एक आपराधिक मामले में जेल जा चुका है। पुलिस टीम आरोपित और छात्रा को दिल्ली से लेकर रांची के लिए निकल चुकी है।



# अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ, रेडियम रोड स्थित साहु नर्सिंग होम के सभागार में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु के अगुवाई में रांची में 24 सितंबर को होने वाली अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह ,आयोजक झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने अपनी तैयारी समिति की समीक्षा बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी , जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री उमेश साहु,राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह के मुख्य संयोजक सुनील साहु, मुख्य कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, प्रदेश कार्यसमीति सदस्य रमेश साहु, मिथिलेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, ने अभी तक की तैयारी को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रगति एवम कार्यक्रम में आने वाली खर्च पर समाज के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क स्थापित कर सहयोग प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद, वरीय संरक्षक बिनोद गुप्ता, कुमुद प्रसाद साहु,अरुण गुप्ता, रमेश प्रसाद साह, संरक्षक सतीश गुप्ता, सोमेश्वर प्रसाद, बसंत कुमार लाल, बद्री गुलशन, तापस कुमार लाल, आनन्द शंकर, ज्ञान शंकर, दुर्गेश साहु, सोमेश्वर प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, दिलीप नाथ साहु, विनोद प्रसाद साहु, सूरज कुमार साहू, नंदलाल प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रसाद,सरीखे अनेक समाजसेवियों से अनुरोध कर आर्थिक सहयोग के लिए अपने समाज के सक्रीय लोगों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का सकारात्मक झुकाव सोच को देखते हुए सभी सुविधाओ से युक्त कार्यक्रम स्थल का चयन करने के लिए कमिटी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि रांची में 1984 में आयोजित सम्मेलन के बाद रांची में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## जमीन घोटाला मामले में ईडी आज दिलीप कुमार घोष से करेगी पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाला मामले में लगातार जांच कर रही है। इसी क्रम में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल के नजदीकी दिलीप कुमार घोष से पूछताछ करेगी। जगतबंधु टी इस्टेट से जुड़े दिलीप घोष को ईडी ने समन कर दस मई को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया है। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन लेकर उनसे पूछताछ की जाएगी।

# नशा मुक्त अभियान को लेकर विभिन्न समुदायों के लोग हुए एकजुट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोअर बाजार थाना अंतर्गत नशा मुक्त अभियान चलाने को लेकर फिर से सभी समुदायों के गणमान्य लोग एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को कांटा टोली चौक के नजदीक कोकर रोड स्थित यूनिहाईट्स मार्केट के परिसर में करीब 200 समाजसेवी सामुहिक रूप से डेंड्राइड,वाइटनर, अफीम, चरस, गांजा, दारु, हड़िया के खिलाफ एक जुट हुए और कहा कि हम सब सड़क पर उतर कर नशा के कारोबारी, नशा करने वाले का सामाजिक बहिष्कार करेंगे। ऐसे नशा खोर लोग न सिर्फ अपने स्वास्थ बल्कि घर, परिवार,समाज, राज्य और देश के लिए भी खतरा बन रहें हैं। नशाखोरी करने वाले गैंग का पुर जोर विरोध किया जायेगा। इतना ही नहीं स्थानीय थाना की भी मदद ली जायेगी, ताकि पुलिस प्रशासन अपने स्तर से ऐसे नशा खोरों की गिरफ्तारी कर लंबे समय के लिए जेल भेजने का काम करें, जरूरत पड़े तो मुख्यमंत्री से भी मांग की जायेगी। इसके अलावा मां, पिता को भी अपने बच्चे पर ध्यान देने की जरूरत है जब आपका बेटा पहली बार नशा करके या फिर कोई और अपराध करके घर आया हो तो इसका तुरंत विरोध करते हुए समाज और पुलिस को सूचित करने का काम करेंगे तभी सुधार होगा। बता दें कि झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के द्वारा यह अभियान की शुरुआत 2022 में हुई थी जिसे फिर से शुरू किया गया है। इस अभियान की शुरुआत कार्यक्रम में, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व उपाध्यक्ष डा मंजर इमाम, प्रोफेसर रिजवान अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार फिरोज जिलानी, समाजसेवी मोहम्मद फारुख, समाजसेवी घनश्याम दास , झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, एजाज कुरैशी , मौजू कुरैशी, हसीब, मुस्तफा, मुजाहिद सुहैल, रोशन, मगनदीत, नौशाद, मुन्ना राम, आसिफ,राजू, मौलाना अब्दुल सलाम, हाजी मिन्हाज, आवेश कुरैशी मुन्ना, गुलाम गौस पप्पू, गुलाम जावेद, फरहाद , डब्लू, कमरान कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, राउफ अंसारी, सुनीता,सुशीला लकड़ा, प्रतीमा, नस्तसिमा होरो, पत्रकार परवेज कुरैशी, प्रकाश सहित कांटाटोली चौक, हरिजन बस्ती, रमजान कॉलोनी,इदरीश कॉलोनी, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, कोकर, खोहरा टोली सहित कई समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और नशा मुक्त अभियान अपने अपने मुहल्ले में चलाने का संकल्प लिया।



# झारखण्ड के जायरीनों को कोई कठिनाई नहीं होने दूंगा : डॉ. इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी हज यात्रा के मद्देनजर झारखंड राज्य हज समिति के चेयरमैन सह जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में हज हाउस, रांची में जायरीनों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 600 जायरीनों ने भाग लिया। शिविर में, कल्याण मंत्री हाफिजउल हसन खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रांची के उपायुक्त राहुल सिंहा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक किशोर कौशल, युवा झारखंड के संरक्षक अर्शे आलम ने हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को मुबारकबाद दी।डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि तीन साल के लंबे समय के बाद हज यात्रा रांची से शुरू हो रही है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है। झारखण्ड राज्य हज समिति ने भी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। जायरीनों की खिदमत में कोई कमी नही होगी। मेरा वादा है कि झारखण्ड राज्य हज समिति अपने इंतजामात से पूरे मुल्क में मिसाल कायम करेगी। इस अवसर पर डॉ. इरफान अंसारी ने हज पर जाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तीन साल के बाद हज यात्रा दोबारा रांची से शुरू हुई है जिससे हम सभी मे खुशी और उत्साह है। झारखण्ड राज्य हज समिति ने आपकी खिदमत के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली है। आपको किसी भी तरह कि परेशनी नही होगी ये डॉ. इरफान अंसारी का वादा है। आप सभी से मेरी गुजारिश है कि हमारे देश की अमन-चैन और शांति के लिए दुआ करें।मौके पर उपस्थित प्रशिक्षण लेने आए लोगों ने हज समिति के इंतजामों की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य हज समिति उम्दा कार्य कर रही है। हमें खुशी है कि लोकप्रिय विधायक और चिकित्सक होने के साथ साथ एक बेहतरीन इंसान डॉ. इरफान अंसारी हाजियों की खिदमत में लगे हैं।ज्ञात हो की पिछले वर्ष झारखंड के जायरीनों को कोलकाता से यात्रा करने पड़ी थी। उस दौरान भी डॉ. इरफान अंसारी ने अपने दायित्व का निर्वहन पूरी शिद्दत से किया था।



# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पाने का सुनहरा मौका, 20 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के पोस्ट मैट्रिक एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थी स्कॉलरशिप के लिए 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय ने इसके लिए आवेदन मांगा है। इसमें वैसे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो पोस्ट मैट्रिक के बाद झारखंड राज्य या झारखंड राज्य के बाहर नामांकन ले चुके हैं या फिर नामांकन लेना चाहते हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन 20 मई तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। 23 मई को संबंधित संस्थान के आईएनओ ने आवेदन पत्रों का सत्यापन करेगा। इसके बाद फाइनल सूची प्रकाशित की जायेगी।उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने 29 अगस्त 2022 को नया संकल्प जारी करते हुए पुराने नियमावली में बदलाव किया था। इसके तहत कई नए चीजों को इसमें जोड़ा गया। इस योजना से झारखंड के लाखों आदिवासी, दलित एवं ओबीसी स्टुडेंट्स लाभान्वित होंगे। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम के तहत सभी तरह के प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययन करने वाले स्टूडेंट्स को इसका लाभ मिलेगा, जिसमें मेडिकल, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाईन, पोस्ट ग्रैजुऐट डिप्लोमा कोर्स, मैनेजमेंट कोर्स, सीए, एम फील, पीएचईडी, एलएलबी, एलएलएम, सभी तरह के डिप्लोमा कोर्स, ग्रैजुएशन, मास्टर डिग्री, आईटीआई कोर्स आदि सभी तरह के कोर्स में शामिल हैं।

# हत्या कर फरार आरोपी को सिल्ली पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस ने बीते मंगलवार को हुए हत्या की गुत्थी को 24 घंटे के भीतर ही सुलझा लिया है,साथ साथ महज कुछ घंटो में ही हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।बताते चले की बीते मंगलवार को गोड़ाडीह पंचायत की मुखिया सावन देवी एवं मुखिया पति श्रवन मुण्डा को उसी गाँव के युवक रविन्द्र मुण्डा उर्फ मेथरा ने पहले मुखिया सावन देवी के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल किया उसके बाद कुछ ही दुरी मे तलाब के पास पति श्रवन मुण्डा को भी आरोपी युवक ने धारदार हथियार से हमला कर मार डाला था,घटना को अंजाम देने के



बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया था,लेकिन सिल्ली थाना पुलिस ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने और अपराधियों का मनोबल ना बढ़े इसको लेकर हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र में लागतार सघन रूप से छापेमारी कर रही थी,इसी दरमियान गुप्त सूचना के अधार पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप के नेतृत्व मे एक टीम गठीत कर हत्या आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया एवं साथ मे वह चाकू भी बरामद कर लिया गया जिससे वह श्रवण मुण्डा को मौत के घाट उतारा था! गिरफ्तार युवक पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है !सिल्ली थाना कांड संख्या 36/23 भा.द.वि धारा 452/354/509/341/324 तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## लाभुकों के बीच जोड़ा बैल का वितरण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वितिय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जोड़ा बैल का वितरण किया गया। वितरण लाभुक भौता उराँव, विनोद भगत, बिरबल भोक्ता और कपिल नाथ मांझी के बीच दो-दो बैल, कुल 8 बैल का वितरण किया गया। प्रति किसान 40 हजार की योजना में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान है शेष 10 प्रतिशत लाभुक से अंशदान लिया गया। वितरण पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 संजय उराँव के देखरेख में प्रमुख विनिता कच्छप, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी बेरोनिका उराँव, पुर्वी पार्वती उराँव, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, मुखिया गंगी कुमारी, बिरेन्द्र भगत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रमुख विनिता कच्छप ने कहा कि सरकार कृषि कार्य में सहयोग के लिए जोड़ा बैल का वितरण कर रही है। इसका सिधा लाभ किसानों को होगा साथ ही रोजगार का भी श्रृजन होगा।

## भोक्ताओं ने बरसाये गुलैंची के फूल

**रांची/नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिव पूजा मंडा समिति हाहाप के तत्वावधान में हर साल की भांति इस साल भी सोमवार को रात्रि में पश्चिम बंगाल के उस्ताद कार्तिक सिंह मुण्डा एवं त्रिलोचन महतो द्वारा छौ नृत्य, शिव पूजा एवं मंगलवार अलैहे सुबह अनुष्ठान के तहत भोक्ताओं एवं सोख्ताईनों के द्वारा दहकते अंगारों पर फूलखूंदी एवं 42 फीट ऊंचाई पर झूलन का आयोजन किया गया। झूलकर आस्था के फूल बरसाये। नीचे नीचे खड़े महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने शांति, सुख का प्रतीक मानते हुए अपने अंचलों में लिया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा हुए।

---

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**

नये समाहरणालय भवन, 'ए' ब्लॉक, द्वितीय मंजिल, खुँटीटोली, सिमडेगा

e-mail - ssasimdega@yahoo.co.in, ssasimdega@gmail.com

पत्रांक : .............................. दिनांक : ..................................

**संशोधित पत्र**

**जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के कक्षा–6 में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 2000 दिनांक 29.04.2023 के आलोक में विज्ञापन संख्या PR 296481 Primary Education (23-24) D को निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है :–

**जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र दिनांक 15.05.2023 तक संबंधित विद्यालय में जमा किया जाना है। विद्यालयवार एवं कक्षावार रिक्ति निम्नवत् है :–**

**उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षावार रिक्ति, जिसमें नामांकन लिया जाना है**

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम | कक्षा जिसमें नामांकन लिया जाना है | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | कक्षा–6 | कक्षा–9 | |
| 1 | एस.एस. +2 उच्च विद्यालय सिमडेगा | 80 | — | बालक एवं बालिका के लिए |
| 2 | एस.एस. बालिका +2 उच्च विद्यालय सिमडेगा | 40 | 80 | केवल बालिकाओं के लिए |
| 3 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सिमडेगा | 25 | — | केवल बालिकाओं के लिए |

भरे हुए नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालयों में जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 15.05.2023 तक** विस्तारित की जाती (कार्यालय अवधि) है।

शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

**PR 297061 Primary Education (23-24)#D**

---

# जिले के सभी जनसेवक डीसी ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आह्वान पर खूंटी जिला के सभी जनसेवक दिनांक 9.5.23 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिससे खूंटी जिला के सभी प्रखंडों में कार्य प्रभावित है, विदित हो कि जिले के जनसेवक अपने कार्यों के अतिरिक्त कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता



प्रसार पदाधिकारी, निर्वाचन, नजारत, एजीएम पंचायत सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर जनसेवक प्रभार में है। जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने से जिले के कामकाज में व्यापक प्रभाव पड़ा है, जनसेवक संघ के जिला सचिव नलिन कुमार ने बताया कि जनसेवकों की नियुक्ति 2012 में 2400 रुपए के ग्रेड पे पर की गई थी। 11 सूत्री मांग अंतर्गत डी डी ओ परिवर्तन, राज्य स्तरीय वरीयता सूची, प्रखंड कृषि पदाधिकारी में प्रमोशन, एमएसपी का तत्काल लाभ, जनसेवक को तकनीकी पद मानते हुए प्रारंभिक वेतनमान 4200 देना, गैर कृषि कार्यों से मुक्ति, कृषि शिक्षा परिषद का गठन, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति एवं अन्य मांगों को लेकर जनसेवक डीसी ऑफिस खूंटी के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजेंद्र भेंगरा, प्रवक्ता नीति रंजन मुंडू के अलावा प्रमोद कुमार, मुंशी मुंडू, गौरव जैन, प्रिस्किला पूर्ति, प्रिया सुचिता होरो, पूनम प्रिया, शीला सुनीता कुमारी, अमित राम, फलिंदर ओहदार, जेवियर हेमराम, जय नारायण सिंह बिंझिया, सुखराम पूर्ति, दोचे ओडेया, अमृत फ्रांसिस के साथ जिला के सभी जनसेवक उपस्थित थे।

---

**कार्यालय,नगर पंचायत डोमचाँच**

(ईमेल आई डी :–nagarpan.dm@gmail.com)

पत्रांक............न0 / पं0 दिनांक : ........../......./2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

**डोमचॉच नगर पंचायत अंतर्गत बोरिंग में प्रयुक्त रीग मशीन धारक एवं भवन/भूमि मालिक को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 09.05.2023 से निम्नलिखित नियम बोरिंग को लेकर पालन करना सुनिश्चित करेगें।**

1. कोई भी रीग मशीन धारक नगरपालिका की भूमि तथा सडक, नाली, तालाब या अन्य किसी प्रकार की नगर पंचायत डोमचाँच की संपति पर 4 इंच / 6 इंच का बोरिंग कार्य भवन मालिक के कहने पर नहीं करेगें अन्यथा प्रयुक्त रीग मशीन धारक पर 6 इंच के बोरिंग के संबंध में रू0 10,000/– के अतिरिक्त रू0 25,000/– आर्थिक दण्ड कुल रू0 1,25,000/– (आर्थिक दण्ड) लगाया जायेगा।
   4 इंच के बोरिंग के संबंध में यह दण्ड की राशि रू0 25,000/– होगी एवं बोरिंग को सील कर दी जायेगी।
2. यदि भवन मालिक सडक,नाली,तालाब या नगरपालिका की अन्य संपति पर बोरिंग करवाते हैं तो बोंरिग करने के पूर्व उन्हें स्वतः यह इसकी जाँच करायी जायेगी । जाँच मे यह प्रमाणित हो जाता है कि बोरिंग कराया जानेवाला स्थान रैयती है तभी कराने की अनुमति दी जायेगी अन्यथा नही करा सकते है।
   पूर्व से निबंधित Rig Machine को भी कार्य करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि उक्त कार्य के लिए उन्हें विधिवत अनुमति संबंधी आदेश पत्र प्राप्त हो।
   दण्ड की राशि की वसूली तक उक्त अभियान में पकडी गई गाडी संबंधित थाना को संबंधितनोडलपदाधिकारी द्वारा सुपूर्द की जायेगी। प्रशासक, नगर पंचायत डोमचाँच आदेश के बाद ही गाडी संबंधित थाने से मुक्त हो सकेगा।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।**

विश्वासभाजन
प्रशासक,
नगर पंचायत डोमचांच

**PR 297014 Urban Development(23-24).D**

---

## महायज्ञ के लिए ध्वजारोपन किया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री 1008 पंचदिवसीय रूद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठान अनुष्ठान के लिए शिव मंदिर राय बस्ती मे ध्वजा रोपन किया गया.ध्वजा रोपन कार्यक्रम में पुजा कराने वाले पंडित श्री बंसीधर शास्त्री,पंडित श्री कैलाश मिश्रा जी,पंडित श्री शिव नंदन शास्त्री, मुख्य जजमान श्री भरत नायक,श्री नंदलाल महतो मुख्य रूप से पाठ कराये. इस महायज्ञ का आयोजन दिनांक 21/05 से 25/05 तक शिव मंदिर राय बस्ती मे किया जाएगा. इस महायज्ञ कार्यक्रम मे उपस्थित आयोजन समिति गणमान्य में कैलाश पंडित जी, जगदीश सोनी, गणेश कुमार महतो, शत्रुघ्न कुमार नायक, , शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, दुर्गा प्रसाद महतो, नागेश्वर (बेगी) महतो, एतवारा महतो, अशोक महतो, राजू गुप्ता, दीपक कुमार, संतोष प्रजापति,नरेश महतो,पंचाननद नायक,नंदलाल महतो, लगनलाल महतो, संतोष नायक, अजय नायक, राजीव साहनी, अनिल साव, दिलेशवर सोनी,विक्की चौहान,कृष्णा साहनी,लोकन महतो,नरेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

## एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की केंद्र सरकार के गलत नीतियों की आलोचना



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूनाइटेड कोलवर्कर्स यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य कामरेड रमेन्द्र कुमार बुधवार को डकरा के वीआईपी सभागार में संगठित व असंगठित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए केंद्र सरकार कि गलत नीतियों का आलोचना किये। उन्होंने कहा आगामी 19 मई को होने वाले (जे बी सी सी आई 11 वे) बैठक के बारे में चर्चा किये और उम्मीद जताई की इस बार मजदूरों को मिलने वाला एमजीबी फाइनल हो सकता है। सभा के दौरान केंद्रीय सचिव बिनोद बिहारी पासवान, यूनियन के सी सी एल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरबिंद शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान,क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार,उपाध्यक्ष दिनेश भर,अरबिंद कुमार,मो शमीम,चंदन शर्मा,अशोक राम,जितेंद्र सिंह,संजय प्रसाद,अजित पांडे,,सतेंद्र कुमार,शिवप्रसाद चौहान,धनेशर गंझू, रहमततुल्ला, मो अब्दुल्ला, सेवक गंझु, बीरेंद्र शर्मा,मिश्रा पासवान,दीपांशु,जितेंद्र नगर कोटिअशोक उरांव, रामु,शिव प्रसाद गुप्ता,अश्विनी कुमार,नरेश प्रसाद मनोज कुमार,एतवा उरांव,बिशेषर मुंडा,रवी बर्मा,दिनेश कुमार,दीपू,प्रदीप कुमार मनोज कुमार(डकरा)नागेंद्र उरांव, टिकेशर पासवान,संजीव कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में संगठित एवं असंगठित मजदूर उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा जगरूकता अभियान चलाया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सड़क सुरक्षा जगरूकता अभियान के तहत परिवहन विभाग एवम झारखंड पुलिस निर्देशालय के निर्देश पर टाटीसिल्वे थाना के द्वारा बाजार एवम महिलोंग मे नशामुक्त एवम सड़क सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका उदेश्य जनता मे जगरूकता लाना हैं। इस अवसर पर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि नशा कर वाहन चलाने वाले पर एक्ट 185 के तहत 10000 रुपए एवम 6 महिने जेल, स्पेडिंग एवम रेसिंग करते पकड़े जाने पर 5000 रुपए एवम 3 महिने जेल का दण्ड है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, उप प्रमुख नामकुम विना देवी, पूर्व जिला परिषद फुलकुमारी देवी, चतरा प्रधान किस्टो कुजुर, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, महिलोंग मुखिया संदीप तिर्कि, टाटीसिल्वे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

---

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल,हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**(विज्ञापन सं0 01/2023–24)**

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागों में कनीय रेजिडन्ट (JR- Non Academic) तीन वर्षीय रिक्त टेन्योर पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

स्वा0 चि0 शिक्षा एवं प0 क0 विभाग, झारखंड के नियंत्रणाधीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागों में कनीय रेजिडेन्ट (JR- Non Academic) के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिये नियुक्ति हेतु दिनांक **24/05/2023** को Walk-In-Interview का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त Walk-in-Interview में वांछित प्रमाण पत्रों (मूल एवं छाया प्रति) के साथ भाग ले सकतें हैं।

1. रिक्ति की विवरणी।

| क्रमांक | चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का नाम | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग | 20 |

2. योग्यता – JR के पद के लिये न्यूनतम योग्यता MBBS होगी।
3. अर्हता – जो Internship पूरा किये हों।
4. चयन का आधार – Walk-In-Interview के माध्यम से चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की जाँच की जायगी। तदनुसार विभागवार रिक्ति के विरूद्ध चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायगी। यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्श के लिये होगी, जिसे संतोषप्रद कार्य के उपरांत संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर एक–एक वर्ष की अवधि विस्तार के साथ अधिकतम तीन वर्षों के लिये की जा सकती है।
5. मानदेय – रूपया 42000/– प्रतिमाह
6. नियुक्ति की शर्ते –
   (क) इन्हें सरकारी कर्मचारी को देय आकस्मिक अवकाश के अलावा अन्य कोई भी अवकाश देय नहीं होगा।
   (ख) इन्हें संबंधित विभागाध्यक्ष, अधीक्षक, प्राचार्य एवं विभाग से समय–समय पर प्राप्त होने वाले निदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।
   (ग) संविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविश्य में नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जायगा।
   (घ) यदि कोई आवेदक एक से अधिक विषयों के लिये आवेदन करेगें तो इन्हें अपनी इच्छित विषयों में प्राथमिकता स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। उचित प्राथमिकता के अभाव में प्रथम उपलब्ध स्थान पर उन्हें चयनित किया जायगा।
   (ड.) चयनित अभ्यर्थी इस आशय का शपथ पत्र (Affidavit) देगें कि एक माह के पूर्व सूचना के पूर्व सेवा से त्याग पत्र नहीं देंगें अन्यथा एक माह का Renumeration का भुगतान नहीं किया जायगा।
7. अधिकतम उम्र सीमा – सभी कोटि के लिये अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी।
8. Walk-In-Interview शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य की अध्यक्षता में कॉलेज परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के College Councel Room-सह-Conference Room में दिनांक **24/05/2023** के पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक निर्धारित है।
9. सभी इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज के वेवसाईट पर www.hazaribagmedicalcollege.org पर Recruitment कॉलम के अन्तर्गत दिये गये विज्ञापन पर आवेदन पत्र में अंकित वांछित सूचनाएँ पूर्णरूपेण भरकर सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं इसकी एक छाया प्रति के साथ Walk-In-Interview आयोजन की तिथि को भाग लेंगें।

पत्रांक 554 दिनांक 09/05/2023

प्राचार्य,
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल,
हजारीबाग

**PR 296934 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D**

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**(3rd Call)**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23**

दिनांक **10.05.2023**

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | **Serendag group** of svs scheme under Panchayat, Ghutuwa, Block Satbarwa **(Group No. 45)** | 2 | 2313573.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **2 Nos.** | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **12.05.2023 / 12.30 P.M.** | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **12.05.2023 / 12.35 P.M.** | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **17.05.2023 / 05.00 P.M.** | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **18.05.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **19.05.2023 / 04.00 P.M.** | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

**PR297048 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D**

---

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय,उप कारा,खूँटी**

**ई०–निविदा सूचना**

**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-3/2023/2053**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक– 01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
   (i) रु. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रु. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रु. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– रु. 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि– 24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6. Tender Fee, EMD का original copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 30.05.2023 पूर्वाहन 10:00 बजे से 01.06.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 02.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

**PR 296980 Prison(23-24).D**

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो हजारीबाग**

**ई0 प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

ई0 निविदा सूचना संख्याः **WRD/MDBANASO/ 01/2023 -24** दिनांक 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लपसिया वीयर योजना के शीर्ष कार्य स्थल में स्थित एक अदद U/S गेट एवं एक अदद H/R गेट और मुख्य नहर के चेन संख्या 24, 28, 32 एवं 38 पर अवस्थित चार अदद C/R गेट, उनके उत्तोलन प्रणाली, उत्तोलन प्लेटफॉर्म, रेलिंग एवं सीढ़ी इत्यादि के निर्माण, आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रू0 18.70304 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि | रू0 0.38 लाख। |
| 4. | कार्य समाप्ति की अवधि | 365 दिन |
| 5. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.05.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.05.2023 को 03:30 बजे। |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.05.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9470355027 |
| 9. | ई प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06512491232 |

नोटः– 1. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. केवल ई0 निविदा ही स्वीकार्य किये जायेंगे।
3. निविदा बिना कारण बताए कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

(सुबोध कुमार)
कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)।

**PR.NO.296918 Water Resource(23-24):D**

---

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड**
**कार्यालय कृत्रिम प्रजनन पदाधिकारी, फ्रोजेन सीमेन बैंक, राँची –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जे0एस0आई0ए0, होटवार, राँची**

**"शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना"**

**कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक उपचार** से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना **राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत** "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में झारखण्ड राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवकों को प्रत्येक जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India) प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् है :–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. **प्रशिक्षण अवधि** :– तीन माह (क) सैद्धांतिक – 30 दिन (ख) प्रायोगिक – 60 दिन
3. **आवेदक की आयु** :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. **नामांकन शुल्क** :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. **सुविधाएँ** :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
   **उपकरण** :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
7. **कार्य एवं मानदेयः**– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।
8. विशेष जानकारी हेतु स्थानीय पशुचिकित्सक/जिला पशुपालन पदाधिकारी अथवा स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जे०एस०आई०ए०, राँची
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**PR296882 (Animal Husbandry)23-24*D**

## टाटा स्टील आईडी वाटर पोलो टूर्नामेंट चैंपियंस का खिताब जनरल ऑफिस ने जीता



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहला आईडी वॉटर पोलो टूर्नामेंट (पुरुष) का समापन जोश और उत्साह के साथ हुआ, जिसमें जनरल ऑफिस टीम चैंपियंस के रूप में उभरी। यह टूर्नामेंट 8-9 मई को आयोजित किया गया था, जिसमे 17 टीमों ने भाग लिया था, जिनमें से प्रत्येक में सात खिलाड़ी शामिल थे। टूर्नामेंट का फाइनल जनरल ऑफिस और स्टील मैन्युफैक्चरिंग के बीच खेला गया। मैच में टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंत में, जनरल ऑफिस, उपविजेता स्टील मैन्युफैक्चरिंग को हराकर चैंपियन बनकर उभरी। आयरन मेकिंग टीम ने द्वितीय उपविजेता के रूप में अपना स्थान सुरक्षित किया। विजेता टीमों को ट्राफी व उपहार देकर सम्मानित किया गया

## अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना फ़ाउंडेशन ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन झारखंड की अंतराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह की नेतृत्व में अप्रतिम शौर्य के प्रतिक महा योद्धा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती के अवसर पर हम वीरांगनाए (एक शाम बुजुर्गो नाम) साकची स्थित आशिर्वाद भवन मे बुजुर्गो को संग लेकर महाराणा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और बुजुर्गो को फल और बिस्किट से मुह मीठा किए। इस अवसर पर वीरांगनाए रेनु सिंह सीमा सिंह, रजनी सिंह, अर्चना सिंह, अंजली सिंह,सुनीता सिंह, प्रतिमा सिंह, वीभा सिंह, सवीता सिंह, माला सिंह, आशा सिंह, राखी सिंह, धृति सिंह, किरण सिंह, रेनु सिंह उपस्थित थी। वीरांगना फाउंडेशन की महामंत्री भारती सिंह ने राष्ट नायक महाराणा के त्याग और बलिदान के बारे विचार व्यक्त किया।

## न्युवोको विस्टास का वित्त वर्ष में बिक्री व लाभ बढ़ा, शुद्ध कर्ज घटा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 201.06 करोड़ रुपये का कर उपरांत लाभ (पीएटी) दर्ज किया है। कंपनी ने अपने घोषित वित्तीय परिणामों में बताया है कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 29.11 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया था। कंपनी की आखिरी तिमाही में नेट कंसोलिडेटेड आय 2,930.96 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,940.26 करोड़ रुपये से 0.32 प्रतिशत कम थी। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन से कंसोलिडेटेड राजस्व वर्ष दर वर्ष 14 प्रतिशत बढ़कर 10,586 रुपये हो गया। कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री की मात्रा वित्त वर्ष 23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 18.8 मिलियन टन हो गई।




## अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए अंसार व फजल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुराना विधानसभा ध्रुवा झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान और प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष फजल खान पहुंचे। मौके पर उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नए चेयरमैन मंजूर अली को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आलमगीर साहब, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमेर खान, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर और शमशेर अली से मुलाकात किया। आज की बैठक में संगठन कार्य की समीक्षा एवं कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। सभी नेताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने के लिए कहा गया।



## सुरभि शाखा की नयी टीम ने पांच बच्चियों को लिया गोद, नहीं रूकेगी शिक्षा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी सुरभि शाखा की ओर से सत्र 2023-24 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन साकची स्थित यश्री इंटरनेशनल होटल में किया गया। साथ ही वर्ष 2022-23 में उषा चौधरी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष निशा सिंघल ने सचिव कविता अग्रवाल और अपनी टीम के साथ नए सत्र में कार्य निर्वाह के लिए शपथ ली। इस दौरान बतौर अतिथि मंच पर समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी, ओमप्रकाश रिंगसिया, राजकुमार चंदूका, मुकेश मित्तल, अरूण गुप्ता आदि उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी सुरभि शाखा की नयी टीम ने जरूरतमंद पांच बच्चियों की एक साल की शिक्षा के लिए गोद लिया और जरूरतमंद महिला को पिको फॉल मशीन दिया गया। समारोह में प्रमुख रूप से सुरभि शाखा की संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव सहित समाजसेवी संतोष अग्रवाल, सुभाष शाह, निर्मल काबरा, बजरंग लाल अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।



**2023-24 की नयी टीम इस प्रकार हैं:** अध्यक्ष निशा सिंघल, उपाध्यक्ष सुमन अग्रवाल, सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल हैं। कार्यकारिणी सदस्य 11 लोगों को क्रमशः बिंदिया नरेड़ी, प्रीति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पायल अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, प्रीति देबुका, रिंकु अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल एवं वर्षा चौधरी को बनाया गया हैं। इसी प्रकार अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए 10 लोगों को संयाजिका क्रमशः रक्तदान- अनिता अग्रवाल, अमृत धारा- रश्मि झाझरिया, स्वास्थ्य- पूजा अग्रवाल, कन्या भ्रूण संरक्षण- शालिनी खेंडिया, जन सेवा- पिंकी छावछरिया, स्वच्छ भारत अभियान- प्रियंका चौधरी, जीव संरक्षण- खुशबू कांवटिया, युवा विकास- प्रीति बुधिया, नारी चेतना- रीना गोयल, संगठन विस्तार- सीमा सापरिया की जिम्मेदारी दी गयी हैं।

# अवैध बालू परिवहन करते 4 हाईवा जब्त, वाहन चालक व मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

### उपायुक्त ने अवैध खनिज कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार जिले में खनिज टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनिज कारोबारियों के विरूद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा । घाटशिला थाना अंतर्गत मऊभण्डार रोड पर बालू के अवैध परिवहन को लेकर की गई छापेमारी में 4 हाईवा जब्त किया गया । अंचल अधिकारी घाटशिला राजीव कुमार तथा मऊभण्डार ओ.पी पुलिस बल ने यह कार्रवाई की है। पूछताछ के क्रम में वाहन चालकों द्वारा बालू खनिज से संबंधित कोई भी परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं किया गया । सभी वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21, झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 के नियम 54 तथा अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। उपायुक्त द्वारा जिला खनिज टास्क फोर्स में शामिल अधिकारियों को सभी थाना क्षेत्रों में अवैध खनिज कारोबारियों के विरूद्ध लगातार सघन जांच अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया है । खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन सख्त है।



## एनआर जमा दो उच्च विद्यालय में सीबीएसएसी नए सत्र नामांकन को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला के उत्कृष्ट विद्यालय नृपराज राजकीय जमा दो उच्च विद्यालय में नए सत्र के नामांकन को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेंब्रम ने बुधवार को विशेष बैठक की। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए विद्यालय में छठे से आठवीं कक्षा में 80 -80, नौवीं में 120 और ग्यारहवीं के कला संकाय में 120 तथा विज्ञान संकाय में 40 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जाना है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएससी) नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त इस विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिसके लिए आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने नामांकन को लेकर विशेष प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया। नए विद्यालय भवन में प्राइवेट विद्यालय से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी वर्ग कक्ष स्मार्ट एवं सुसज्जित होंगे तथा विद्यालय में अत्याधुनिक लाइब्रेरी सहित आधुनिक प्रयोगशाला संचालित होगी। निःशुल्क पुस्तक, पोशाक एवं शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। बैठक में उत्कृष्ट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंबिका प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुन्ना बानरा, सदस्य सह वार्ड पार्षद जुगल तापे, सरायकेला प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रबिकांत भकत, प्रखंड साधन सेवी गौतम कुमार सहित प्रखंड के विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## डायन कहने के आरोप में कमलपुर थाना प्रभारी ने दो को भेजा जेल

**कमलपुर थाना क्षेत्र के इंदाटांड़ा गांव निवासी 48 वर्षीय सत्यनारायण सिंह व उसके 25 वर्षीय पुत्र बासुदेव सिंह को कमलपुर थाना प्रभारी ने मंगलवार को शाम घर से गिरफ्तार करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** कमलपुर थाना क्षेत्र के इंदाटांड़ा गांव निवासी 48 वर्षीय सत्यनारायण सिंह व उसके 25 वर्षीय पुत्र बासुदेव सिंह को कमलपुर थाना प्रभारी ने मंगलवार को शाम घर से गिरफ्तार करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया। इन दोनों के खिलाफ इंदाटांड़ा गांव के रहने वाली टुस्टु वाला महतो ने मंगलवार को डायन बताकर गाली गलौज, मारपीट करने, कपड़ा फाड़ने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते लिखित शिकायत करते हुए थाना में मामला दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी रिश्ते में पिता- पुत्र है और सोमवार को बृद्ध महिला को डायन के संदेह में गालीगलौज व मारपीट करते हुए कपड़ा फाड़ दिया था। उन्होंने बताया कि दोनों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे।

### एशिया कप में टाटा आर्चरी अकादमी के तीरंदाजों का बेहतरीन प्रदर्शन

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्डी व भजन का चयन






प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा आर्चरी अकादमी (टीएए) के कैडेटों ने हाल ही में हुए तीरंदाजी एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। तीरंदाजी एशिया कप के हाल ही में आयोजित दूसरे चरण के दौरान, मृणाल चौहान ने व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता जबकि मिश्रित टीम और पुरुष टीम (रिकर्व) ने स्वर्ण पदक जीता। मृणाल मिक्स्ड टीम का हिस्सा थे, जबकि मेन रिकर्व टीम में एक अन्य टीएए कैडेट जयंत तालुकदार भी शामिल थे। टीएए की ओर से एक अन्य उपलब्धि में, इसके कैडेट गोल्डी मिश्रा को कैडेट विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चुना गया, जो 1-9 जुलाई के बीच आयरलैंड के लिमरिक में आयोजित होने जा रहा है। इसके अलावा, टीएए के भजन कौर को युवा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चुना गया।

# करीम सिटी कॉलेज का दो दिवसीय इंडोर गेम्स टूर्नामेंट का समापन धूमधाम से हुआ संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय इंडोर गेम्स टूर्नामेंट 2023 का समापन समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टेल्को हॉस्पिटल के पूर्व डायरेक्टर एवं करीम सिटी कॉलेज गवर्निंग बॉडी के उपाध्यक्ष डॉ एमएल अली उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने टूर्नामेंट के कन्वीनर डॉ शाहिद हाश्मी एवं उनकी पूरी टीम को टूर्नामेंट की कामयाबी की बधाई दी। मुख्य अतिथि डॉ एम एल अली ने कहा की इस संस्था के गवर्निंग बॉडी के उपाध्यक्ष होने के नाते मुझे गर्व है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे छात्र और छात्राओं ने आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

**टूर्नामेंट के विजेता इस प्रकार है :** चेस (पुरुष) में कुशाल शाहा को प्रथम तथा अभिषेक कुमार को द्वितीय। चैस (महिला) में अलीशा दत्ता को प्रथम तथा लक्ष्मी कुमार को द्वितीय। कैरम ,(पुरुष) में मोहम्मद इरशाद एवं आसिफ हुसैन को प्रथम तथा सचिन पासवान एवं तबरेज अली को द्वितीय। कैरम (महिला) में समायल फातमा एवं माहिन निशा को प्रथम तथा गजाला परवीन एवं गुलफशा खान को द्वितीय। टेबल टेनिस (पुरुष) में शादाब हुसैन को प्रथम एवं फैज मोहम्मद को द्वितीय। टेबल टेनिस (महिला) में मोनालिजा को प्रथम एवं आसमा को द्वितीय। बैडमिंटन (पुरुष) में अनिकेत आनंद एवं शुभम कुमार को प्रथम तथा विद्याधर महतो एवं विवेक गोप को द्वितीय बैडमिंटन (महिला) में फातमा परवीन एवं तरुप कौसर को प्रथम एवं वाटिका साह एवं निकिता रुपाली को द्वितीय पुरस्कार दिए गए। शिक्षकों के बैडमिंटन (पुरुष) में साजिद परवेज एवं शाहजेब परवेज को प्रथम तथा डॉ शाहनवाज एवं डॉ अमान मोहम्मद खान को द्वितीय। कैरम (पुरुष) में डॉ अनवर शहाब एवं डॉ फखरुद्दीन अहमद को प्रथम तथा डॉ उधम सिंह एवं डॉ शहबाज अंसारी को द्वितीय। कैरम (महिला) में डॉ कौसर तस्नीम एवं डॉ संध्या सिन्हा को प्रथम तथा प्रो अरीबा फातमा एवं प्रो सानिया तहरीम को द्वितीय। टेनिस (पुरुष) में डॉ फखरुद्दीन अहमद को प्रथम एवं सैयद जाहिद परवेज को द्वितीय। चेस (महिला) में प्रोफेसर यास्मीन बानो को प्रथम एवं प्रो सानिया तहरीम को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

## हावड़ा बड़बिल का सिनी व साउथ बिहार का राजखरसावां स्टेशन में ठहराव शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल में 8 मई को गाड़ी संख्या 12021 हावड़ा बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस का सीनी स्टेशन में और 13287 दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार एक्सप्रेस का राजखरसावां स्टेशन में ठहराव शुरू हो गया है। जिसका शुभारंभ केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा एवं खरसावां विधायक दशरथ गगराई की गरिमामय उपस्थिति में झंडा दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी गण समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। इन स्टेशनों में ट्रेनों का रुकना कई दिनों से यात्रियों की मांग थी, जो अब पूर्ण होने से उनमें हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है ।

## कांड्रा में यात्री सुविधा व ट्रेन ठहराव की मांग को ले कांग्रेस ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा स्टेशन में यात्री सुविधा बहाल करने समेत कई ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कांग्रेस जिला प्रवक्ता प्रकाश कुमार राजू के नेतृत्व में चक्रधरपुर मण्डल के डीआरएम को 12 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से कोरोना काल मे बंद किए गए ट्रेन संख्या 18181 व 18182 (थाने एक्सप्रेस) ट्रेन संख्या 13287 व 13288 ( साऊथ बिहार एक्सप्रेस) का पुनः कांड्रा स्टेशन पर ठहराव की मांग की गई। इसके अलावा दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का ठहराव काण्ड्रा में ट्रायल बेसिस पर छह माह के लिए करने,यात्री सुविधा हेतु टिकट घर के सामने बने डीलक्स शौचालय के संचालन की व्यवस्था करने, आरक्षण टिकट का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक को बढ़ाकर रात्रि 8 बजे तक करने, आरक्षित टिकट की सुविधा रविवार को भी प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक करने की मांग की गई है। इसके अलावा, कांड्रा जंक्शन के समीप आजाद बस्ती स्थित अन्डर पास पुलिया को आम राहगीरों के आवागमन हेतु सिनी रेलवे अंडर पुलिया की तर्ज पर शुरू करने का आग्रह भी किया गया है ।

## गेस्ट हाउस में चल रहा था सेक्स रैकेट, मजिस्ट्रेट ने किया छापेमारी, 10 लोग हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित कांति गेस्ट हाउस में छापेमारी कर पुलिस ने लड़के और लड़कियों को हिरासत में लिया है। बबलू सिंह द्वारा संचालित इस गेस्ट हाउस में गलत कार्यो की सूचना पर पुलिस ने कार्यपालक दंडाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी कर 4 लड़कों और 6 लड़कियों को हिरासत में लिया है।हालाँकि वहां से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है मगर दो बियर की बोतलों को पुलिस ने बरामद किया है। चर्चा है की इस स्थान पर प्रेमी युगलों को समय बिताने के लिए कमरा भी उपलब्ध करवाया जाता था। इस बात की शिकायत लगातार स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। जिसके आलोक में उपायुक्त विजया जाधव ने कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर मामले की जांच का जिम्मा सौंपा था। इसके बाद मामले का सत्यापन करने के बाद इस कारवाई को अंजाम दिया गया और लड़कों और लड़कियों को गेस्ट हाउस के अन्दर से हिरासत में लेकर साकची थाना लाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** विश्व हिंदू परिषद की ओर से गम्हरिया लाल बिल्डिंग के समीप स्थित मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। विहिप जिलाध्यक्ष राजू चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विहिप के प्रांतीय प्रचार प्रमुख भगवान सिंह, प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अमरजीत सिंह, सह संयोजक आकाश दास, आदित्यपुर नगर मंत्री प्रिंस राय, आदि थे।

# क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस सह महाराणा प्रताप की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत की जमशेदपुर शाखा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती सह क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत की स्थापना दिवस आज महिला और पुरुष इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से बारीडीह सामुदायिक भवन गांधी चौक धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सह प्रदेश अध्यक्ष चंदा सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शिव शंकर सिंह, समाजसेवी रघुवेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी हेराम सिंह, समाजसेवी मनोरंजन सिंह, समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह उपस्थित हुए। मंच का संचालन जुगसलाई मंडल अध्यक्ष सोनी सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री चंदा सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह, कोल्हान अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह , कोल्हान उपाध्यक्ष शीलू सिंह, पुरुष इकाई कोल्हान महामंत्री राजेश सिंह टेल्को, कोल्हान उपाध्यक्ष राजेश सिंह मनीफिट, जिला अध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला महामंत्री अंकित सिंह, जिला उपाध्यक्ष संगीता सिंह, जिला सचिव पूनम सिंह, विभा सिंह ,रिंकू सिंह, सुषमा सिंह, लक्ष्मी सिन्हा, नीति सिंह, सरोजिनी सिंह ,विभा सिंह, पूनम सिंह, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष राजरानी सिंह, रेनू सिंह, सिंपल सिंह, सुधा सिंह, ऋतु सिंह, नम्रता सिंह, सोनी सिंह, रीति सिंह, राकेश सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में 7 मंडल के लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम में 7 मंडल के लोग उपस्थित थे ।

## जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप कल से

**एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज करेंगी उद्घाटन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 12 मई को सुबह 7 बजे समर कैंप के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रसिद्ध एथलीट, अंजू बॉबी जॉर्ज मुख्य अतिथि होंगी। जॉर्ज 2002 में अर्जुन पुरस्कार, 2003 में खेल रत्न और 2004 में एथलेटिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पद्मश्री प्राप्त कर चुकीं हैं। उन्होंने पेरिस में एथलेटिक्स में 2003 विश्व चैंपियनशिप में लांग जंप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह 6.70 मीटर (22.0 फ़ीट) छलांग लगाकर एथलेटिक्स में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं।



अब तक, टाटा स्टील खेल विभाग को शिविर के लिए 2000 प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। बच्चों के लिए शिविर में पंजीकरण कराने का यह अंतिम अवसर है क्योंकि सीटें तेजी से भर रही हैं https://forms.office.com/r/KLSzFgAxHS पर ऑनलाइन पंजीकरण के साथ जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी पंजीकरण चालू हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# आतंकवाद का प्रवक्ता

**पाकिस्तान** आतंकवाद का बढ़ावा देने वाला, हिमायती और प्रवक्ता देश है। आतंकवाद और उसके वित्त-पोषण को तुरंत रोका जाना चाहिए। सीमापार आतंकवाद समेत उसके सभी स्वरूपों को खत्म किया जाना चाहिए। आश्चर्य है कि जब दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी और उसके चौतरफा प्रभावों से जूझ रही थी, उनसे निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद ज्यों का त्यों बरकरार रहा। आतंकवाद की अनदेखी करना 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के सदस्य-देशों के सुरक्षा-हितों के लिए हानिकारक होगा, लिहाजा आतंकवाद के खिलाफ कारगर कार्रवाई के लिए आपसी सहमति, सहयोग और एकजुटता अनिवार्य है। बेशक मंच एससीओ का था, लेकिन ऐसा आभास हो रहा था मानो भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर पूरी दुनिया को संबोधित कर रहे थे और आतंकवाद के प्रति आगाह कर रहे थे। जयशंकर को इतने सख्त लहजे में बोलते हुए हमने कभी नहीं सुना। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को परोक्ष रूप से 'आतंकवाद के उद्योग का प्रवक्ता' करार दे दिया। बिलावल ने विदेश मंत्री के तौर पर पहली बार एससीओ देशों की बैठक में शिरकत की थी। बिलावल ने कहा कि आतंकवाद को कूटनीति से अलग रखा जाना चाहिए। अलबत्ता उन्हें मजबूरन यह बोलना पड़ा कि हमारे लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कश्मीर, अनुच्छेद 370 और जी-20 देशों की बैठक का मुद्दा उठाया, तो हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने साफ जवाब दिया कि अनुच्छेद 370 अब 'इतिहास' है। जी-20 की बैठक से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है और अब पाकिस्तान यह बताए कि वह अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को कब खाली करेगा? एससीओ में भारत समेत चीन, रूस, उज़्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, कजाख़स्तान और पाकिस्तान आदि कई देश सदस्य हैं। फिलहाल भारत इस संगठन की अध्यक्षता कर रहा है और गोवा में सदस्य-देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक थी। अब रक्षा मंत्रियों की भी बैठक होनी है। भारत ने साझा घोषणा-पत्र के लिए जो प्रस्ताव दिए हैं, उनमें आतंकवाद समेत मोटे अनाज, ऊर्जा, भोजन, उर्वरक, जलवायु परिवर्तन आदि मुद्दे भी हैं। जुलाई में आयोजित शिखर सम्मेलन में इन देशों के जो राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री नई दिल्ली आकर शिरकत करेंगे, उन्हें कमोबेश आतंकवाद पर निर्णायक घोषणा करनी चाहिए। अलबत्ता आतंकवाद संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न वैश्विक मंचों पर उठाया जाता रहा है, लेकिन परिभाषा तक तय नहीं की जा सकी है। ऐसा पाकिस्तान को कई बार गरियाया जा चुका है कि आतंकवाद के अपराधी और पीड़ित साथ-साथ नहीं बैठ सकते। बात करना तो दूर की कौड़ी है। भारत 2008 के बाद से पाकिस्तान से द्विपक्षीय बातचीत नहीं कर रहा है, लेकिन कूटनीतिक संबंध जारी हैं। हालांकि दोनों देशों के बीच कारोबार भी नगण्य है। यदि बेहतर रिश्ते होते, तो पाकिस्तान की जनता को आटे-रोटी के लिए सडक़ों पर उतरना नहीं पड़ता। रोजी के लिए तड़पना नहीं पड़ता। भारत ने श्रीलंका समेत कई देशों की आर्थिक और खाद्यान्न मदद की है, तो पाकिस्तान की भी कर सकता था। हमने दुनियावी मंचों पर पाकिस्तान को 'आतंकीस्तान' घोषित किया है। अब नए विशेषण भी दिए गए हैं, लेकिन बीते 15 दिनों में कश्मीर में हमारे 10 जांबाज सैनिक भी 'शहीद' हुए हैं। जब शहीद का शव उसके घर-आंगन में पहुंचता है और नौजवान बच्चे की बंद आंखें देखते हैं, तो परिजनों का ही नहीं, गांव-समाज का कलेजा फट जाता है। इन त्रासदियों को कम किया जाना चाहिए। आतंकवाद ही बुनियाद है, तो पाक से रिश्ते कैसे हो सकते हैं?

> आतंकवाद की अनदेखी करना 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के सदस्य-देशों के सुरक्षा-हितों के लिए हानिकारक होगा, लिहाजा आतंकवाद के खिलाफ कारगर कार्रवाई के लिए आपसी सहमति, सहयोग और एकजुटता अनिवार्य है। बेशक मंच एससीओ का था, लेकिन ऐसा आभास हो रहा था मानो भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर पूरी दुनिया को संबोधित कर रहे थे और आतंकवाद के प्रति आगाह कर रहे थे। जयशंकर को इतने सख्त लहजे में बोलते हुए हमने कभी नहीं सुना। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को परोक्ष रूप से 'आतंकवाद के उद्योग का प्रवक्ता' करार दे दिया। बिलावल ने विदेश मंत्री के तौर पर पहली बार एससीओ देशों की बैठक में शिरकत की थी। बिलावल ने कहा कि आतंकवाद को कूटनीति से अलग रखा जाना चाहिए। अलबत्ता उन्हें मजबूरन यह बोलना पड़ा कि हमारे लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है।

## कुछ अलग

# अराजक संगठन

**किसी** भी मसले का ताव जब मीडिया की जुबान पर आता है, तब मालूम होता है कि हिमाचल किधर जा रहा है। ऊना के रायपुर सहोड़ा में ट्रक यूनियन यूं तो आईओसीएल के एलपीजी बाटलिंग प्लांट के गेट पर आधिपत्य जमाए बैठी रहती, लेकिन जब मीडिया से उलझी तो उसका चारित्रिक पतन दर्ज हो गया। यह दो घटनाओं का विवरण है। एक पहलू उनके विरोध और बाटलिंग प्लांट के अस्तित्व का है, तो दूसरा वह आक्रोश है जिसे बगल में छुपा कर ट्रकों का आंदोलन पत्रकारों के दल पर हमलावर हो गया। जाहिर है इस घटना ने प्रदेश के माहौल में घर कर रही विभिन्न संगठनों की अराजक मानसिकता का उल्लेख किया है, जिसे हम पत्रकारिता के आईने से देख सकते हैं। दूसरी ओर प्रदेश में हो रहे निवेश या औद्योगिक उत्पादन के दरपेश परिवहन संबंधी दिक्कतें भयावह होती जा रही हैं। इससे पहले सीमेंट उद्योग के दरवाजे पर भी इस तरह के माहौल ने चेतावनी दी थी और अब ऊना के परिदृश्य में ट्रकों की जमात के सामने सारा माहौल शर्मिंदा है। हम घटना के पहले भाग में हिमाचल की पूरी परिवहन व्यवस्था का अवलोकन करें तो सारे औद्योगिक क्षेत्रों को माल ढुलाई के रोग से ग्रस्त पाएंगे। यही तानाशाही रवैया औद्योगिक वातावरण में खंजरनुमा बनकर घूम रहा है। परिवहन का एक दूसरा रूप पर्यटन उद्योग के गले में अंगूठा देकर निरंकुश होने का अधिकार प्राप्त कर रहा है। हिमाचल में टैक्सियों का संचालन जिस तरह और जिस जिरह पर हो रहा है, उससे पर्यटन संभावनाएं अपमानित हैं। दिल्ली या मुंबई एयरपोर्ट से आप जिस दर पर टैक्सी लेकर महानगर के किसी भी छोर तक पहुंच सकते हैं, उससे कहीं विपरीत हिमाचल में चंद मिनटों की दूरी हजारों रुपयों में तय होती है। परिवहन नीति से मंजिलें तय करने के दावे कहीं तो सरकारी परिवहन की मजदूरी कर रहे हैं, तो कहीं खुली छूट में बिगड़ते माहौल की सडक़ पर बेबसी गुजर रही है। हिमाचल के तमाम औद्योगिक केंद्र अगर माल ढुलाई के फेरों में ट्रक यूनियनों से आजिज हैं, तो पर्यटक हिमाचल में टैक्सी की मुंहमांगी दरों से परेशान हैं। ढुलाई सेब की हो या सब्जी की, हिमाचल के हर कदम पर महंगाई का यही अवांछित पहलू है। परिवहन की सदाबहार फसल के आगे सेब-सब्जी उगाने वाले भी हर साल दुष्चक्र में फंस जाते हैं, तो इस बार बाटलिंग प्लांट के बाहर परिवहन के अवरोध में, मीडिया की उपस्थिति पर भी अराजक होती ट्रक यूनियन ने बता दिया कि माफिया पैदा कैसे होता है। परिवहन के ये जख्म अब मीडिया के चेहरे पर आए, तो मालूम यह करना होगा कि ट्रकों के पंजे में कौनसी बिसात बिछी है। यह विडंबना दोनों तरफ से है। मीडिया के सरोकार अब गांव-देहात से आर्थिक हालात तक नई पहल चाहते हैं, ताकि निजी क्षेत्र की उम्मीदों से ज्यादती न हो। हम यह नहीं कह सकते कि हर ट्रक हड़ताल गलत ही होगी, लेकिन हर बार हिमाचल से भागते निवेशक को पूछेंगे तो परिवहन की निरंकुश दरें ही शैतान बन कर डरा रही हैं। ऊना प्रकरण में अब तक सरकार को सारे विषाद की जड़ खोज लेनी चाहिए थी, ताकि सडक़ों पर बढ़ता उत्पात नियंत्रित किया जा सके। बेशक निवेश तो किसी ट्रक और टैक्सी की मिलकीयत में भी है, लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कि परिवहन क्षेत्र को माफिया होने से बचाया जा सके। इस बार मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि ट्रकों की मनमर्जी का शिकार मीडिया भी हो गया। यह महज कानूनी मरण नहीं, बल्कि उस छूट की गुस्ताखी है जो परिवहन क्षेत्र को मिल रही है यानी अब तक जो दौर डरा-धमका कर माल ढुलाई को महंगा कर रहा था, वह मीडिया की स्वतंत्रता को भी आंखें दिखाने लगा है। यह विभिन्न यूनियनों की छत्रछाया में फैल रही अराजकता है, जो अपने सामने किसी भी लोकतांत्रिक सवाल को बर्दाश्त नहीं करती।

**टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 4.5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और करीब 6 करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त है**

# टेक्सटाइल सेक्टर की नई अहमियत

डा. जयंती लाल भंडारी

> हम उम्मीद करें कि एक अप्रैल को लागू की गई देश की नई विदेश व्यापार नीति में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता तथा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क एवं टेक्सटाइल सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए लागू की गई प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना, बुनियादी ढांचे के निर्माण और कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कारगर क्रियान्वनय से भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करते हुए कुल 250 अरब डॉलर कारोबार की ऊंचाई को पार करते हुए देश के प्रमुख रोजगार प्रदाता उद्योग के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

**इस** समय देश ही नहीं दुनिया के टेक्सटाइल विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार ने टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के सात राज्यों तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के लिए अगले पांच सालों में पूरा करने का लक्ष्य रखते हुए 4445 करोड़ रुपये आवंटन की जिस पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना को मंजूरी दी है और एक अप्रैल 2023 से जिस अभूतपूर्व नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) को लागू किया गया है, उससे टेक्सटाइल सेक्टर में उत्पादन, निर्यात और रोजगार के मौके छलांगे लगातार बढ़ते हुए दिखाई देंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में टेक्सटाइल सेक्टर कृषि के बाद रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र भी है। इस समय टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 4.5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और करीब 6 करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त है। जिस तरह इस समय टेक्सटाइल सेक्टर को रणनीतिक रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे टेक्सटाइल उद्योग में अकुशल, अद्र्धकुशल, कुशल और महिला श्रम शक्ति के साथ-साथ नए कम्प्यूटर एआई पेशेवरों के लिए भी रोजगार के और अधिक प्रचुर मौके निर्मित होंगे। टेक्सटाइल सेक्टर में सभी प्रकार के लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। युवा अपनी कुशलता के आधार पर विभिन्न रूपों में करियर बना सकेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए के पांच एफ (फार्म टू फाइबर, फायबर टू फैक्ट्री, फैक्टरी टू फैशन तथा फैशन टू फॉरेन) विजन और प्लग एंड प्ले एकीकृत बुनियादी ढांचे की आधुनिक अवधारणा पेश की है। वस्तुतः पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क एक ही स्थल पर कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, रंगाई व छपाई से लेकर टेक्सटाइल निर्माण तक एक एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला का अवसर प्रदान करते हुए दिखाई दे रहा है। प्रत्येक मेगा टेक्सटाइल पार्क से करीब एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ऐसे में पीएम मित्र पार्क दुनिया के लिए मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वल्ड की पहल के बेहतरीन उदाहरण बनेंगे और मेगा टेक्सटाइल पार्क के माध्यम से घरेलू निर्माताओं को अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाजार में समान मौके मिलेंगे। ऐसे में भारत का टेक्सटाइल निर्यात जो वर्ष 2021-22 में 44.4 अरब डॉलर रहा है, वह वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पार करते हुए दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग शताब्दियों के समृद्ध इतिहास के साथ देश



की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इस समय टेक्सटाइल सेक्टर देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2 प्रतिशत से अधिक और मूल्य के संदर्भ में देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में करीब 7 प्रतिशत योगदान करता है। वर्तमान में भारत दुनिया में कपड़ों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है तथा वैश्विक रेडीमेड गारमेंट बाजार में अपना एकाधिपत्य जमाने को तैयार है। भारत से होने वाले कुल टेक्सटाइल और परिधान निर्यात सबसे अधिक करीब 27 प्रतिशत अमेरिका को किया जाता है। इसके बाद करीब 18 प्रतिशत यूरोपीय संघ को, करीब 12 फीसदी बांग्लादेश और करीब 6 फीसदी संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात किया जाता है। निःसंदेह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन व निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार ने एक के बाद एक विभिन्न नीतिगत पहलों और योजनाओं को लागू करके प्रभावी कदम उठाए हैं। सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में अहम कदम आगे बढ़ाते हुए कपड़े और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देने और के लिए 10683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार ने संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना, एकीकृत वस्त्र पार्कों के लिए योजना, कपड़ा क्षेत्र में क्षमता निर्माण की योजना लागू की हैं, जिनके अनुकूल परिणाम आ रहे हैं। सरकार के द्वारा शुल्क वापसी योजना के अंतर्गत 23 मार्च से हो रहे निर्यात पर विभिन्न लाभ दिए जा रहे हैं। साड़ी और लुंगी समेत कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से इनको भी निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट के अंतर्गत लाभ दिए जा रहे हैं। इस समय देश में टेक्सटाइल के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात बढ़ाने तथा एक कुशल और एकीकृत कपड़ा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए टेक्सटाइल सेक्टर के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के लिए तरजीही टैरिफ देने के कारण भारत से टेक्सटाइल निर्यात को नुकसान हुआ है। बांग्लादेश चीनी धागों का आयात करता है, उन्हें अपने सस्ते श्रम का इस्तेमाल करके कपड़े बनाता है और बिना किसी आयात शुल्क इस तरह के कपड़े भारत को निर्यात करता है। ऐसे में बांग्लादेश को दी गई शुल्क मुक्त बाजार की पहुंच भारत में चीनी वस्त्रों के अप्रत्यक्ष प्रवेश की सुविधा प्रदान कर रही है। देश में चीन और कुछ अन्य देशों से टेक्सटाइल के सस्ते आयात कुछ क्षेत्रों में घरेलू टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। निःसंदेह इस समय भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए टेक्सटाइल के वैश्विक बाजार में आगे बढने तथा वैश्विक बाजार में प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनने के शानदार अवसर उभरकर दिखाई दे रहे हैं। ऐसे अवसर को मुठ्ठी में करने के लिए टेक्सटाइल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा। अब टेक्निकल टेक्सटाइल में मशीनरी और उपकरणों के स्वदेशी विकास की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति तथा डिजाइन, इंजीनियरिंग, फैब्रिकेशन तथा प्रोटोटाइपिंग में स्थानीय कौशल का दोहन किया जाना होगा। टेक्सटाइल से संबंधित विषय के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप व अनुदान से लाभान्वित करके टेक्निकल टेक्सटाइल के मैन्युफैक्चरिंग और एप्लिकेशन क्षेत्र दोनों के लिए उद्योग-प्रशिक्षित पेशेवरों तथा अत्यधिक कुशल श्रमिकों को तैयार किया जाना होगा। टेक्निकल टेक्सटाइल में निजी और सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए टेक्सटाइल के डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों को नए दौर की टेक्सटाइल से जुड़ी अध्ययन सामग्री से सुसज्जित करना होगा। हम उम्मीद करें कि एक अप्रैल को लागू की गई देश की नई विदेश व्यापार नीति में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता तथा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क एवं टेक्सटाइल सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए लागू की गई प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना, बुनियादी ढांचे के निर्माण और कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन से भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करते हुए कुल 250 अरब डॉलर कारोबार की ऊंचाई को पार करते हुए देश के प्रमुख रोजगार प्रदाता उद्योग के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

# सियासत के दामन पर गुनाहों के दाग


> राजाओं के त्याग के बाद ही मुल्क का निजाम लोकतांत्रिक हुआ था, मगर देश का तंत्र पूरे तौर पर लोक को आज भी समर्पित नहीं हो रहा है। लोकतंत्र में सियासतदान अपने जीवन की शुरुआत नजसेवक के रूप में करते हैं, मगर सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के बाद सियासी हुक्मरान स्वयं को जम्हूरियत का गालिब मान बैठते हैं। देश के कई सियासतदानों के नाम के साथ माफिया, डॉन व बाहुबली जैसे शब्द जुड़ने से सियासत कुख्यात हो चुकी है। कई सियासतदानों के कैरियर का आगाज गुनाहों की गलियों से हो रहा है। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ जिले में राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। गत 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पुलिस फोर्स के ग्यारह जवान नक्सली बर्बरता का शिकार हो गए, लेकिन हाल ही में उत्तर प्रदेश में माफियाओं की मौत तमाम न्यूज चैनलों पर बहस का मरकज नबी रही। देश की रक्षा में मुस्तैद जवानों के बलिदान की जगह माफियाओं की मौत को ही तवज्जो दी गई। उन माफियाओं की फुरकत में देश की सियासत से लेकर बैरूनी मुल्कों तक मातम नमाया जा रहा है। यह स्पष्ट है कि सियासी पनाह के निबा किसी माफिया या बाहुबली की पैदाईश नहीं होती।

**देश** के हजारों इंकलाबी चेहरों की लंबी जद्दोजहद के बाद बर्तानिया हुकूमत से हिंदोस्तान को आजादी नसीब हुई थी। आजादी के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए देश के राजाओं ने अपनी सैंकड़ों रियासतों का भारत में स्वैच्छिक विलय करके राष्ट्रवाद की नजीर पेश की थी। ज्यादातर रियासतों पर राजपूत वर्चस्व था। राजाओं के त्याग के बाद ही मुल्क का निजाम लोकतांत्रिक हुआ था, मगर देश का तंत्र पूरे तौर पर लोक को आज भी समर्पित नहीं हो रहा है। लोकतंत्र में सियासतदान अपने जीवन की शुरुआत जनसेवक के रूप में करते हैं, मगर सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के बाद सियासी हुक्मरान स्वयं को जम्हूरियत का गालिब मान बैठते हैं। देश के कई सियासतदानों के नाम के साथ माफिया, डॉन व बाहुबली जैसे शब्द जुडऩे से सियासत कुख्यात हो चुकी है। कई सियासतदानों के कैरियर का आगाज गुनाहों की गलियों से हो रहा है। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ जिले में राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। गत 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पुलिस फोर्स के ग्यारह जवान नक्सली बर्बरता का शिकार हो गए, लेकिन हाल ही में उत्तर प्रदेश में माफियाओं की मौत तमाम न्यूज चैनलों पर बहस का मरकज बनी रही। देश की रक्षा में मुस्तैद जवानों के बलिदान की जगह माफियाओं की मौत को ही तवज्जो दी गई। उन माफियाओं की फुरकत में देश की सियासत से लेकर बैरूनी मुल्कों तक मातम मनाया जा रहा है। यह स्पष्ट है कि सियासी पनाह के बिना किसी माफिया या बाहुबली की पैदाईश नहीं होती। ऐसा कोई संगीन जुर्म नहीं जो सियासतदानों के दामन पर न लगा हो। विडंबना है कि रंगदारी, अपहरण व कत्ल जैसी संगीन वारदातों में मुल्लविश जिन माफियाओं पर अदालतें फैसला सुनाने से बचती हों, पुलिस व प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने से खौफजदा रहते हो, खुद को आईन से ऊपर समझने वाले जिन माफियाओं के अपराध को रोकने में सलाखें भी लाचार हैं, उन माफियाओं के रुखसत होने पर सियासत में भूचाल आ जाता है। सियासी वर्चस्व की जंग को अदावत में तब्दील करने वाले माफियाओं की मौत पर कई सियासतदान घडियाली अश्क बहाकर कानून की दुहाई दे रहे हैं। मौजूदा सियासत की यही खुसुसियत लोकतांत्रिक प्रणाली के भविष्य के लिए अशुभ संकेत साबित हो रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुरक्षा एजेंसियों से लेकर देश के हर इदारे पर हुक्मरानी सियासी रहनुमाओं की होती है। लोगों की काफी उम्मीदें चुने हुए प्रतिनिधियों पर टिकी होती हैं। मगर देश के करोड़ों लोगों की नुमांईदगी करने वाली लोकतंत्र की संस्थाओं में दागी व माफियाओं का संगम यदि जम्हूरियत की जीनत बन जाए तो लोगों का लोकतंत्र से भरोसा उठना तय है। हालात इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि समाज में शराफत भरे लोग माफियाओं से ज्यादा कानून व सुरक्षा एजेंसियों से डर रहे हैं। आम लोगों के हकूक की आवाज लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ सहाफत बुलंद कर रहा है। मजलूमों की आवाज समाज का दर्पण कहे जाने वाले सहाफी बन रहे हैं। देश के न्यायालय न्यायाधीशों की कमी से जूझ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों से लेकर देश के लगभग हर विभाग में अहलकारों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। उच्च शिक्षित युवावर्ग बेरोजगारी के बोहरान में फंसकर गर्दिश-ए-तकदीर को कोस रहे हैं। बेरोजगारी की शिद्दत युवावेग के दिशाहीन होने का कारण बन रही है। मौसम के बेरुखे मिजाज से कृषि अर्थतंत्र की बुनियाद किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ रही हैं। मगर देश में सियासी जमातों की तादाद व सियासतदानों की सुख सुविधाओं में कोई कमी नहीं है। जिन सियासी रहनुमाओं की नीतियों पर देश के भविष्य की तस्वीर तय होगी, वे अपने सियासी साम्राज्य के मुस्तकबिल को बचाने वाली नीतियों में मशगूल हैं। अतीतकाल से अध्यात्म, राष्ट्रभक्ति व वसुधैव कुटुंबकम जैसी महान संस्कृति का वारिस रहा 'विश्व गुरु भारत' यदि वर्तमान में सांप्रदायिक माहौल की दहलीज पर खड़ा है तो इसका श्रेय भी देश की सियासत व मजहब के रहनुमाओं को ही जाता है। कई सियासतदान संविधान का हवाला देकर अपनी तकरीरों में जहर उगल कर देश के आईन को ही आईना दिखाने में गुरेज नहीं करते। सियासी वजूद को बचाने के लिए जाति मजहब व मुतनाजा बयानबाजी का सहारा लिया जाता है। जनप्रतिनिधियों का यह आचरण सियासत में अस्थिरता का तनाजुर पैदा कर रहा है। अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए सियासी कयादत यदि अपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों की मेजबानी इसी तरह करती रही तो लोकतांत्रिक ढांचे में अराजकता का मंजर पैदा होना स्वाभाविक है। बारूद उगलती सियासी तकरीरों से आहत होकर भाषा की शालीनता, तहजीब, मर्यादा, नैतिकता, गरिमा व अदब जैसे शब्द अपना वजूद बचाने को मजबूर हो चुके हैं। हिकारत भरी भाषणबाजी से लोगों के जज्बात भी महफूज नहीं हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने सख्त रुख अख्तियार करके सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को हेट स्पीच देने वालों पर बिना किसी शिकायत के मामला दर्ज करने का फरमान जारी किया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में विश्व की सबसे बड़ी आबादी की सदारत करने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ते अपराधिकरण का जिम्मेवार कौन है। सियासतदानों को अपने वोट की ताकत से जम्हूरियत का हाकिम बनाने वाली सर्वोच्च ताकत मतदाताओं को इस विषय पर तफसील से गौर फरमानी होगी। राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण से सियासी रहनुमाओं में राष्ट्रवाद की भावना का अभाव साफ झलकता है। देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने के लिए राष्ट्रीयता की भावना के साथ आदर्श शासन व्यवस्था जरूरी है। बहरहाल जब देश की सीमाएं चीन व पाकिस्तान जैसे आतंक की हिमायत करने वाले मुल्कों से सटी हों तो राष्ट्र को राष्ट्रहित के मुद्दों पर सशक्त नेतृत्व क्षमता वाले सियासी रहनुमाओं की जरूरत है, सभ्य समाज से लेकर सुरक्षा एजेंसियों व न्यायिक व्यवस्था के लिए चुनौती बन रहे अपराधियों के जमींदोज होने पर विलाप करने वालों की नहीं। लोकतंत्र का वजूद बचाने के लिए लाजिमी है कि सियासत के रुखसार पर लगे गुनाहों के दाग रुखसत होने चाहिए।

## नागरिक बोध

# मणिपुर में तनाव बरकरार,हिंसा के खतरे बढ़ने से सरकार की बैचेनी बढ़ी

**मणिपुर** में आदिवासियों के आंदोलन की आग से राज्य में दूसरे दिन भी अशान्ति है। विश्व मे अधिकांश पिछड़ी जाति या आदिवासी समुदाय जंगलों में ही रहते है। मणिपुर में यही समस्या मुह फाडे खड़ी है।मणिपुर में पहाड़ी भाग में नगा और समुद्री भागो मैतयी समुदाय निवास करता है। मैतयी समुदाय अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग कर रहा था । उस दौरान एकजुटता मार्च का आयोजन के दौरान भड़की आग से अफरातफरी मच गई। आदिवासियों और गैर अदिवादसियो के खिलाफ लड़ाई में मणिपुर की अबोहबा में दरार आ गई। नगा जाति ईसाई समुदाय को मानती है। घाटी में रहने वाले लोग हिन्दू समुदाय के लोग है। मणिपुर की हिंसा से एक बार फिर राज्य में अशांति पसर गई है।लोगो मे दहशत व्याप्त है। हिंसा और हिंसा से आग ज्यादा भड़कती है। देश मे समाजिक वैमनस्य पर हावी अनेक समुदाय की समस्या को लेकर सरकार चिंतित नही है। धर्म के नाम पर



राजनीति करने वाले अधिकतर राजनैतिक आकाओं का कारनामा है। शांत बैठे लोगों को ये राजनीतिज्ञ शरण देकर उपद्रवियों को उकसाया जाता है। मणिपुर में हिंसा जारी है। यह पहला और आखिरी घटना नहीं है।2017 में भी हिंसक झड़पे देखी जा चुकी है। खून को खून से साफ नही किया जा सकता है। उसके लिए पानी की जरूरत होती है। मणिपुर जल रहा है। उसके लिए केंद से मदद मांगी गई। पहाड़ो पर रहने वाली नगा जातियों और अन्य जातियों को आज भी भय है कि कही सरकार हमारी जमीन और घर पर कब्जा कर न दे।मणिपुर में स्वायत्तता के लिए उठा सवाल जीवन पर संकट न आ जाए उसके चलते कई बार आशंका के लिए उपजा अविश्वास हिंसा में बदल रहा है। हर बार दोनों समुदाय में झड़पे बढ़ती जा रही है। मणिपुर में न तो कोई स्थायी नागरिक बन सकता है और न ही कोई व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। राजा महाराजाओ का कानून सरकार ने बन्द कर दिया। यह मुख्य भययुक्त मसला था।मणिपुर में बढ़ती आबादी के भय से अपनी पैतृक सम्पति गंवा न दे उस भय से आंदोलन और हिंसक झड़पे मुख्य समस्या है। मणिपुर को 1929 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। मैतयी समुदाय के बीच हिंसा का वातावरण होने की वजह से अफस्पा लागू है। आदिवासियो में बढ़ते द्वेष और अपने हक के लिए सरकार से लड़ने के मूड में है। लेकिन जिस तरह आदिवासियों के साथ लम्बे समय से सरकार का ध्यान नही जाना मणिपुर की जनता के मानसिक अशान्ति का ही कारण है।

## देश दुनीया से

# देवता को खुद पर शंका

**देवताओं** तक धरती के मसले अब नहीं पहुंच रहे थे। सारे देवता इससे परेशान थे। परेशानी में खतरा यह था कि कहीं स्वर्ग के सिंहासन पूरी तरह डोल ही न जाएं। देवताओं के भ्रम टूटने लगे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इनसान ही परेशान होकर उनके पास आएंगे, लेकिन इधर देवलोक की व्यस्तता खत्म हो रही थी, क्योंकि धरती लोक पर ही फैसले होने लगे थे। धरती पर सरकारों ने खुद को ईश्वर मानकर इनसान से भी बड़े निर्णय करने शुरू कर दिए थे। कुछ नेताओं ने स्वयं को इतना महान बना लिया था कि अब धर्म के मामले भी आपस में बांट कर ही तय करने लगे हैं। इसी देखादेखी में अदालतों ने भी न्याय के बजाय करिश्मे करने शुरू कर दिए थे। देवताओं के पास या तो धर्म था या करिश्मा और अब ये भी सरक कर धरती लोक के नेताओं का हुनर बन गए थे। देवताओं ने जब भी ऊपर से नीचे देखा, यही पाया कि सारे फरियादी अब नेताओं को भगवान मानने लगे हैं। देवताओं की नींद हराम है। नींद की गोली ऊपर मिलती नहीं, इसलिए देवताओं ने अपने बीच से कुछ अति कुशल देवता धरती पर सरस्वती नदीं पर उतार दिए। देवलोक में नींद हरामी से बचने को धरती लोक पर आए देवताओं की आंखें खुली की खुली रह गईं। उन्होंने देखा कि इनसान को अब नींद उड़ाती घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता, बल्कि वह एक बाजू में नरक तो दूसरे में स्वर्ग लिए घूम रहा है। देवताओं ने स्लम एरिया के बगल में गगनचुंबी इमारतों से नरक-स्वर्ग का भेद मिटता हुआ देख लिया। देवताओं को विश्वास नहीं हो रहा था। वे मन ही मन सोचने लगे, 'हम यूं ही इनसानों पर शक करते रहे, जबकि यहां तो पृथ्वी लोक के बाशिंदे पूजने लायक हो गए हैं। लोग बिना कमाए, बिना पछताए भी चैन की नींद सो रहे हैं, जबकि नींद हमारी इस बात को लेकर खराब है कि जनता को हमारे न्याय पर विश्वास ही नहीं रहा।' देवता पहली बार खुद पर ही शंका करने लगे। दरअसल उन्होंने हरिद्वार में गंगा के किनारे पहुंच कर जैसे ही साधुओं को आशीर्वाद दिया, उल्टे साधुओं ने ही उनका आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड पूछ लिया। साधु उनसे भारतीयता का प्रमाण पूछने लगे, तो लाचार देवता एकदम शर्मसार हो गए, जबकि दूसरी ओर से उन्हें बताया गया कि देश को अब धरती के अवतार चलाते हैं। देवताओं को नसीहत दी गई कि वह जब तक देश में किसी अवतार के भक्त नहीं होते, उनकी राष्ट्रयीता पर शक रहेगा। उन्हें बताया गया कि नोटबंदी के बाद देश में देवताओं के चमत्कार व आशीर्वाद भी बंद कर दिए गए हैं, लेकिन भारत ने नई करंसी के रूप में तरह-तरह के घरेलू आशीर्वाद बना लिए हैं, जिन्हें सुविधा और स्वादानुसार हासिल किया जा सकता है। कम से कम आशीर्वाद व वरदान देने में भारतीय आत्मनिर्भरता का कोई सानी नहीं। देवताओं ने महसूस किया कि कल तक जंगलों में भटकने वाले बाबाओं को अब सरकारें आशीर्वाद देने लगी हैं। वाकई यह देश का चमत्कार है कि अब संत-महात्मा जंगल से मुख्य धारा में ट्रांसफर हो गए हैं। देवताओं को पहली बार गुस्सा आ रहा था कि देवलोक में उन्हें खामख्वाह ओवर डिलीवर करना पड़ रहा है, जबकि यहां धरती पर तो 'राम राज्य' चल रहा है। स्वयं राम मंदिर निर्माण के फैसले पर भगवान को न्यायालय पर भरोसा है, तो देवताओं की बात तो साधु-संत भी नहीं मान रहे। देवताओं में अस्तित्व की आशंका पैदा हो गई। डर यह था कि कहीं देवलोक को ही नीचे शिफ्ट न करना पड़े। खुद को बचाने के लिए देवताओं ने किसी तरह मीडिया से संपर्क साधा। देवताओं को पहली बार ज्ञान हुआ कि इस युग में मीडिया ही उन्हें वापस भरोसे लायक बना सकता है। देवताओं का मीडिया शरण में आते ही आत्मविश्वास बढ़ गया। अब मीडिया भी धरती पर सरकारों को साध रहा है, तो स्वर्गलोक के लिए देवता तैयार कर रहा है।

> देवताओं के भ्रम टूनटे लगे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इनसान ही परेशान होकर उनके पास आएंगे, लेकिन इधर देवलोक की व्यस्तता खत्म हो रही थी, क्योंकि धरती लोक पर ही फैसले होने लगे थे। धरती पर सरकारों ने खुद को ईश्वर मानकर इनसान से भी बड़े नर्णिय कनरे शुरू कर दिए थे। कुछ न ेताओं ने स्वयं को इनता महान नबा लिया था कि अब धर्म के मामले भी आपस में बांट कर ही तय कनरे लगे हैं। इसी देखादेखी में अदालतों ने भी न्याय के बजाय करिश्मे कनरे शुरू कर दिए थे। देवताओं के पास या तो धर्म था या करिश्मा और अब ये भी सरक कर धरती लोक के नेताओं का हुनर नब गए थे। देवताओं ने जब भी ऊपर से नीचे देखा, यही पाया कि सारे फरियादी अब नेताओं को भगवान मानने लगे हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बुधवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली।उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत की समीक्षा के क्रम में नगर पंचायत द्वारा कर वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार करने की बात कही गई। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वाणिज्य कर पदाधिकारी को राजस्व संग्रह में तेजी लाते हुए लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें।बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, समेत जिले के अधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ व बीपीओ ने रोजगार सेवकों के साथ किए समीक्षा बैठक दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार 10 मई को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह एवं बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने नए रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया। इस बैठक में सभी रोजगार सेवकों को कई दिशा निर्देश दिए गए। जहां सर्वप्रथम बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित लक्ष्य एवं क्रिया वन योजनाओं को 2 दिन के अंदर लागू करवाने की बात कही है। बिरसा कूप हरित संवर्धन योजना के तहत दिए गए लक्ष्य को निर्धारित करते हुए क्रिया वन का निर्देश दिया गया है।वही आधार प्रोसीडिंग व अन्य कार्यो के लिए सभी रोजगार सेवकों को अपने-अपने पंचायतों में कार्य को दिशा देने की बातें कही गई हैं। साथ में खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान का योजना चल रहा है उसे निरीक्षण करने तथा कार्य मे तेजी लाने की बात कही गई।मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा निर्मल कुमार दांगी, पार्वती देवी, शालिनी भारती, प्रदीप कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिन्हा बैठक में उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिलेगा चार लाख मुआवजा

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के रास्ते में कोल वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के परिजनों को ट्रांसपोर्टर द्वारा मिलेंगे अब 4 लाख रुपए का आर्थिक सहायता, मुआवजा नीति पर लगायी गयी है मुहर। जबकि यह निर्णय सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अनुपस्थिति में हुआ मुआवजा नीति निर्धारण किया गया है। लेकिन इस तरह मुआवजा नीति बनाए जाने को लेकर विधायक अब चुप्पी साध लिए हैं।वहीं आंदोलन के नेतृत्वकर्ता तिलेश्वर साव, सुभान अंसारी को एनटीपीसी सभागार में आयोजित मुआवजा निर्धारण की बैठक से बाहर रखा गया है। वहीं चार लाख के मुआवजा नीति निर्धारण से ग्रामीण और टंडवा प्रमुख पति अरुण उरांव में काफी आक्रोष है। जबकि चतरा उपयुक्त की अध्यक्षता में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास द्वारा बैठक में कोल ट्रांसपोर्ट एवं सीसीएल द्वारा मृतक के आश्रितों को 8 लाख रुपया की आर्थिक सहायता देने का मनोज चन्द्रा ने दिया था निर्देश। लेकिन एनटीपीसी के सभागार की बैठक में 4 लाख रुपए देने की सहमति आखिर क्यों, विधायक मौन क्यों यह बड़ी बात है। जिसे लेकर प्रभावित क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोष है इस तरह मुआवजा नीति चुप गुप् बनाने में। क्या इंशानो की कीमत कोल कंपनी के नजर में मात्र 4 लाख है।

## एक हीं अंचल में पांच वर्षो से जमे सीओ के प्रतिं ग्रामीणों में रोष

**चतरा/सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सिमरिया अंचल में पांच वर्षो से एक हीं जगह जमे पदाधिकारियों के प्रतिं ग्रामीणों में अब हलचल बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर किन नियम संगत से एक हीं जगह पर एक हीं पदाधिकारी को कुर्सी पर बृजमान रखा गया। इसके पीछे सरकार का क्या राज है। जबकि अन्य पदाधिकारियों को महज दो या तीन वर्ष में एक जगह से दुशरे जगह स्थानंतरण कर दिया जाता है। क्या उच्च स्तरीय पदाधिकारियों का छत्रछाया उनके कुर्सी पर बना हुआ है या दरबार में हाजरी लगा मोक्ष प्राप्ति कर लिया गया है। वैसे में एक हीं जगह पर पांच वर्षो से जमे कोई भी पदाधिकारियों पर किसी का भी निगाह पहुंच सकती है चुकी सभी के दिमाग में उत्सुकता जगी रहती है कि आखिर कौन सा किसका आशीर्वाद प्राप्त हो गया है जो सिस्टम के विरुध्द उस कुर्शी पर विराजमान कर द्रव्य प्राप्ति की संग्राहलय खोल दिया गया है। इधर भुक्तभोगियों ने बताया कि अंचल में चाहे मोटेशन हो या एलपीसी, या छुटे हुए रकबा या पलौट का ऑनलाइन सभी में लिया जाता है जी भर कर रूपये। जिसके कारण क्षुब्द ग्रामीणों में आक्रोष का बुलबुला उठ कई सवाल कर स्थानंतरण करने की मांग कर रहे हैं।

## नेत्रहीन सोमेश को आम्रपाली महाप्रबंधक ने किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई निवासी नेत्रहीन सोमेश कुमार पांडेय को आम्रपाली महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने अंगवस्त्र शॉल, बुके और श्रीफल देकर सम्मानित किया। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि सोमेश की सफलता हर युवाओं के लिए प्रेरणादाई है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने इनकी माता के देहान्त कोरोणा काल में हो जाने की खबर देते हुए मदद का आग्रह किया। जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कोविड में सीसीएल के तरफ से जिन बच्चों के माता/पिता की मृत्यु हो गई थी उनके आगे की पढ़ाई के लिए सीसीएल सीएसआर कोविड छात्रवृति योजना में सोमेश को जोड़कर लाभ दिलाया गया। छात्रवृति के रुप में मिले आर्थिक सहायता सोमेश की पढ़ाई में काफी उपयोगी साबित हुआ। इस मदद को सोमेश नहीं भूलते बल्कि उस विषम परिस्थिति में सांसद , विधायक, सीसीएल सभी का जो विशेष साथ मिला, उसके लिए सोमेश ने आभार प्रकट किया। बताते चलें कि सोमेश को बचपन से ही आखों की रौशनी नहीं होने के बावयुद अपनी हौसला, लगन और मेहनत से एसएससी की परीक्षा पास कर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में जॉब प्राप्त किया है। सोमेश के साथ दृष्टिबाधीता की कठिनाई के अलावे माता, पिता का साया नहीं रहा, इसके बावयुद उसने यह सफलता हासिल की। वर्तमान में सोमेश दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक कर ही रहे हैं इसी बीच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में जॉब भी प्राप्त हो गया है।आम्रपाली महाप्रबंधक ने सोमेश के साथ उनके बड़े भाई सुदर्शन कुमार जो हाथ से दिव्यांग हैं उनका भी उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामना दिया। मौके पर विशेष रूप में टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, प्रवेश कुमार पांडेय, सीएसआर पदाधिकारी मोहसिन रजा, सीसीएल कर्मी सतेन्द्र कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## माननीय उच्च न्यायालय, मानवाधिकार राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार (आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में अंचल टंडवा व जिला शिक्षा अधीक्षक समेत सभी संबंधित को निदेश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराएं और प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक ही गांव से दो मवेशियों की हुई चोरी, लोग परेशान

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत में स्थित गांगपुर में बीते मंगलवार की रात अलग- अलग जगह से दो बैल की चोरी हुई है। चोरी किसने किया और कैसा किया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैल नरेश साव पिता स्वज़ भेखलाल साव तथा गोपाल यादव पिता स्वज़ जानकी यादव का बताया जा रहा है। सुबह जब किसान रोज दिन के तरह दोनों मंगलवार को भी अपने अपने बैलों को मचान के पास बांध दिया था। सुबह होते ही अन्य बंधे जानवर को खोलने गए तो बैल नहीं व गायब पाया गया। यह बात धीरे-धीरे गांव में बात फैली तो दो लोगों का एक एक बैल गायब था। यह घटना का अंजाम किसने दिया इसकी जानकारी नहीं हुई है। और ना ही अब तक मामला थाना तक पहुंची है।

## अज्ञात बोलेरो ने बाईक सवार को मारी टक्कर, घायल

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा रांची मुख्य मार्ग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप स्थित तीन मुहान मे बिते रात बोलेरो व बाइक के आमने सामने टक्कर मे एक व्यक्ति घायल हो गया द्य घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार बिते रात लगभग सात बजे के आसपास बाइक और बोलेरो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई द्य जिसमें बाइक सवार राजेंद्र कुमार गंझु पिता कनवर गंझु बालुभांग निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति को बेहोशी की अवस्था में स्थानीय लोगों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। घायल व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार बारिखाप के तरफ से आ रहा था इसी दौरान बालुमाथ की ओर से तेज गति मे बिपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना तेज हुआ की बाइक सवार कुछ दुरी पर जा गिरा। सुनसान सड़क का फायदा उठाकर बोलेरो चालक फरार हो गया।

## समाजसेवी अशोक गहलौत ने ओसिस मिनरल वाटर डिस्ट्रीब्यूटरशीप केंद्र का उद्घाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज :** प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र स्थित जोरी बाजार में बुधवार को ओसिस मिनरल वाटर के चतरा जिला डिस्ट्रीब्यूटर अर्पित इंटरप्राइजेज का समाजसेवी अशोक गहलौत ने विधिवत रूप से फीता कटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर अर्पित इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिनंदन कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर बोतल बंद ओसिस मिनरल वाटर व बॉटलिंग प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट में सरकारी नियमो का पूर्णतः पालन किया गया है। वहीं झारखंड बिहार बंगाल के मार्केटिंग हेड सत्रुधन कु शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में ओसिस के गुणवतापूर्ण पानी की मांग चतरा जिला के अलावे लोहरदगा, हजारीबाग, गुमला गिरिडीह, धनबाद में भी हो रही है। इस मौके पर जोरी पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि और जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पत्थलगड़ा जिला परिषद मंत्री व विधायक से किये भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी ने झारखंड सरकार के माननीय कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक किशुन कुमार दास से मुलाकात किए और अपने पत्थलगड़ा प्रखंड के समस्याओं से अवगत करवाएं कृषि मंत्री से आग्रह किए की पत्थलगड़ा प्रखंड कृषि प्रधान प्रखंड है किसानों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराया जाए जिस पर माननीय मंत्री महोदय ने आश्वासन दिए कि मैं हर संभव मदद करेंगे और काम करेंगे जिप सदस्य द्वारा कृषि मंत्री को पत्थलगड़ा आने का भी नेवता दिए जिस पर मंत्री महोदय ने बहुत जल्द पत्थलगड़ा आने का आश्वासन दिए हैं।

## सरहुल पूजा में शामिल हुए बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की किया कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत हेडुम पंचायत के हेडूम गांव में सैकड़ो वर्षो से लोग सरहुल पूजा मनाते हुए आ रहे हैं। अध्यक्ष भोगता ने पूजा स्थल पर पूजा अर्चना कर सरहुल शोभा यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम स्थल आगमन पर पूजा समिति के लोगों ने तिलक और अबीर गुलाल लगाकर, सरई फूल देकर स्वागत किया। इसके उपरांत पूजा स्थल परिसर में अन्य गणमान्यों ने नगाड़े, मांदर के थाप सरहुल उत्सव का आनंद लिया। छद्दू सिंह भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ॠतु में मनाए जाने वाला आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व है। सरहुल पूजा हमसब को सीधे तौर पर प्रकृति से जोड़ती है। आदिवासी समाज अनंतकाल से ही प्रकृति पूजक व पर्यावरण संरक्षक रहा है। यह पर्व नए साल की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है। यह पर्व झारखंड, बिहार, उड़ीसा और बंगाल में भव्य तरीके से मनाया जाता है। इस सरहुल पूजा कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अध्यक्ष कामख्या सिंह भोक्ता, कार्य कार्यक्रम व्यवथापक बिरजू गंझु, मुखीया संतोष राम, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तुरी, समाजसेवी गुल्ली गझू , लालू यादव, अर्जुन यादव, सन्नी राम, प्रमोद तुरी, विनेश्वरी राम, महादेव साव, अरविंद साव तथा लावालौंग के वार्ड सदस्य मुमताज आलम, समेत कई सैकड़ो महिला, पुरूष तथा गणमान्य मौजूद रहे।

## छात्र यूनियन 60-40 के विरोध में जिला परिषद अध्यक्ष को दिया आवेदन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छात्र यूनियन ने सामाहरनालय में पहुंच जिला परिषद कार्यालय में आकर जिप अध्यक्ष पूनम देवी को आवेदन सौपा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के द्वारा झारखंड सरकार के झारखंड विरोधी नियोजन नीति के विरोध में 60-40 के बारे में अध्यक्ष को आवेदन देकर के नियोजन निती को विरोध की। उन्होंने बताया कि इसके लिए हम लोग कई आंदोलन कर चुके हैं, हमारी भावना को झारखंड सरकार तक पहुंचाने का कृपा करें। मौके पर पप्पू यादव, सतीश कुमार, रितेश कुमार, रितेश यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर जनसेवक संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला जनसेवक संघ अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल जारी है मंगलवार को जनसेवकों ने समाहरणालय गेट के समीप धरना प्रर्दशन किया। एवं हड़ताल दूसरे दिन भी जारी जनसेवक संघ ने कहा कि जनसेवकों की नियुक्ति के दस वर्ष के बाद एमएसीपी का लाभ दिया जाना था। लेकिन वर्तमान में कृषि निदेशक द्वारा ग्रेड पे 2400 से घटाकर ग्रेड पे 2000 कर दिया गया है। जो गलत है। इसको लेकर राज्य के जनसेवकों में काफी रोष है। कृषि निदेशक के गलत रवैये के कारण जनसेवक संघ राज्यभर में आंदोलन कर रहे है। उन्होंने कहा कि जनसेवकों के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली 2011 में छेड़-छाड़ बंद किया जाय। साथ ही ग्रेड पे 2400 से 2000 करने के आदेश को रद्द किया जाये। जनसेवकों को पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए ग्रेड पे 4200 किया जाये। कहा कि 2012 में नियुक्त सभी जनसेवकों को तत्काल एमएसीपी का लाभ दिया जाये। साथ ही 2012 में नियुक्त जनसेवकों सहित राज्य वरीयता सूची अविलंब प्रकाशित की जाय। बताया गया कि हड़ताल के तहत कृषि विभाग में वापस लेते हुए डीडीओ परिवर्तन का पत्र अविलंब निर्गत करने, जनसेवकों को गैर कृषि कार्यो से मुक्त करने, निःशुल्क कृषि स्नातक की पढ़ाई कराने की व्यवस्था करने सहित कई मांगों को लेकर किया जा रहा है। मौके पर राम नंदन यादव, रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, सकेत सत्यम, संजय मींज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, सर्वेश सिंह सत्येंद्र ग्राम सरपंच गणेश कुजू गुलशन लाकड़ा श्याम सागर पांडे राजेश कुमार सूर्य प्रकाश सहित पंचायत सेवक हड़ताल में शामिल थे।

## समाहरणालय व सम्बंधित कार्यालय के 30 लिपिकीय संवर्ग कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन और प्रतिनियुक्त की गई : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा की अध्यक्षता में 3 मई को जिला स्थापना समिति की बैठक की गयी। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में समाहरणालय एवं सम्बद्ध कार्यालय के 30 लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन, प्रतिनियुक्त की गई। जिसमें पॉलुस हेम्ब्रम, प्रधान लिपिक अंचल टंडवा को अंचल प्रतापपुर, प्रदीप कुमार, प्रधान लिपिक अंचल प्रतापपुर को अंचल टंडवा , जय प्रकाश शर्मा, प्रधान लिपिक अंचल मयुरहंड को अतिक्ति प्रखंड मयुरहंड जिला परिवहन, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। गौतम कुमार, प्रधान लिपिक अंचल सिमरिया को अवर निबंधन, चतरा में यथावत, अतिरिक्त जिला कल्याण, चतरा, जिला पंचायत राज, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 5 राम जतन राय, प्रधान लिपिक भूमि सुधार, चतरा को जिला भू-अर्जन, चतरा में यथावत, जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त, अमृत पाण्डेय, प्रधान लिपिक अनुमण्डल चतरा को जिला राजस्व शाखा, चतरा, जिला कोषागार से प्रतिनियुक्ति समाप्त, प्रकाश मिंज, प्रधान लिपिक प्रखण्ड टण्डवा को जिला स्थापना शाखा, चतरा, अतिरिक्त जिला आपूर्ति शाखा, चतरा एवं जिला लेखा शाखा, चतरा, सीता राम दास, प्रधान लिपिक भूमि सुधार चतरा को प्रखण्ड टण्डवा, अंचल कुन्दा से प्रतिनियुक्ति समाप्त, रेणु रीना, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल ईटखोरी को जिला आपूर्ति शाखा, चतरा जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त, प्रदीप कुमार सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल चतरा को जिला आपूर्ति शाखा, चतरा में यथावत, निरंजन कुमार शर्मा, उच्च वर्गीय लिपिक प्रखंड मयुरहंड, प्रखंड लावालौंग से प्रतिनियुक्ति समाप्त, बंसत कुमार सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल कान्हाचट्टी को जिला पंचायत राज, चतरा, अतिरिक्त जिला योजना, चतरा, संजीत कुमार पाठक, उच्च वर्गीय लिपिक प्रखड गिद्धौर को जिला कोषागार, चतरा, शम्मी कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल टण्डवा को अंचल ईटखोरी, प्रखण्ड कुन्दा से प्रतिनियुक्ति समाप्त ,शशी भूषण प्रभात, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल हंटरगंज को जिला राजस्व शाखा, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त,कमलेश कुमार राम उच्च वर्गीय लिपिक प्रखण्ड ईटखोरी को जिला राजस्व शाखा, चतरा, अपने जिम्मे का प्रभार का आदान-प्रदान करते हुए स्थानांतरित/ पदस्थापित/ प्रतिनियुक्त कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगें। संबंधित कार्यालय प्रधान को निदेश दिया गया है कि, संबंधित कर्मियों को स्थानांतरित/ पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय हेतु विरमित करना सुनिश्चित करें।

## जनता दरबार में आया 30 क्विंटल राशन के गबन का मामला

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी राकेश शाह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें राशन पेंशन भूमि विवाद संबंधित मामले आए जिसका निपटारा करने को लेकर संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया। वही जनता दरबार में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा लगभग 30 क्विंटल राशन गबन का मामला सामने आया है। जहां कार्ड धारी मंजू देवी ने बताया कि हमारा राशन कार्ड संख्या 202002814393 है जो 9 यूनिट का है जिसमें हमें शुरू से ही सिर्फ 20 किलोग्राम राशन दिया जा रहा है। तथ्य के अनुसार उक्त कार्ड में भी 20 किलोग्राम राशन का उठाव अंकित किया गया है। मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं इस मामले में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की माने तो उक्त 9 यूनिट के कार्ड से चार यूनिट का कार्ड अलग बना दिया गया है जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि उक्त दोनों कार्ड के लाभुक को महज चार यूनिट का ही राशन दिया जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कराने की बात कही है।

## उपायुक्त के जिले में विकास कार्यों में हो रहे अनियमत्ता के शिकायतों पर करेंगे कार्रवाई

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आये दिन सोशल मीडिया में जिले के विकास कार्यों में अनियमितता से संबंधित शिकायतें आती रहती हैं।उपायुक्त अबु इमरान ने इस पर संज्ञान लिया है एवं इनकी सत्यता की जांच कर त्वरित निष्पादन का फैसला लिया है।इस संबंध में उन्होंने आगामी शानिवार (13 मई 2023) को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के जनता दरबार मे जिले के सभी प्रमुखों को प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा तथा 15 वें वित्त से संबंधित योजनाओं के शिकायतों पर साक्ष्य के साथ उनको उपस्थित रहने को कहा है ताकि मौके पर ही उन मामलों को समीक्षा कर उनका त्वरित निष्पादन किया जा सके। इसके साथ की दोषी पाए गए लोगों पर विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में अपराधी बेलगाम, मोटरसाइकिल की डिक्की से एक लाख अस्सी हजार की चोरी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव में इन दिनों अपराधी बेलगाम हो गए हैं। प्रशासन का कोई खौफ अपराधियों में नही रहा। बुधवार को बड़कागांव डेली मार्केट के नजदीक राहुल स्वीट्स के पास से डाड़ी कला निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव से लगभग 1 बजे दोपहर मे नगद एक लाख 80 हजार रुपया निकासी कर बेटी की शादी के लिए ले जा रहा था। डेली मार्केट बड़कागांव दुर्गा मंडप के निकट राहुल स्वीट्स से नमकीन खरीदने के लिए रुका तभी चोर घात लगाकर मोटरसाइकिल के डिक्की से पैसा निकालकर रफूचक्कर हो गए। बड़कागांव में दिन प्रतिदिन छोटी- बड़ी घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बड़कागांव में व्यापारियों और राहगीरों में डर देखा जा रहा है। बड़कागांव में प्रशासन व्यवस्था कहीं ना कहीं ठप दिख रहा है। पिछले महीना भी दुर्गा मंडप से 25 हजार की चोरी हुई थी। मंगलवार को भी अपराधियों ने कोल खनन कंपनी के एक अधिकारी को दिन दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी थी। चोरों और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। आए दिन बड़का गांव में क्राइम की घटना बढ़ते ही जा रहा है। प्रशासन को इसमें विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है। भुक्तभोगी डाडी कला निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर करवाई करने का मांग किया है।

### हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर परबत्ता में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकट्ठा उतरी अंतगर्त परबत्ता में नौ दिवसीय श्री-श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं पुरूष व बच्चे उपस्थित हुए।परबत्ता में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कलश यात्रा में 551 महिला एवं कन्यायों ने कलशपात्र लेकर।कलशयात्रा में शामिल हुए.शोभायात्रा में गाजे-बाजे एवं हजारों श्रद्धालुओं के साथ जय श्री राम,जय हनुमान नारों के उदघोष के साथ पतालसुर नदी बरकट्ठा पहुंची।यज्ञाचार्य ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचा।जहां पर आचार्य गणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंडप प्रवेश कराया। कलशयात्रा में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,प्रमुख रेणु देवी, जेएमएम हजारीबाग जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, मुखिया प्रमिला देवी,पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी,पूर्व प्रमुख सह पंसस प्रीति गुप्ता,जिप सदस्य कुमकुम देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी,पूर्व मुखिया बसंत साव,सांसद प्रतिनिधि केदार साव,झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, झामुमो जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता,चन्द्रदीप पांडेय,गुड्डी देवी,अर्जुन राणा, उमेश प्रसाद संतोष कुमार देव,संजय साव,दर्शन सोनी, संजय गुप्ता,अर्जुन राणा, राजकुमार नायक,शिक्षक दिनेश महतो,राहुल गुप्ता, यूसुफ अंसारी,अशोक गुप्ता, धीरज गुप्ता,सुनील श्रीवास्तव, अनिल आजाद,पंकज कुमार, दीपक महाकाल,फालजीत मंडल,बिनोद शर्मा,दिलीप दास समेत सैकड़ों गणमान्य लोग सहित महिला-पुरूष श्रद्धालु कलशयात्रा में शामिल हुए।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को माननीय मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिले में संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को पर्यटन निदेशक झारखंड सरकार श्रीमती अंजलि यादव, उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए वहीं उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों व लोगों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, भीड़ भाड़ नियंत्रित करने, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# अरगड्डा झोपड़ी के 52 घरों वाले आबादी क्षेत्र में पानी का संकट हुआ विकराल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी झोपड़ी बस्ती में पीने का पानी के इंतजार में सीसीएल टंकी और चापानल के समक्ष बैठकर महिलाओं का दिन बीत रहा हैं। यहां के समाजसेवी रतन लाल ऋषि ने बुधवार को बताया कि सीसीएल के 52 एलसीएच क्वार्टरों में रहने वाले 300 आबादी वाले लोगों को पीने का पानी के लिए भी जूझना पड़ रहा हैं। प्रतिदिन ग्रामीण महिलाओं के बीच पानी को लेकर विवाद इस कदर बढ़ जाता है कि हाथापाई तू-तू, मैं-मैं की भी नौबत आ जाती हैं।



ग्रामीण महिला ललिता देवी, रुबी देवी, संजू देवी एक साथ बताती हैं कि बीते मार्च माह के पूर्व सीसीएल द्वारा बनाए गए, पानी आपूर्ति के तीन जल टंकी से लोगों को पानी मिला करती थी, लेकिन बीते मार्च माह के समय वायर बिछाने का कार्य दो नंबर बंगला अरगड्डा के समक्ष हो रहा था, तभी जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई के दौरान अरगड्डा झोपड़ी की पाईप क्षतिग्रस्त हुई, तब से पीपलगाछ के टोले पर बने सीसीएल टंकी में पानी ठीक से जमा और पहुंच नहीं पा रहा हैं। इसके कारण पीने के पानी का अभाव हैं। इससे पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई हैं। पीने के लिए व अन्य कार्यों के लिए सपरिवार मंगरदाहा नदी डेढ़ किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं। अरगड्डा झोपड़ी के चापानलों से भी पानी नहीं निकल पा रहा हैं। कई चापानल एक्सपायर हो चुंके हैं, पानी का स्त्रोत इसमें नहीं हैं। झोपड़ी टोले में सीसीएल के तीन टंकी में पाईप भल्लब खोलने को लेकर भी महिलाओं में आपसी विवाद लगातार सुनी जा रही हैं। दो पक्षो में पानी को लेकर आपसी संबंध में भी खटास आ रही हैं। लोग लगातार समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों से पानी समस्या का ठोस निदान ढुंढने की मांग कर रहे हैं। लेकिन समस्या बढ़ती ही जा रही हैं। मौके पर ललिता देवी, रूबी देवी, संजू देवी, कालो देवी, फोकली देवी, टिपोर देवी, पूनम देवी, अंजली देवी, अतोइया देवी, टुभूल देवी, पार्वती देवी, मोनीता देवी, आरती देवी, विनीता देवी, सोनिया देवी, लक्ष्मी देवी शरीफा देवी, सरस्वती देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।

## हनुमान शक्ति का हुआ जागरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल झारखंड प्रांत के निर्देश में मंगलवार की संध्या समय बरही प्रखंड अंतर्गत 55 स्थानों पर श्री हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें करीब 2000 श्रद्धालुओं ने हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर श्री हनुमान चालीसा एवं महाआरती किया। वहीं जो खेल गये प्राणो पे, श्री राम के लिए, एक बार तो हाथ उठालो, मेरे हनुमान के लिए.....जैसे भजनों को गाते हुए झूमते भी नजर आए। गौरतलब है कि कर्नाटक विस चुनाव में कांग्रेसी घोषणा के प्रतिकार में हनुमान चालीसा और महाआरती कार्यक्रम किया गया। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार ने बताया कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भारत की कांग्रेस पार्टी ने बजरंग दल जैसे समाजसेवी संगठन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी घोषणा पत्र जारी किया था।

# तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा सड़क किनारे घर में जा घुसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पतरातू फोर लेन पर भदानी नगर ओपी क्षेत्र के महुआ टोला में तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा सड़क किनारे एक घर मे जा घुसा।इसमें घर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।घर मे सोए चार लोग बाल-बाल बच गए। सिर्फ घर की एक महिला को चोट आई है। घटना देर रात्रि की है । बताया गया कि तेज रफ्तार कोयला लदा हाईवा भुरकुंडा से रामगढ़ की ओर जा रहा था ।इसी दौरान हाईवा दीवार को तोड़ते हुए अंदर घुस गया ।घर के लोग मलबे के नीचे दब गए ।सभी लोग किसी तरह मलबे से बाहर निकले ।इस घटना में घर के बाहर लगा ऑटो समेत पूरा घर छतिग्रष्ट हो गया।दुर्घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया।



गृह स्वामी मनु कुमार करमाली ने कहा कि देर रात को जब हम लोग सो रहे थे अचानक से तेज़ रफ़्तार कोयला लदा हाईवा मेरे घर मे घुस गया।तेज आवाज हुई और हम लोग उसमें दब गए। घटना में हमारी पत्नी को चोट लगी है जबकि अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं ।

## मां विंध्यवासिनी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पदमा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव कुमार कुमार राणा के नेतृत्व में 10 - 16 मई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रशिक्षुओं सहित कुल 76 व्यक्तियों ने शिरकत किया द्य उद्घाटन में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था । स्वागत गान, एनएसएस लक्ष्य तथा प्राचार्य चेतलाल प्रसाद के संबोधन के बाद डॉ राणा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा कार्यक्रम की आगामी 6 दिनों तक होने वाली गतिविधियों की जानकारी दिया, तदोपरांत प्रशिक्षुओं ने परिसर को साफ सुथरा किया द्य एनएसएस स्वयंसेवकों ने उद्घाटन के उपरांत गोद लिए हुए गांव पार नदी चंपाडीह में जाकर स्वच्छता संबंधी जागरूकता के लिए घर-घर जाकर संदेश प्रेषित किया । प्रशिक्षुओं में अनिल, विजय, रूपा, जया, आभा, ऐश्वर्या, स्वाति, मोनिका, सुजीत, पिंकल, रूबी, सीताराम, मृदुला, प्रियंका, एनीस, मीरा सुमन आदि सहित सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी किया तथा मंच संचालन नीरज ने किया ।



## श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कलश यात्रा में हजारों की संख्या शामिल हुए श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ तेली मुहल्ला में आदर्श संघ समिति द्वारा श्री श्री लक्ष्मी नारायण पंचदिवसीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है । यज्ञ का प्रारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमे 151 मातृशक्ति ने कलश के साथ तेली मुहल्ला स्थित शिव मंदिर प्राँगण से कसेरा मुहल्ला,बॉलियागंज होते हुए उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कलश में जलभरकर पुनः गोमियाँ-विष्णुगढ़ कालीकरन सड़क होते हुए हॉस्पिटल चौक से चेडरा होते हुए यज्ञ स्थल शिव मंदिर प्राँगण में सम्पन्न हुई । पुनीत कार्य मे मुख्य रूप से दिनेश्वर पाण्डेय,अशोक साव,बजरंग दल जिला सहसंयोजक वरुण कुमार,दिनेश ठाकुर, रोहितानंद मिश्र, बालेश्वर ठाकुर, छोटू पाण्डेय, रामचंद्र ठाकुर, पिंटू ठाकुर, केदार साव , विक्रम शर्मा, सुंदर साव,सुरेश साव,कामेश्वर शर्मा,सूरज साव समेत काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष शामिल थे ।



# कलशयात्रा भव्य रूप से निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के बुंडू करमा गांव में हो रहे नौ दिवसीय श्री श्री 108 शिव सपरिवार सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा कलशयात्रा बुधवार को बडे धूमधाम से गाजे बाजे के साथ 251कलशधारियों से साथ निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ स्थल गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु कलश लेकर गांव के भ्रमण करते हुए उत्तर वाहिनी बराकर जलाशय में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर यज्ञ परिसर पहुंचे। सभी श्रद्धालु के मुंह से जय हनुमान,जय शिवशंकर,की गुंज लग रही थी। कलशयात्रा में महिलाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखी गई।इस कलशयात्रा में मुख्य रूप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव,सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ,दुलमाहा पंचायत मुखिया नारायण यादव, मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव,दुलमाहा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी कमल शंकर पंडित, पंचायत समिति सदस्य रोहित यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार यादव मनु भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, जितेंद्र सिंह, सहित कई समाजसेवी एवं हजारों की संख्या में महिला पुरूष बच्चे ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए।यह महायज्ञ 10 मई से लेकर 19 मई तक माता के जागरण के साथ समापन होगा । इस महायज्ञ में कुल 11पुजारी समलित है जिसमें मुख्य पुजारी के रूप में तुलसी ठाकुर निभा रहे हैं।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महायज्ञ समिति के अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने बताया कि 10 मई को जल यात्रा वेदी रचना, 11 मई को मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन ,12 मई को वेदी पूजन एवं प्रवचन,13मई को जलाधिवास इत्यादि, 14 मई को अग्नि स्थापना हवन,15 मई को विदी पूजन प्रवचन, 16 मई को महास्नान एवं शोभायात्रा, 17 मई प्राण प्रतिष्ठा ,18 मई को पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन एवं प्रसाद वितरण वहीं 19 मई को माता का जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस महायज्ञ को संपन्न कराने में आचार्य के रूप में कृष्ण कांत पांडेय करियातपुर , प्रवचनकर्ता श्री महेश पांडेय नवादा एवं उनके सहयोगी शामिल हैं। यज्ञ समिति के सदस्य गणेश ठाकुर एवं राजदेव ठाकुर ने कहा कि यज्ञ को सफल बनाने हमारे गांव के युवा वर्ग के लोग काफी समय दें रहे है। पूरे ग्रामवासी मांस मदिरा का सेवन छोड़ दिया तथा यज्ञ कार्यक्रम तक पूरे गांव में भी बिक्री पर भी रोक लगाई गई है। इस कलशयात्रा में तुलसी ठाकुर ,राजदेव ठाकुर, गणेश शर्मा, बंशी ठाकुर , सेवानिवृत्त शिक्षक रामलखन यादव,बाबुलाल यादव, परमेश्वर यादव, रामदेव यादव, दिनेश ठाकुर, जागेश्वर पंडित, महादेव पंडित, सुरेंद्र ठाकुर , अनिल पंडित, सुरेंद्र पंडित, अनिल यादव, सुभाष यादव,रोहित ठाकुर, प्रवीण ठाकुर ,संदीप ठाकुर , कृष्णा भुईयां, सिकंदर ठाकुर,लक्ष्मण ठाकुर ,मनोज मोदी ,संजय मोदी, महादेव मोदी, रंजीत ठाकुर,बहादुर ठाकुर इत्यादि लोग कलशयात्रा को सफल बनाने में विशेष योगदान दे रहे थे।



## अवैध कोयला लदा दो ट्रक चरही रेलवे साइडिंग से वन विभाग ने किया जब्त



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही रेलवे साइडिंग के पास जोराकाठ से अवैध कोयला लादकर आ रहे दो ट्रक को मांडू वन विभाग के द्वारा पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रक में जिसका नंबर जेएच 02ए जेड 8403 एवं एक ट्रक बीआर 25जी 3811 है। मांडू रेंजर ने बताया की दोनो ट्रक बड़कागांव के जोराकाठ के जंगल से अवैध कोयला खदानों से कोयला उत्खनन कर लाया जा रहा था। रेंजर ने जानकारी दी की इस संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद टीम गठित कर यह कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार टीम में मांडू रेंजर के अलावे कुज्जू रेंजर केदार राम और कई वनरक्षि भी शामिल थे। जानकारी के अनुसार यह दोनो ट्रक अवैध कोयला लोड कर यूपी बिहार के मंडियों के लिए निकले थे। ट्रक के साथ तीन लोगो को भी पकड़ा गया है। जिसमें बिहार के भोजपुरी निवासी पप्पू कुमार, प्रमोद कुमार दोनो के पिता राम किशन सिंह और हजारीबाग के कोर्रा निवासी नागेश्वर कुमार पिता नंदलाल महतो को गिरफतार कर के जेल भेज दिया गया है ।वहीं दोनो ट्रक के मालिकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

**मुख्य तस्कर गिरफ्त से अभी भी बाहर :** कुछ दिन पहले वन विभाग के द्वारा कोयला तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर बड़े पैमाने कार्यवाही की गई थी।जिसमें तस्करो द्वारा वन विभाग के अधिकारियों पर हमला भी किया गया था। इस कार्यवाही के बाद ऐसा माना जा रहा था की अवैध कोयले की तस्करी पर अंकुश रहेगा और कोयला तस्करों में कानून का भय बना रहेगा। परंतु इस घटना के बाद यह प्रतीत होता है की कुछ कोयला तस्कर अभी भी लगातार अवैध कोयले के कारोबार में सक्रिय हैं। इन सब में यह सवाल उठना लाजमी है की वन विभाग और पुलिस की गश्ती होने के बावजूद भी चरही रेलवे साइडिंग और एन एच 33 से होते हुए मंडियों तक अवैध कोयला तस्कर पहुंचाने में सफल हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो मुख्य तस्कर गरगलिया जोराकाठ से ही तस्करी को अंजाम देता है। पुलिस और वन विभाग के लिए ऐसे तस्कर चुनौती है।

## सीसीएल सिरका कोलयरी सुरक्षा में दो होमगार्ड देंगे योगदान

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलियरी सिरका सुरक्षा में दो होमगार्ड योगदान देंगे। इसे ले सुरक्षा विभाग सिरका ने बुधवार को बताया कि जिला रामगढ़ होमगार्ड विभाग से भेजे गए। प्रहरी परमीत कुमार ने ड्यूटी में योगदान दे दिया हैं। जबकि एक से दो दिनों में अशोक कुमार महतो भी ड्यूटी ज्वाइन करेंगे। बताया जाता है कि सिरका कोलयरी क्षेत्र प्रतिष्ठान और खदान सुरक्षा के करीब 30 से 35 ऐसे पॉइंट हैं। जहां सुरक्षा कर्मियों की जरूरत हैं। जिसे लेकर सुरक्षा विभाग लगातार सीसीएल व होमगार्ड सुरक्षा प्रहरियों की मांग वरीय विभाग से करता आया हैं।

## डेंटल कॉलेज ने निशुल्क दंत जांच शिविर का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल द्वारा कुम्हारटोली स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो दिवसीय निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क दंत जांच शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा तृतीय से लेकर अष्टम कक्षा के छात्र-छात्राएं ने अपनी दांतों की जांच कराई। शिविर में कुल 1200 छात्र-छात्राएं ने लाभ लिया एवं दांतों की संबंधित चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर का नेतृत्व बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग की डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. करिश्मा गौतम एवं डॉ. सीमा कमर ने किया। इस दौरान चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रबंधकीय टीम ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया। डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।



## विभावि नए परिसर में कुलपति ने किया जिम का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने बुधवार को पवेलियन परिसर में निर्मित भवन में जिम का उद्घाटन किया। कुलपति ने बताया कि इस जीवन से सभी शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है और इसके लिए जिम का उपयोग किया जाना बहुत ही आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ ज्ञान का संवर्धन बहुत ही जरूरी है।

नए परिसर में जिम का संचालन किए जाने की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। कुलपति ने जानकारी देते हुए कहा कि इसमें लगाए गए सभी उपकरण काफी गुणवत्तापूर्ण हैं। साथ ही साथ कई सामान बैंकों तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से मुफ्त में उपलब्ध कराया गया है।डॉक्टर राखो हरी ने बताया कि इसके सदस्य बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है तथा शीघ्र ही इसे शुरू किया जाएगा। जिम के संचालन का दायित्व उसके विशेषज्ञ उत्तम कुमार और राजा को सौंपा गया है। मालूम हो कि इस तरह की गुणवत्तापूर्ण जिम प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय में संचालित नहीं है। मौके पर कुलपति ने लगाए गए उपकरणों का निरीक्षण कर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ कौशलेंद्र कुमार, डॉ अंबर खातून, डॉ गौरी शंकर तिवारी, डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर सुकल्याण मोइत्रा, डॉ रिजवान अहमद, डॉक्टर विकास कुमार, डॉक्टर एच एन सिन्हा, डॉ गंगा नंद सिंह, डॉक्टर जॉनी रूफीना तिर्की समेत कई लोग उपस्थित थे।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मोटोरोला भारत के सबसे बेहतरीन 5जी स्मार्टफोन ब्रैंड के रूप में उभरा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटोरोला, इनोवेशन और विश्वसनीयता में अपनी विरासत के लिए मशहूर दुनिया का प्रतिष्ठित स्मार्टफोन ब्रैंड, प्रमुख टेक्नोलॉजी रिसर्च और कंसल्टिंग फर्म टेकआर्क द्वारा प्रकाशित एक सर्वे रिपोर्ट में भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रैंड के रूप में उभरा है। टेकआर्क द्वारा अपनाए गए 3सी फ्रेमवर्क के मुताबिक सभी स्मार्टफोन ब्रैंड्स का मूल्यांकन तीन प्रमुख घटकों, कनेक्टिवटी, कवरेज और क्षमता के आधार पर किया गया, जिसे यूजर अपने 5जी स्मार्टफोन में चाहते हैं। 5जी स्मार्टफोन्स के अपने बेहतरीन पोर्टफोलियो और इंडस्ट्री में बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ, मोटोरोला सभी तीन मानकों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्पष्ट रूप से विजेता बन गया है। मोटोरोला ने हमेशा उच्च मानक तय किए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके स्मार्टफोन पर मिलने वाला 5जी का अनुभव वास्तविक रूप से इंडस्ट्री में सबसे अच्छा हो। मोटोराला में यूजर्स को असाधारण विश्वसनीयता, अनुकूलन, कवरेज और सुरक्षा मिलती है और यह इंडस्ट्री की सबसे बेहतर स्पीड प्रदान करता है और शहरी, इनडोर और ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कवरेज काफी उच्च है।

## बुद्धिजीवी मंच की पहली बैठक संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच कार्यकारिणी समिति की पहली बैठक बरकाकाना में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदीप करमाली ने किया और संचालन प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया। बैठक में कहा गया कि झारखंड सरकार एक तरफ शिक्षा पर विशेष जोर दी है तो दूसरी तरफ प्राथमिक शिक्षा पर सुधार लाने की कोशिश नहीं कर रही है अगर शिक्षा पदाधिकारी प्रतिदिन स्कूल का निरीक्षण करें तो शिक्षा की जो लचर व्यवस्था है उसमें सुधार लाया जा सकता है। रामगढ़ के शिक्षा विभाग और विशेषकर उपायुक्त रामगढ़ से यह उम्मीद रखते हुए कि बरकाकाना क्षेत्र में शिक्षा का विकास कैसे हो इस पर उपायुक्त महोदय हमारी बातों को सुने। कहां गया कि बरकाकाना क्षेत्र में लगभग 25 से 30 गांव और आवासीय कालोनियां हैं पांच निजी व सरकारी उच्च विद्यालय हैं। दसवीं कक्षा तक तो बच्चे शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं, लेकिन 11वीं और 12 वीं की पढ़ाई करने से ही दूर हो जाते हैं क्योंकि इस क्षेत्र में ना कोई महाविद्यालय है और ना किसी उच्च विद्यालय को अपग्रेड किया गया है। अतः बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरकाकाना श्री नारायण उच्च विद्यालय एवं सीसीएल उच्च विद्यालय को अपग्रेड करवाने का मांग पत्र मंगलवार को उपायुक्त महोदया को सौंपा जाएगा। दूसरा निर्णय यह लिया लिया गया कि मंच विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। तीसरा निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांव में शिक्षा के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से महादेव ठाकुर, पंचदेव करमाली, नेपाल विश्वकर्मा, निशा परवीन, सरिता देवी, सुमन कुमारी, चिंता देवी,बिट्टन देवी आदि उपस्थित थे।

## विधिक सशक्तिकरण शिविर का होगा आयोजन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार में आगामी 13 मई को विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी 13 मई (शनिवार) को पूर्वाहन 11꞉00 बजे बरही प्रखंड सभागार में विधिक शक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे, वहीं उन्होंने सभी से अपने स्तर से व्यापक प्रचार करते हुए अपने-अपने विभाग के स्टाल निर्धारित समय से पूर्व स्वयं उपस्थित होकर लगाना सुनिश्चित करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि उक्त कैंप में इस पत्र के साथ परिसंपत्ति वितरण के लिए प्रपत्र दिया जा रहा है। जिसमें लाभुकों की सूची परिसंपत्ति वितरण के तैयार करना एवं लाभुकों को लाना सुनिश्चित करेंगे।

## पच्चीस दिनों बाद कर्नाटक से हजारीबाग लौटे सदर विधायक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल जब से सदर विधानसभा क्षेत्र का दायित्व संभाले हैं तब से पहली बार भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 25 दिनों तक लगातर कर्नाटक विधानसभा चुनाव-2023 में यशवंतपुर विधानसभा क्षेत्र का संगठनात्मक दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन के पश्चात बुधवार को हजारीबाग लौटे। हजारीबाग लौटते ही विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दिन की शुरूआत पूर्व की भांति अपने सेवा कार्यालय में जरूरतमंदों की फरियाद सुनते हुए किया। विधायक मनीष जायसवाल के 25 दिनों बाद हजारीबाग लौटने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक बड़ी संख्या में विधायक सेवा कार्यालय पहुंचे जहां उनका अंग-वस्त्र भेंटकर और फूल माला पहनाकर सभी ने जबरदस्त तरीके से अभिनंदन किया।

# रामगढ़ के नईसराय मे ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौके पर मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ नईसराय मोड के समीप ट्रेलर ने होंडा शाइन को टक्कर मारी, मौके पर महिला की मौत हो गई। रामगढ़ से रांची रोड जा रही ट्रेलर BR02 GA8837 ने होंडा साइन गाड़ी JH01DM 6802 जो रामगढ़ से रांची रोड की ओर जा रही थी नईसराय मोड़ के समीप ट्रेलर ने बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक में शहादत हुसैन महुआ टोला भुरकुंडा निवासी एवं उनकी पत्नी सबीना खातून 20 वर्ष और उनके साथ डेढ़ वर्ष का एक बच्चे भी साथ में था। जिसमें शबीना खातून की मौके पर ही मौत हो गई। शहादत हुसैन एवं बच्चे को नजदीकी नईसराय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है शहादत हुसैन के हाथ फैक्चर हो गया और बच्चे के सर में चोट लगी है मौके पर लोगों ने रोड जाम कर दिया है लोग मौवाजा की मांग कर रहे थे रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर मौजूद थे। बुधवार को सुबह 10꞉45 बजे को यह दुर्घटना हुई थी लोगों ने रामगढ़ रांची रोड को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग कर रहे थे लगभग 2꞉30 बजे यह जाम जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह जाम खत्म कराया गया रामगढ़ सीओ सुधीर कुमार के द्वारा मौके पर परिवार वालों को कामक्रिया के लिए सहायता राशि प्रदान की गई साथ ही उन्होंने कहां की जिला प्रशासन अपनी तरफ से पूरा सहयोग करेगा।

## विधायक ने गोला मेन रोड व कुजुकलां गांव में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला मैन रोड में 200 केवीए एवं कुजुकलां गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया।मौके पर विधायक ने कहा कि गांव में लगे ट्रांस्फार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें दी थी। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था।इसके बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे। लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है।

## झारखंड सेवा समिति के प्रतिनिधि ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखंड सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार समिति के अध्यक्ष सह रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य अमित सिन्हा के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड सेवा समिति के सदस्यों के साथ लघु उद्योग भारती के सदस्य एवं रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति के भी कुछ सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में बताया की गर्मी के इस भीषण प्रकोप में शहर सहित जिलाभर में अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया की अनियमित विद्युत आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, जिला में संचालित विभिन्न उद्योग एवं व्यवसायों पर भी अनियमित विद्युत आपूर्ति का प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया की घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण इसका फायदा चोर और उच्चके उठा रहे हैं और शहर में चोरी एवं डकैती की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता से शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति को शीघ्र नियमित करने की मांग की है। ताकि गर्मी के इस भीषण प्रकोप से लोगों को राहत मिल सके। समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा की यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति को नियमित नही किया गया तो झारखंड सेवा समिति सहित रामगढ़ वासी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन को विवश होंगे।प्रतिनिधि मंडल की मांग पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा ने प्रतिनिधि मंडल को शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति को शीघ्र नियमित किये जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि डीवीसी के प्रबंधक को भी सौंपी गई है। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, रामगढ़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सह कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र प्रसाद, चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य सह लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय मेवाड़, संजय कुमार दांगी, विनोद कुमार, नवनीत कुमार आदि शामिल थे।

## दुसरे दिन भी झारखंड राज्य के सभी जनसेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कृषि विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा सभी जनसेवकों के योगदान को सरकार के द्वारा नजर अंदाज करने और ग्रेड पे को षड्यंत्र पूर्वक घटाने के मामले में भी झारखंड सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए झारखंड राज्य के सभी जनसेवक 9 मई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। लगातार दूसरे दिन 10 मई को रामगढ़ प्रखंड के सभागार में धरना पर बैठे रहे। इस बाबत जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार की अध्यक्षता में रामगढ़ जिला के सभी जनसेवकों की एक आपात बैठक आहूत की गई। बैठक में अपनी पुरानी सभी 11 सूत्री लंबित मांगों के विषय में विस्तार से चर्चा हुई, तमाम जनसेवकों ने अपनी राय भी रखी। इस हड़ताल में जाने वाले जनसेवक कृषि विभाग के जनसेवक भले हैं, परंतु ये अपने विभाग के कार्य के अलावे जिला परिषद कार्यालय, जिला नजारत, प्रखण्ड नजारत, निर्वाचन, आपूर्ति, नजारत, सांख्यिकी, ग्रामीण विकास, कल्याण, आवास आदि का कार्य भी देखते थे, जो अब प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। हड़ताल अवधि में सरकार के किसी भी कार्य में सहयोग नही करने का निर्णय लिया गया और इस निर्णय का उल्लंघन करने वाले को आर्थिक दंड और सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ेगा।इस आंदोलन में एनएमओपीएस / जेएचआरओटीइएफ जैसी बड़ी संगठन का पूर्ण समर्थन प्राप्त हो रहा है। संगठन के द्वारा आश्वस्त किया गया कि आवश्यकता पड़ने पर पेंशन आंदोलन से जुड़े शिक्षक, कर्मचारी समेत सभी संगठन मिलकर जनसेवकों के कंधे से कंधे मिलाकर सरकार को उसकी गलती का एहसास करवाएंगे। आम जनता/किसानों को भी सरकार और विभाग के कृषि विरोधी नीति से अवगत कराने हेतु विस्तार पूर्वक रणनीति तैयार की गई। इस हड़ताल के लिए पूर्ण रूप से विभाग और सरकार की गैर जिम्मेराना रवैया को जिम्मेवार ठहराया गया।बैठक में अजीत कुमार गुप्ता, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार महतो, परमानंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, रंजित कुमार रजक, पंकज कुमार, आनंद कुमार, आलोक मित्रा, उमेश कुमार, विनीता सिंह, अनिल कुमार महतो, संजीव करमाली, त्रिलोकी नाथ महतो, रवि सागर पाण्डेय ,जोर्ज टुडू ,सुमित कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिंह,चित्रा सिंह मुंडा, रविन्द्र कुमार महतो, ज्ञानी प्रताप भारती, छत्रधारी महतो, महादेव महतो, विमल बेदिया संदीप कुमार आदि सभी जनसेवक शामिल हुए।


### झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

**सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा कार्यपालक अभियंता के पद पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 3349 दिनांक 06.12.2022 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.01.2023 तक निर्धारित थी, को राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार दिनांक 31.05.2023 तक किया जाता है। पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या 3349 दिनांक 06.12.2022 को Jepc Ranchi के अधिकारिक Website https:// jepc.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है जिसमे चयन संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश अंकित है।

(किरण कुमारी पासी)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक: ME/01/393/2006/(Part file)/2088 दिनांक: 08/05/2023

PR.NO.296852 Jharkhand Education Project Council(23-24):D



### Information and Public Relations Department Government of Jharkhand, Ranchi

**SHORT TENDER NOTICE**

Information and Public Relations Department, Govt. of Jharkhand intends to invite Bid for Upgradation, Operation, Maintenance and Management (0MM) of 20 LED Display Board installed in different cities of Jharkhand State. The details Bid/Tender document may be downloaded from the office website - prdjharkhand.in.

Last date of submission of Tender is 19.05.2023 3.00 PM (Suchana Bhawan, Mayer's Road, Ranchi, Jharkhand)

The Opening of Bid will be at 11.30 AM on the next day.

The undersigned reserved the right of amendment, addendum or even cancel the above Bid.

Director
IPRD, Govt. of Jharkhand

PR 297073 IPRD(23-24)#D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0 01/2023–24**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास योजना के अंतर्गत राँची जिला में **भारतीय मेजर कॉर्प के मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति** हेतु हैचरी संचालक–मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि– 1,50,000 रू0 (एक लाख पचास हजार) रू0 मात्र क0 1 में वर्णित नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 20.05.2023 को 2.30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थान – क0 3 में यथा वर्णित।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 20.05.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य–दिवस में देखी जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 296936 Fish(23-24)#D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, यॉत्रिक प्रमण्डल, बनासो, हजारीबाग

**ई0 प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

ई0 निविदा सूचना संख्या: WRD/MDBANASO/ 02/2023 -24 दिनांक 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | ढुलकी जलाशय योजना के एक अदद सर्विस गेट, एक अदद इमरजेन्सी गेट, इम्बेडेड पार्टस, उत्तोलन प्रणाली एवं ट्रेस रैक इत्यादि के निर्माण, आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के साथ तीन वर्षों तक मरम्मति एवं रख–रखाव का कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रू0 33.57301 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि | रू0 0.68 लाख। |
| 4. | कार्य समाप्ति की अवधि | 365 दिन |
| 5. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.05.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.05.2023 को 04:00 बजे। |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.05.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9470355027 |
| 9. | ई प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06512491232 |

नोट:– 1. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. केवल ई0 निविदा ही स्वीकार्य किये जायेंगे।
3. निविदा बिना कारण बताए कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

(सुबोध कुमार) कार्यपालक अभियंता
यॉत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)

PR 296920 Water Resource (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 05/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रू0 | अग्रधन राशि रू0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रू0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Kitchen Cum Dining hall at S.T. Residential Boys High School, Mahuadanr Latehar. | 2423420 /- | 490 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 2 | होटल प्रभात विहार, नेतरहाट के रंग–रोगन एवं मरम्मति कार्य | 3881500/ - | 80000/ - | 5000/ - | 03 (Three)Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

नोट:–
1. Tender Fee 2% अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 296983 Building(23-24)#D



### कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ **आवश्यक सूचना** दिनांक ............................../

सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–डुमरी, जैरागी पथ के एकअम्बा मोड के पास से 09 पीस साल बोटा सहित एक जॉन डियर नामक टैक्टर सहित ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सतिश कुमार भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 297033 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



### उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार (एन0आर0ई0पी0, शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02, वर्ष : 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लातेहार।
2. परिमाणविपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 23.05.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 A.M बजे से 5.00 P.M बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय कक्ष में।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 24.05.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 24.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बिनगाडा में वामपंथी प्रभावित क्षेत्र आजीविका सृजन के लिए पाँच दुकान इकाईयों (अष्टकोणीय मॉडल) की स्थापना। | 2494102.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगीपर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पद् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 296916 District (23-24)_D



### जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, रामगढ़

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– ZP/RAMGARH/02/2022-23 (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gola | Construction of Health Sub Centre at Saram , Gola. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | Dulmi | Construction of Health Sub Centre at Soso, Dulmi. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 3 | Patratu. | Construction of Health Sub Centre at Sutharpur, Patratu. | 55,50,000.00 | 1,15,000.00 | 10,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 18.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 25.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate for Credit Facility दिनांक 26.05.2023 अपराह्न 5 : 00 बजे तक जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, रामगढ, दिनांक–27.05.2023 को अपराहृन 2 : 00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 8986791292, 06553–231504
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
9. व्यक्तिगत नाम से पंजीकृत संवेदक अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय डाकघर सावधि जमा पत्र, 03वर्षीय / 05 वर्षीय बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) तथा कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का 05 वर्षीय / 03 वर्षीय B.G जो की जिला अभियंता, जिला परिषद,रामगढ़ के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
12. निविदा दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।
13. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 296906 District(23-24).D

## द केरला स्टोरी को गिरिडीह में मिल रहा भरपूर समर्थन

**शालिनी वैश्कियार के नेतृत्व में सौ युवतियों व महिलाओं ने देखी फिल्म**



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** द केरला स्टोरी लव जिहाद को लेकर बनाई गई फिल्म द केरला स्टोरी को शहरवासियों का समर्थन मिल रहा है और लोग बड़ी संख्या में इस फिल्म को देखने थिएटर पहुंच रहे हैं। आज इसी क्रम में भाजपा नेत्री सह गिरिडीह महिला चौपाल की अध्यक्ष शालिनी वैश्कियार के नेतृत्व में आज सौ अधिक महिलाओं और युवतियों ने गिरिडीह के स्वर्ण सिनेमा हॉल में द केरला स्टोरी को देखा। इस दौरान सभी महिलाओं और युवतियों का शालिनी वैश्कियार द्वारा भगवा गमछा ओ?कर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं फिल्म के समर्थन में जमकर नारे लगाए गए।भाजपा महिला मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शालिनी ने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे बिना गोली और बम के देश में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। वैश्कियार ने कहा कि फिल्म में इस तथ्य को भी प्रदर्शित किया गया है कि किस तरह से बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने इस फिल्म को वास्तविकता से परिचित कराने तथा धर्मान्तरण एवं आतंकवाद के विरूद्ध जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाली बताया। क्यूँकि महिलाएँ परिवार में संस्कार निर्माण का आधार होती हैं अतः उनका भी यह चलचित्र देखना उतना ही आवश्यक है जितना आज की युवतियों को इस चलचित्र को देख कर जागरूक एवं सावधान होना।साथ ही साथ भाजपा नेत्री ने झारखण्ड सरकार से मांग किया की इस फिल्म को मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की तर्ज पर टैक्स फ्री किया जाए। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा सिन्हा,प्रो. आरती वर्मा, सोना प्रकाश,संगीता वैश्कियार,लक्ष्मी पांडेय, रूबी गुप्ता, पुष्पा वर्मा, प्रिया, ललिता बरनवाल, मंजु साहू, सीमा साहू, सीमा बरनवाल, रेखा टारको, रश्मि टारको आदि के साथ कई छात्राएँ उपस्थित थीं।

## भूमि मुआवजा राशि को लेकर जनता दरबार का आयोजन

# जनता दरबार में शामिल हुए विधायक जल्द भुगतान का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी के कमारडीह से शंकरडीह पर निर्माण कार्य में अधिकृतों का भूमि मुआवजा राशि की भुगतान हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित हुए और ग्रामीण को बहुत जल्द भूमि संबंधी मुआवजा राशि भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया।

इस जनता दरबार में मुख्य रूप से पूर्वी टुंडी अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, झामुमो पूर्वी टुंडी अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील मुर्मू, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, चन्द्र मोहन मरांडी, वकील हेंब्रम, फूलचंद हेंब्रम,यदूनाथ समेत सभी अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## भूख हड़ताल पर गए असंगठित मजदूर

## भुखमरी की कगार पर मजदूर : असित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल के जीतपुर कोलियरी के मेन गेट के पास जनता मजदूर संघ असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले मजदूर भूख हड़ताल पर बैठ गए। अपनी रोजी रोटी छीनते देख मजबूर हो कर असंगठित मजदूरो ने ये कदम उठाया है। 14 महिना से कोलियरी बंद है कर कोयला का उत्पादन ठप है जिससे असंगठित मजदूर काम की तलाश में पलायन कर रहे है। कोई देहाड़ी मजदूर का काम कर रहा है। वही जनता मजदूर संघ असंगठित मजदूर मोर्चा के सचिव असित सरकार ने कहा की ठेका मजदूर के साथ लगातार शोषण हो रहा है। प्रबन्धक की लापरवाही के कारण मजदूर भुखमरी के कगार पे आ गए है। हजारो क्वाटर पर अवैध कब्जा है लेकिन ठेका मजदूर को रहने के लिए घर नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। असंगठित मजदूर को सारी सुविधा से वंचित रखा गया है। प्रबंधक क्या करना चाहते हैं कुछ समझ नहीं आता है। असित सरकार ने कहा की 4 वर्ष से एरियर नहीं मिला है। उत्पादन ठप होने के कारण 14 महिना से काम नहीं मिल रहा है। ठेका मजदूर के परिवार को मेडिकल सुविधा नहीं है। सेल के द्वारा स्कूल चल रहा है। ठेका मजदूर के बच्चे को शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। उन्हे निःशुल्क शिक्षा दी जाये।

## गिरिडीह जिले के 04 उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन प्रारंभ

**◆ आवेदन जमा करने की तिथि 15 मई निर्धारित है। साथ ही चयन परीक्षा की तिथि 19 मई, फर्स्ट मैरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई तथा नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 8 जून तक निर्धारित किया गया है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** राज्य सरकार के सतत् प्रयास के तहत सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत गिरिडीह जिले के 04 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में मान्यता दी गयी है। राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त कर विद्यालय का संचालन अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी। सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के आलोक में गिरिडीह जिले में संचालित सभी चारों उत्कृष्ट विद्यालय 1. उत्क्रमित +2 सर. जे. सी. बोस बालिका उच्च विद्यालय, गिरिडीह, 2. उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय पचम्बा, 3. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गिरिडीह एवं 4. मॉडल विद्यालय डुमरी में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में नामांकन होना है। जहां बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आवेदन जमा करने की तिथि 15 मई निर्धारित है। साथ ही चयन परीक्षा की तिथि 19 मई, फर्स्ट मैरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई तथा नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 8 जून तक निर्धारित किया गया है। आवेदन संबंधित उत्कृष्ट विद्यालय से प्राप्त एवं https://jepc-jharkhand-gov-in ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है।

## टुंडी : हर घर नल से जल योजना पूर्ण रूप से असफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टुंडी :** टुंडी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना पूर्ण रूप से असफल हो कर रह गई है इस योजना में कई सालों से काम जारी है फिर भी गिने चुने गांव में ही जलापूर्ति की जा रही है। प्राप्त समाचार के अनुसार ठेठाटांड जलापूर्ति योजना जब जल संसाधन मंत्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी थे उसी समय शिलान्यास किया गया था उस समय से लगातार पाइप बिछने का काम चल रहा है मगर जिस गांव में पानी की भीषण संकट है उस गांव के लोगों तक पानी नहीं पहुंचा है हां पानी को लेकर टुंडी बीडीओ की अध्यक्षता में बैठकें लगातार हुई पर गिने चुने गांव को तत्काल पानी की आपूर्ति कर दी गई मगर जिस गांव में पानी की काफी दिक्कत हैं वहां के ग्रामीण जनता को अब तक पानी नसीब नहीं हो पाया है। टुंडी प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां के ग्रामीणों को केवल नल का कनेक्शन देकर छोड़ दिया गया है लोग नल को देखकर संतुष्ट हो रहें हैं एवं मात्र शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। कहीं बाहर विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गयी परन्तु इन लोगों की पहुंच के आगे सब कुछ बेकार है। जब इस भीषण गर्मी में आम जनताओं को नल से जल नहीं मिला तो अब मानसून भी आ रहा है। सबसे विगट परिस्थिति धधकीटांड, जियाजोरी, लकड़ाखुन्धी, सोनाद, मधुरसा की है जहां स्नान करने के लिए कोसों दूरी तय करनी पड़ रही है। इस ठेठाटांड जलापूर्ति योजना के प्रति लोगों का विश्वास हटता जा रहा है एक और ग्रामीण जनता पानी के लिए तरस रहे हैं वहीं इस विभाग की लापरवाही के कारण पानी लिंक कर जहां तहां बह रहा है। पानी की आस में टुंडी की ग्रामीण जनता टुकुर टुकुर देखने को मजबूर हैं और विभाग के लोग काम दिखाकर मालामाल हो रहे हैं जिससे ग्रामीण जनताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

## विहिप बजरंग दल ने कई मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ किया

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल की और से मंगलवार को बिरनी प्रखंड के साथ साथ सभी प्रखंडों में हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण कर कांग्रेस सहित आतंकवादियों एवं विभिन्न संगठनों व देश द्रोही मानसिकता वाले लोगो के लिऐ सदबुद्धि की कामना किया, इस दौरान बिरनी प्रखंड के बरहमसिया चौक के हनुमान मंदिर में पहुंचे विभाग धर्माचार्य श्री कृष्णदेव पाण्डे ने अपने संबोधन में कहा की कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छतीसगढ़, हिमांचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र राज्य के कांग्रेस और कुछ अन्य हिन्दू विरोधी संगठन के द्वारा विहिप बजरंग दल को पीयेफ आई से तुलना करना बहुत ही निंदनीय हैं। पूरे हिन्दू सामाज इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक विरोध करेगा। विहिप बजरंग दल के जिला मंत्री निरंजन कुमार ने कहा आज हिन्दू धर्म के साथ साथ हिन्दू संगठन को बदनाम और टारगेट किया जा रहा हैं, रावण ने भी हनुमान के पूछ में आग लगाने की गलती की थी नतीजा क्या हुवा यह सभी जानते हैं इस बार फिर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने करोड़ों बजरंगियों को उस्काने का काम किया हैं इसका नतीजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।



## राजा कोलियरी ओसीपी में दस सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** निरसा प्रखंड के निरसा उत्तर पंचायत में भीषण गर्मी में पानी का गंभीर समस्या उत्पन्न हो गया है। क्षेत्र के समस्या को देखते हुए पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह ने राजा कोलियरी प्रबंधन के सुस्त रवैये के खिलाफ धरने पर उतर गए है। बुधवार के सुबह से ही उतर पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह के नेतृत्व में पानी की समस्या के साथ साथ दस सूत्री मांगों को लेकर राजा कोलियरी के ओसीपी में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए।

उनके समर्थन में निरसा मध्य पंचायत के मुखिया व ग्रामीण भी धरना पर बैठ गए और कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। मुखिया ने बताया कि पिछले 40 वर्षो से यहां पर निवास कर रहे है लेकिन कोलियरी द्वारा हेबि बलास्टिंग के कारण खदानों में पानी सूख गया है जिसके कारण पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गयी है। क्षेत्र में पानी की समस्या और पाइपलाइन बिछाने व अन्य मांगों को लेकर प्रबंधन को पत्र दिया गया था लेकिन कोई पहल नही किया गया। इसी कारणवश आज हम सभी अपनी मांगो को लेकर प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। अगर प्रबंधन मांगे पूरी नही करता है तो निरसा के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ अनिश्चितकाल के लिए भूख हड़ताल पर बैठने का काम करेंगे। मौके पर दिनेश सिंह, मनोज सिंह, अर्जुन भूमिया, अमन चौरसिया, रब्बानी अंसारी, निशान मंडल, दशरथ चंद्र, समीर दास, सुमित्रा देवी, अविनाश ठाकुर, राजकुमारी देवी, शर्मिला देवी, मन्नू सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप दास आदि लोग उपस्थित थे।



## हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल ने मनाया मदर्स डे



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार ग्राउंड में आज मदर्स डे मनाया गया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट कराया गया। साथ ही मदर्स डे को सेलिब्रेट करने के लिए म्यूजिक एंड डांस भी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका लक्ष्मी घोष ने मदर्स डे के बारे में बच्चों को बताया। स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य इरफान खान ने बताया कि इस तरह का आयोजन करने से छोटे बच्चों मे मानसिक विकास और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। मौके पर शिक्षिका लक्ष्मी घोष, सिद्धि श्रीवास्तव, नगमा परवीन, अर्पिता, विनीता, ज्योति सिंह, मिस साबरा, तारा, साइमा नाज आदि मौजूद थे।

## जनता मजदूर संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम का अभिनंदन समारोह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को जनता मजदूर संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम का अभिनंदन समारोह कोयला भवन रिक्रियेशन क्लब में संघ के सहायक सचिव कृपाशंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शॉल ओढ़ाकर व 51 किलो का माला पहना कर तथा बुके देकर सिद्धार्थ गौतम का भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि पिछले माह 18 अप्रैल की जेबीसीसीआई की बैठक में श्रमिकों से जुड़ी कई अहम मुद्दों पर बातें रखीं है। कई पर सहमति भी बनी है। क्लर्क की परीक्षा का भी मुद्दा उठाया है। परीक्षा में आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न पूछे जाने की समस्या को भी रखा गया है। इस पर कोल इंडिया ने भरोसा दिलाया है कि कुछ जो खाली सीटें रह गई है साथ ही आगामी नए मैन पावर बजट के साथ जोड़कर कम्बाइंड करके परीक्षा ली जाएगी। उन्होंने कहा ट्रेड यूनियन जनता मजदूर संघ में रहकर काम करना अच्छा लगता है।



## कुमारडीह में महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

## ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी से ही योजना बने : दुलारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत हथुडीह पंचायत के कुमारडी गांव में महिला सशक्तिकरण पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन बिरसा रांची के द्वारा किया गया। सेमिनार में महिलाओ ने अपनी आर्थिक मजबूती और राजनीतिक में भागीदारी कैसे हो इस पर गहनता से चर्चा किया गया। उपस्थित महिलाओ ने कहा कि हमारे खेत में सिंचाई का साधन, कुटीर उद्योगों, कोयला निकाल लेने के कारण पानी की समस्या जो हुआ है इसके लिए पीने की पानी का व्यवस्था ,रोजगार के लिए महिलाओ को प्रशिक्षण की व्यवस्था करना है। बिरसा रांची की दुलारी सुमन ने बताया किग्राम सभा के माध्यम से रोजगार के लिए योजना बनना है। डीएमएफटी से आप आने वाले वित्त वर्ष के लिए योजना बनना है। ग्राम सभा में महिलाओ की भागीदार के साथ योजना बनना चाहिए। खेती के लिए सिंचाई का योजना बनना है। ग्राम सभा में निगरणी समिति में महिलाओ की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा होना चाहिए। उमेश तुरी ने कहा की राजनेतिक भागीदारी के लिए अपनी अधिकार को पाने के लिए संगठन का निर्माण जरूरी है। इस मौके पर सुमन, जयवंती, बिरसिंह मुंडा, उमेश, संपद, सुमन, जयवंती, बिरसिंह, उमेश, संपद घोषाल, हाथुडीह मुखिया संगीता, भुन्नेश्वरी। प्रधानाचार्य रेखा, सुषमा, अमेना आदि दर्जनों महिला उपस्थित थे।

## आकाश बायजूस ने मोटिवेशनल सेमिनार 'जीत जिंदगी' का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने आज धनबाद में विद्यार्थियों और अभिभावकों के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रेरणा के लिए एक प्रेरक सत्र का आयोजन न्यू टाउन हॉल धनबाद में किया। इसमें 1000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। मुख्य स्पीकर अजय बहादुर सिंह, रीजनल डायरेक्टर थे जिन्होंने छात्रों को उत्साहजनक और प्रेरक संदेश दिया। कहा कि कैसे कड़ी मेहनत और निरंतरता उनके सपनों को हकीकत में बदल देगी। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्र को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक बदलाव किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं। इस आयोजन पर टिप्पणी करते हुए आकाश बायजूस के रीजनल डायरेक्टर अजय बहादुर सिंह ने कहा की "सफल होने के लिए दृढ़ विश्वास के साथ अपने लक्ष्यों का पीछा करना महत्वपूर्ण है। आकाश बायजूस अपने छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा की आज करियर के व्यापक विकल्प उपलब्ध हैं, छात्रों को सिर्फ मार्गदर्शन की आवश्यकता है। सत्र का समापन लक्ष्यों पर टिके रहने और अपने सपनों को हासिल करने में खुद को शामिल करने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## झामुमों के 20 सूत्री कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा बुधवार को एगयरकुण्ड प्रखंड कार्यालय में झामुमो 20 सूत्री कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। जहां झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गोपीन टूडू एवं एगयरकुण्ड 20 सूत्री के अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ आलम को झामुमो नेताओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही मीडिया को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष टुडू ने बताया कि 2 साल कोरोना काल के कारण 20 सूत्री का कार्यालय प्रारंभ होने में थोड़ी विलंब हुई है। निश्चित रूप से इस कार्यालय का उद्घाटन होने से एगयरकुण्ड प्रखंड के सुदूर गांव के जो भी लोग अपनी समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचेंगे उनका समस्या का समाधान निश्चित रूप से किया जाएगा। इसी उद्देश्य को लेकर 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया है और सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष गोपीन टूडू, 20 सूत्री अध्यक्ष आलमगीर अशरफ, लक्खी सोरेन, रमेश टूडू, अरुनव सरकार, कासिम अंसारी, शमीम शेख, बलदेव सिंह, प्रशांत हेंब्रम, नासिर अंसारी, लक्ष्मी देवी, आस्तिक बाउरी, सहदेव टुडु, टार्जन हेंब्रम, जियाउल हसन, कपिल देव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का 17 जून के कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आजसू पार्टी धनबाद जिला अध्यक्ष मंटू महतो की अध्यक्षता में एक बैठक लोयाबाद आवासीय कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक का संचालन धनबाद महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंटू महतो ने विस्तार से कार्यक्रम के बारे मे बताया कि मुख्य रूप से धनबाद जिला में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सूदेश महतो का दिनांक 17 जून को धनबाद आगमन होगा। इस अवसर पर बेंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बड़े कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष शामिल होगें और धनबाद जिला में आजसू पार्टी के सुप्रीमो धनबाद जिला के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में धनबाद जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विनय सिंह अपने सैकड़ों लोगों के साथ पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे एवं महानगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डो से सैकड़ों लोग पार्टी सुप्रीमो के समक्ष पार्टी सदस्यता ग्रहण करेंगे।



## दानापुर से कोटा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कल दिनांक 11.05.2023 को 09820 दानापुर-कोटा परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । दानापुर से यह ट्रेन 22.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 01.05 बजे कोटा पहुंचेगी।

दानापुर और कोटा के मध्य यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, शम्सबाद टाउन, आगरा कैंट, बयाना, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन पर रूकते हुए जाएगी ।

इस ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनोमी तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के क्रमषः 2-2 कोच, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच लगेंगे ।

# शिक्षा की बदौलत ही गांवों का समग्र विकास संभव : विधायक भूषण बाड़ा

**➲उच्च विद्यालय में परिणत हुआ आरसी मवि क्रुसकेला, बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ विशेष मिस्सा पूजा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा शिक्षा के बदौलत ही गांवों का समग्र विकास संभव हो सकेगा। सिमडेगा के नवनिर्माण के लिए बच्चों की पढ़ाई पर सबसे अधिक जोर देना होगा। इस दिशा में शिक्षकों व अभिभावकों का समर्पित प्रयास जरूरी है। विधायक उच्च विद्यालय क्रुसकेला के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। बुधवार को आरसी मध्य विद्यालय क्रुसकेला को उच्च विद्यालय में परिणत किया गया। मौके पर बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद बिशप ने विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। साथ ही ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही कहा कि शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास सम्भव है। वहीं विधायक भूषण बाड़ा ने आगे कहा कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में इसाई मिशनरीज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके बाद भी पूर्व की भाजपा सरकार ने मिशनरी संस्था द्वारा संचालित स्कूलों को बंद करने का प्रयास कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन अब इन स्कूलों का तेजी से विकास किया जा रहा है। सभी स्कूलों में शिक्षकों की बहाली की जा चुकी है। अब जर्जर पड़े भवनों के स्थान में नए भवन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। जिले के तीन सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सेलेंस के तहत सीबीएसई बोर्ड की मान्यता दी गई है। इन स्कूलों में गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से निशुल्क में शिक्षा दी जाएगी। इन तीनों स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इक्छुक छात्र नामांकन कराकर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करें। विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिले का पिछड़ापन सिर्फ शिक्षा के अभाव के चलते है और जिला उसी का दंश झेल रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिले में बेहतर शिक्षा हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। मौके पर टीओआर फ्रांसिसकन समाज के प्रोमेनसियल फा मनोज, पल्ली पुरोहित फा प्रदीप, फा अजित, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सिस्टर सरिता, अजित लकड़ा, प्रतिमा, फ्रांसिस, मनोज, उर्सेला आदि उपस्थित थे।

**गरीब बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : जोसिमा खाखा**

जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विद्यालय का शुभारंभ एक सराहनीय कदम है। विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि देहात क्षेत्रों के बच्चे इस विद्यालय में पढ़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर सकेंगे। सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में गरीब बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधार करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। विधायक के प्रयास का नतीजा है कि आज सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली हो चुकी है।

## सरकारी बैठकों में आमंत्रित जनप्रतिनिधियों को किया गया अपमानित : सूरज अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि दिनांक 8/5/2023 दिन सोमवार को किस्को प्रखंड में माननीय मंत्री सह लोहरदगा के विधायक श्री रामेश्वर उरांव ने सरकारी बैठक बुलाई थी। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को के द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों सहित पंचायती राज के सभी माननीय सदस्य जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य,मुखिया,प्रमुख,उप प्रमुख आदि को इस बैठक में आमंत्रित किया था परंतु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों को अनदेखा करते हुए प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हुए उनके बैठने की व्यवस्था प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं किया गया था। पूरे बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड एवं जिला के पदाधिकारी जमे हुए थे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह सरकारी बैठक नहीं कांग्रेस पार्टी का बैठक हो रही हो इनके इन कृतियों से पंचायत प्रतिनिधियों को काफी आघात पहुंचा है जो जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं करते वह जनता का क्या सम्मान करेंगे। इस तरह का अपमान कि आजसू पार्टी घोर निंदा

## किसानों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लाभुकों को प्रशिक्षक अमन सैनी के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वही प्रशिक्षण के क्रम में टपक सिंहचाई योजना के माध्यम से खेती करने के लिये विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही टपक सिंचाई द्वारा की जा रही खेती लगे खेत का भ्रमण कराया गया। जहाँ पर किसान टपक सिंचाई सिस्टम से कैसे काम करते हैं। उसे विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही टपक सिंचाई कंपनी के प्रतिनिधि ने कम्पनी के बारे में किसानों को बताते हुए कहा किसमय से बारिश नही होने से किसानों को काफी परेशानी होती है। जिस के लिये टपक सिंचाई के माध्यम से किसान खेती कर पैदावार को अधिक बढ़ा सकते हैं। मौके पर बीटीएम, एटीएम एवं कृषक बलदेव महतो, इइसहाबीर उरांव, महेश उरांव, कार्तिक उरांव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## राधा तिर्की ने मुर्गी पालकों के बीच चूजा का किया वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु पालन अस्पताल एव पशु पालन उप केन्द्र कंडरा में शिविर आयोजन कर चूजा वितरण किया गया। समाज कल्याण एव पशु पालन विभाग के संयुक्त तत्वधान में 18 लाभुकों के बीच बॉयलर मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अथिति जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के मुर्गी पालकों को मुर्गी का चूज़ा दिया जा रहा है। जिसे रोज़गार की प्राप्ति होगी। सभी मुर्गी पालन करने वाले किसान मुर्गी का देख भाल करें। मुर्गी पालन के लिये प्रशिक्षण की अवश्यकता है। तो प्रशिक्षण दिया जायेगा मुर्गी की कीमत लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसे बेचने पर मुर्गी पलकों को अच्छी आमदनी होगी। वही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने कहा की प्रति लाभुकों को 500 मुर्गी की चूजा, 7 बोरा चारा, दवा और लाइट बती निःशुल्क दिया जा रहा है। तथा मुर्गी पालक लाभको को निर्देश देते हुए कहा गया कि शेड को साफ सुथरा स्थान पर बनायें और पानी की व्यवस्था रखें। बंसरी, बूटी, झखरा, मेतगढ़ा गांव के किसानो के बीच चूजा वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार, अजय कुमार साहू, प्रमिला उराँव, विश्राम कुजूर, विनीता पन्ना उपस्थित थे।

# समाज, राष्ट्र के विकास श्रेष्ठ व्यक्तित्व से ही संभव है : अर्जुन आर्य

**➲आर्यवीर दल का सात दिवसीय आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर का दूसरा दिन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में सात दिवसीय आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षक गोपी आर्य, देव प्रकाश आर्य के नेतृत्व में सर्वांग सुंदर व्यायाम में 16 प्रकार, संगीत के साथ 12 सूर्य नमस्कार, नियुद्धम के प्रारंभिक स्तर का अभ्यास कराया गया। साथ ही साथ योग आसन जिनमें पद्मासन, हलासन, सेतुबंध आसन, ताड़ासन, ताड़ासन, पद्मासन, शवासन का अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया गया। इसके साथ इसके उपरांत वैदिक मंत्रों के साथ हवन संध्या का अनुष्ठान किया गया। बौद्धिक कक्षा के दौरान आर्य समाज के 10 नियमों की चर्चा की गई। जिसमें ईश्वर के गुण, कर्म और स्वभाव के बारे में बताया गया। बौद्धिक कक्षा के दौरान अर्जुन आर्य ने अनुशासन का पालन कर श्रेष्ठ एवं सभ्य व्यक्ति बन सकते हैं। समाज, राष्ट्र के विकास श्रेष्ठ व्यक्तित्व से ही संभव है। जो इस शिविर में आर्यवीरों को दी जा रही है। बौद्धिक कक्षा के दौरान बड़े ही उत्साह एवं आत्मीय चेतना के साथ जुड़कर प्रशिक्षुगण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजन में गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक शरचचंद्र आर्य के निर्देशन में भूषण प्रसाद, संजय चंद्र यादव, आलोक आर्य, दुर्गा प्रसाद आर्यवीर, रविंद्र दत्ता, किशन आर्य, नूतन कुमार आर्य, खुशी भारती, राजवीर चौधरी, मानसी भारती, गुप्तेश्वर गुप्ता समेत शहर के समाजसेवीजन सहयोग कर रहे हैं।

## अविराम कॉलेज में तनाव प्रबंधन कारण और निवारण विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा में तनाव प्रबंधन कारण और निवारण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन हाइब्रिड पद्धति द्वारा हुआ। दीप प्रज्वलन और विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ स्मृतिकना घोष जो इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसलर, साइकोलॉजी के क्षेत्र में चार पेटेंट है, कई पुस्तकों की लेखिका हैं उनका स्वागत प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गान के द्वारा किया गया। डॉ घोष ने अपने संबोधन में पी पी टी की सहायता से तनाव के कारण, तनाव प्रबंधन, और विद्यार्थी जीवन को कैसे तनाव रहित बनाए इस पर महावपूर्ण सुझाव दिए जिसमे योग, एकाग्रता, प्रकृति से समीपता, अपनी रुचि को समय देना, मोबाइल से दूरी, अच्छे मित्र, पुस्तको का अध्ययनादि सुझाया प्रशिक्षुओं ने अपनी उन समस्याओं को गुप्त रूप से लिख के बॉक्स में डाला जो उन्हें सर्वाधिक तनाव देती है जिनका समाधान कार्यशाला में किया गया। कार्यशाला के संरक्षक इंद्रजीत कुमार ने इस कार्यशाला को अत्यंत प्रासंगिक बताया और कहा कि तनाव से आज कोई आयु वर्ग अछूता नहीं है अतः इसका प्रबंधन करने की क्षमता होना शारीरिक मानसिक परिपक्वता अत्यावश्यक है। कार्यशाला आयोजन सचिव सह प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा कुछ रोचक क्रियाकलाप कराए गुब्बारे, कप, वाटर बोतल द्वारा कराए गए जिनसे तनाव दूर होता है एकाग्रता आती है जिसका सभी ने भरपूर लुत्फ लिया जिसमे विजेता संतोष, अजय, अनुज, शारदा, राहत, प्रियंका, तलत, अमानुल, जुगेश्वर, नेहा को फाइल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सेमिनार संयोजक पंकज कुमार भारती ने सभी का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किया और तनाव से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम का जीवंत संचालन शबनम और समीकरण द्वारा किया गया।

## उच्च विद्यालय जिंगी में शादाब आईसीटी इंसट्रकटर के पद पर चयनित, सोसाइटी ने दी बधाई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड की स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सादाब अंसारी उर्फ सोनू रजा का चयन रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू में आईसीटी इंस्ट्रक्टर के पद पर हो गया है।सोनू रजा कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी मोख्तार आलम के सबसे छोटे सुपुत्र हैं। इनके सबसे बड़े भाई मुबारक हुसैन प्राथमिक विद्यालय हुरहुरी, चान्हों के प्र. प्रधानाध्यापक तथा उनसे छोटे भाई अलीरजा अंसारी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में प्र. प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। सोनू रजा की इस सफलता पर सोसायटी के अध्यक्ष महताब आलम, महासचिव खुर्शीद अंसारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, कोषाध्यक्ष मो. नईम. सोसायटी के संस्थापक सह आजीवन संरक्षक अलीरजा अंसारी, समीद अंसारी, तबारक अंसारी, मो. जमील, नौशाद आलम, मनौव्वर अंसारी, मो. मुस्लिम, मो सज्जाद आलम, मौलाना ज्याउल हक, जसीम अंसारी, मो.सनाउल्लाह इत्यादि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का 6 दिवसीय जिला प्रवास 15 से



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा का छः दिवसीय सिमडेगा जिला प्रवास 15 मई से है। जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केंद्रीय मंत्री अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड का दौरा कर कार्यकर्ता एवं आम जनता से संवाद करेंगे। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता विभागीय सांसद प्रतिनिधि प्रखंड के सांसद प्रतिनिधियों से भी क्षेत्रवार जानकारी प्राप्त करेंगे एवं कई अन्य कार्यक्रम में भी भाग लेंगे केंद्रीय मंत्री 15 मई को आएंगे एवं 21 मई को वापस दिल्ली के लिए प्रस्थान करें। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम बनने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

## बजरंग दल पर किसी भी तरह की प्रतिबंध को बर्दाश्त नहीं करेगी विश्व हिंदू परिषद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** केन्द्र और प्रांत के निर्देशानुसार विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं मसमानो, कचमची, भीठा, कुम्हारिया,अंबेरा आदि गांवों के प्रायः सभी हनुमान मंदिर में सामुहिक हनुमान चालीसा सह हनुमान महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद्, मार्ग दर्शक मंडल के प्रांत संयोजक, स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि भले ही कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपनी क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ में अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा किया हो लेकिन आज बजरंग दल की एक साकारात्मक राष्ट्रभक्ति पर देश की संपूर्ण हिन्दू समाज को नाज है। बजरंग ने 1992 से लेकर अनेकों बार अपनी शौर्य, पराक्रम और संयम का परिचय दे चुका है। बजरंग दल ने 1992में प्रतिबंध भी झेल चुका और ऐसे प्रतिबंधों को झेलना आता है चूंकि बजरंग दल के साथ कुछ अपवादों को छोड़कर 90त्न हिन्दू समाज खड़ा है। आज की तारीख में हिन्दू समाज का प्रत्येक नवजवान अपने आप को बजरंगी होने में गर्व महसूस करता है। बजरंग पर प्रतिबंध लगाना दुर्भाग्य पूर्ण है।

## सूचना का अधिकार आरटीआई कानून की उड़ रही धज्जियां

**➲कुडू पंडरा ग्राम में 2019-20 निर्मित श्मशानघाट जाने वाली सड़क निर्माण की मांगी गई थी जानकारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय संसद ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और सरकारी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए साल 2005 में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून बनाया था। इस कानून के तहत भारत का कोई भी नागरिक सरकार के किसी भी विभाग की जानकारी हासिल कर सकता है। लेकिन लोहरदगा जिले के कई विभाग और संस्थान द्वारा सूचना अधिकार (आरटीआई) कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्हीं में से जिला परिषद के जिला अभियंता का कार्यालय के साथ-साथ उपविकास आयुक्त सह जन सूचना अपीलीय पदाधिकारी का कार्यालय भी अछूता नहीं है। उल्लेखनीय है कि 10.09.2022 को कुडू प्रखंड के पंडरा ग्राम निवासी लाल मनोज कुमार द्वारा जिला परिषद के जिला अभियंता को 10 रूपए के पोस्टल ऑर्डर के साथ सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत वर्ष 2019-20 में विधायक मद से कुडू प्रखंड के पंडरा ग्राम में निर्मित श्मशानघाट जाने वाली सड़क की जानकारी आवेदन देकर मांगी गई थी। आवेदन में उन्होंने कार्य का मूल्यांकन की छाया प्रति, मास्टर रोल की छाया प्रति, सभी सामग्री की भावचर छाया प्रति, प्राकलन की छाया प्रति और भुगतान की तिथि एवं चेक स्लिप की छाया प्रति मांगी थी।

## प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस को लेकर बैठक संपन्न बीडीओ ने दिए कई निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सरकार के निर्देश पर अपूर्ण व लंबित प्रधानमंत्री आवास योजनाओ को आगामी 30 जून तक पूर्ण कराने के लिए 11 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का किया जाएगा । जिसकी सफलता को लेकर कुडू प्रखंड मुख्यालय के सभगार में बुधवार को बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में पंचायत के सभी कर्मियों के साथ विशेष बैठक किया गया। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान की तैयारी पूरी कर ली गयी है और इसके लिए अधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी पंचायतों का दौरा कर अपूर्ण आवासों का औचक निरीक्षण करेंगे, और संबंधित लाभुकों को प्रत्येक गुरुवार को आमंत्रित कर आवास निर्माण के लिए उत्साहित किया जाएगा। साथ ही आवास निर्माण में लाभुकों का जो भी समस्या होगा उसका समाधान किया जाएगा।

## सरना मसना स्थल घेराबंदी के क्रियान्वयन को लेकर लाभुक समिति का हुआ गठन



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत सलगी के ग्राम सलगी नवाडीह,रोचों हुटु टोली एवं रोचों बरवा टोली में सरना मसना स्थल घेराबंदी के क्रियान्वयन के लिए लाभुक समिति के गठन एवं लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक आईज़्टीज़्डीज़्एज़्लोज़ का पत्रांक 106/ आईज़्टीज़्डीज़्एज़्लोज़ दिनांक 24/4/2023 एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू का कार्यालय आदेश ज्ञापांक 478/ दिनांक 28/04/2023 के आलोक में प्राप्त निर्देश के अनुसार ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में योजना स्थल पर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस योजना का क्रियान्वयन परियोजना निदेशक आईटीडीए लोहरदगा के कार्यालय के द्वारा कराया जाएगा। ग्रामसभा के माध्यम से लाभूक समिति का गठन किया गया ।ग्राम सभा के द्वारा सर्वसम्मति से लाभुक समिति के 7 सदस्यों का चयन किया गया ।इसके पश्चात ग्राम सभा के द्वारा गठित लाभुक समिति के सदस्य आपस में योजना के क्रियान्वयन हेतु एक अध्यक्ष एवं सचिव का चयन किया ।चयनित लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को ग्राम सभा के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया। इस ग्राम सभा में कुडू प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर, सलगी पंचायत की मुखिया सुमित्रा कुमारी, स्वयं सेवक बीरेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राजेंद्र बहादुर पाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत व मेगा विधिक सशक्तिकरण को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में 10/05/2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत और मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के आयोजन को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त-सह-डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलको डालसा सचिव राजेश कुमार व निंबधक राज कल्याण उपस्थित थे। वहीं 13 मई 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत और 27 मई 2023 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पीडीजे -सह- डालसा अध्यक्ष ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रिलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया जाय। जबकि न्यायालय स्तर पर सिविल प्रकृत्ति के सभी मामले, बिजली, सुलहनीय अपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन अधिनियम के मामले, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ-साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा। ऐसे 573 मामलों को चिन्हित किया गया है जिसका निष्पादन न्यायालय स्तर पर किया जाएगा। मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सरकारी योजनाओं से लाभ कैसे मिले इस बात का भी मंथन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त -सह-डालसा उपाध्यक्ष ने कहा कि दिनांक 27 मई को सभी प्रखंडों में 11 बजे से 03 बजे तक मेगा विधिक सशक्तिकरण का आयोजन किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इसका लाभ ले सकें। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं को देखते हुए स्थाई लोक अदालत से इसका हल निकालने पर बल दिया गया। बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार ने विभागीय स्तर पर कुछ समस्याओं को रखा जिसका निराकरण किया गया।

## जन समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के दुमकी पंचायत में झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया। इधर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री का ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्रामीणों का स्वागत के बाद उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा आपके द्वारा बुलाए जाने के बाद मैं यहां पर पहुंचा हूं और आप लोगों का अभिनंदन से मैं काफी गर्व महसूस कर रहा हूं ।15 सालों के लंबे अंतराल के बाद आपका बेटा आपके क्षेत्र में आपकी जन समस्याओं को दूर करने के लाया है। झारखंड पार्टी का शुरू से ही लग रहा है कि क्षेत्र की जन समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता है। मेरे मंत्री रहते हुए कार्यकाल में इस क्षेत्र में सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया लेकिन राजनीति षड्यंत्र के तहत मुझे जेल भेजने का कार्य किया गया और न्यायालय ने मुझे अब आप लोगों के बीच एक बार फिर से सेवा करने का भेजा है मैं पद में रहूं या ना रहूं लेकिन आप लोगों का सेवा हमेशा करता रहूंगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का सड़क काफी जर्जर हो चुका है आने-जाने में काफी दिक्कत हो रहा है जिस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सड़क का कायाकल्प बदल दी जाएगी ताकि यहां के लोगों को आवागमन में दिक्कत ना हो उनका क्या स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण इस प्रकार की समस्याएं हो रही है और सरकार की कार्यशैली भी जनता से छुपा हुआ नहीं है और इस प्रकार से कोई भी व्यक्ति संतुष्ट नहीं है आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी का सहयोग करते हुए आप झारखंड पार्टी के साथ खड़ा रहे आपकी समस्याओं को दूर की जाएगी। झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विभव संदेश एक्का ने कहा कि मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं किस क्षेत्र की समस्या दूर हो और अब मेरे पिता के आने से मुझे और भी हिम्मत मिला है ताकि अब दुगने उत्साह के साथ क्षेत्र की जनता का सेवा कर सकूंगा आप सभी इसी प्रकार प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें तो आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी।

## चलते चलते एक नजर

### बंगला पुस्तकालय में रविंद्र जयंती मना



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर थाना के सामने स्थित बंगला पुस्तकालय में मंगलवार की देर शाम रविंद्र जयंती मनाया गया. इस अवसर पर बंगाली समिति, बंगीय दुर्गा बाड़ी , सेसा, नृत्यांगन तथा मासूम आर्ट ग्रुप के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. मौके पर बंगीय दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने कहा की विश्वकवि कहे जाने वाले रविंद्र नाथ टैगोर भारत के अभिमान है, हमे उनपर नाज है. हर वर्ष समिति के द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, पर इस वर्ष आज ही समाज की अग्रणी महिला सह पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशिका अनुराधा मोइत्रा का निधन हो गया है, इसलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है. कवि नजरूल इस्लाम जयंती के मौके पर एकसाथ रविंद्र नजरूल जयंती मनाया जायेगा. इस अवसर पर बंगाली समिति के सह सचिव व रंगकर्मी गौतम घोष ने रंगमंच में रविंद्र नाथ टैगोर के योगदान पर प्रकाश डाला. सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने भारतीय साहित्य में रविंद्रनाथ टैगोर के अमिट छाप पर चर्चा किया. नृत्यांगन संस्था की नृत्य निर्देशिका तमन्ना मल्लिक ने रविंद्र नाथ टैगोर के नृत्य नाटिका के स्वरूप व उनके नृत्य के प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. मासूम आर्ट ग्रुप के ओर से उपाध्यक्ष अमर कुमार भांजा व सदस्य आकर्ष प्रताप ने श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस अवसर पर सौभिक दत्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, शैबाल बोराल आदि ने भी विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया.

### झारखंड पुलिस साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए 12 मई से लेगी ट्रेनिंग

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड पुलिस को साइबर क्राइम की रोकथाम और अनुसंधान सहित अन्य विषयों पर विशेषज्ञ ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए सीआईडी मुख्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। ट्रेनिंग 12 से 16 मई तक होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में दी जायेगी। ट्रेनिंग देने के लिए गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत आईफोरसी के अधिकारी के अलावा दूसरे राज्य के आईपीएस अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। ट्रेनिंग के लिए सीआईडी मुख्यालय ने जिलों से अफसरों के संबंध में ब्योरा मांगा है। ऑनलाइन ट्रेनिंग से संबंधित लिंक मोबाइल पर राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

### मुख्यमंत्री ने झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# रिनपास के 76 एकड़ जमीन पर बनेगा झारखंड मेडिको सिटी : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मेडिको सिटी,रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की । इस मौके पर उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी का स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाए, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें।




**कॉमन यूटिलिटी सर्विस तैयार करने में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस- बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाए, ताकि देश - दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल हब के रूप में रख सकें।

**सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सर्विस की व्यवस्था हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है । ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें। ताकि, मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके।

**प्रोफेशनल्स की सेवा लें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जताई है । यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलने वाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान होने वाले अस्पताल बेहतर तरीके से संचालित हों। यहां के मरीजों को उसका बेहतर लाभ मिले, इसके लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लेने की जरूरत है।

इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, प्रधान सचिव श्री अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, सचिव श्री अमिताभ कौशल, सचिव श्री जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर श्री भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय , निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं श्री वीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

#### कुछ ऐसा होगा प्रस्तावित झारखंड मेडिको सिटी

- रिनपास रांची कि लगभग 76. 34 एकड़ जमीन में झारखंड मेडिको सिटी विकसित किया जाएगा।
- पीपीपी मोड पर स्थापित होने वाले मेडिको सिटी में लगभग 4 हजार से 5 हजार करोड़ रुपए का निजी निवेश होगा।
- झारखंड मेडिको सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाए जाएंगे।
- यहां स्थापित होने वाले सभी अस्पतालों में लगभग 5000 बेड की व्यवस्था होगी।
- झारखंड मेडिको सिटी में 7500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और 22,500 से अधिक लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
- झारखंड मेडिको सिटी के विभिन्न अस्पतालों में 1100 सौ से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक और 6500 पारा मेडिकल स्टाफ होंगे ।
- यहां से प्रतिवर्ष लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व सरकार को मिलेगा।
- मेडिको सिटी में पहले चरण में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंस, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, ओपेथोमोलोजी, पल्मनोलॉजी, मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी से संबंधित मल्टी स्पेशलिटी सर्विस उपलब्ध होगी।
- यहां इमरजेंसी में मरीजों को एयर लिफ्ट करने के लिए हेलीपैड की भी व्यवस्था होगी।
- मेडिकल मॉल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, फिजिकल थेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन, होटल और सर्विस अपार्टमेंट की भी सुविधा झारखंड मेडिको सिटी में मिलेगी।

## समायोजन करे सरकार : मिथिलेश उपाध्याय

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर:** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार अपने वादे के अनुसार समायोजन करे, वरना हम टेट पास पारा शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि गुपचुप तरीके से आचार्य नियुक्ति नियमावली लाई गई है, जो किसी भी रूप में उचित और सही प्रतीत नहीं होता है। चाहे कोई भी विभाग हो। वेतनमान और ग्रेड पे बढ़ाए जाते हैं। पर ना जाने शिक्षा विभाग में ऐसा क्या हो गया की वेतनमान घटाने की नौबत आ गई। हम लोग पहले भी आचार्य नियुक्ति नियमावली जला चुके हैं। और अगर सरकार जल्द से जल्द वापस नहीं लेती है तो हम आर पार की लड़ाई के लिए कमर कसकर रांची की धरती पर एक ऐतिहासिक आंदोलन करेंगे। श्री उपाध्याय ने कहा की सरकार विभिन्न विभागों में छठा वेतनमान सातवां वेतनमान दे रही है और जो 20 साल तक शिक्षा की अलख जगाते रहे उनकी व्यवस्था अच्छा करने के बजाए सरकार ग्रेड पे और वेतनमान घटा रही है सरकार को एक बार सोचना चाहिए कि अगर प्राथमिक शिक्षा किसी भी सरकार के लिए आवश्यक होता है।

## पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह और उनके भाई दीनानाथ सिंह बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बिहार के महाराजगंज से चार बार सांसद रह चुके प्रभुनाथ सिंह और उनके भाई दीनानाथ सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स रेफर किया गया है। रिम्स मेडिकल बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बुधवार को कहा कि एम्स रेफर करने की सूचना जेल प्रशासन को दे दी गई है। अब जेल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था करते हुए उन्हें बाहर ले जाया जाएगा। दोनों का इलाज रिम्स में चल रहा था। प्रभुनाथ सिंह की दोनों आंख में मोतियाबिंद है। यहां उनके दाहिने आंख का ऑपरेशन किया गया था। जबकि बाएं आंख के ऑपरेशन की तैयारी में चिकित्सक थे। उनके भाई दीनानाथ सिंह कैंसर से पीड़ति हैं। उनका इलाज रिम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग के चिकित्सक कर रहे थे। इसी बीच रिम्स मेडिकल बोर्ड की टीम ने उच्चतर इलाज के लिए दोनों को एम्स रेफर कर दिया है।

